

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

दैनिक हिन्दी समाचार · समाज जागरण · RNI NO. UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, पंजाब बिहार, मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 245 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 14 जून 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## G7 में मोदी-ट्रंप की अहम मुलाकात आज

### व्यापार, तेल, वीजा और रक्षा सहयोग पर होगी बड़ी बातचीत



नई दिल्ली/एवियन (फ्रांस)। फ्रांस के एवियन नगर में आयोजित होने जा रहे 52वें जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत और अमेरिका के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होने जा रही है। व्हाइट हाउस द्वारा पुष्टि किए जाने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शिखर सम्मेलन के दौरान आमने-सामने वार्ता करेंगे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस बैठक को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि दोनों देशों के बीच व्यापार, ऊर्जा, निवेश, रक्षा सहयोग, प्रौद्योगिकी और वैश्विक रणनीतिक मुद्दों पर व्यापक चर्चा होने की संभावना है। माना जा रहा है कि यह मुलाकात भारत-अमेरिका संबंधों को नई दिशा देने का कार्य कर सकती है।

सूत्रों के अनुसार वार्ता के दौरान भारत-अमेरिका व्यापार समझौते, आयात-निर्यात शुल्क, निवेश को बढ़ावा देने, आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने तथा भारतीय पेशेवरों से जुड़े वीजा संबंधी विषयों पर चर्चा हो सकती है। इसके अतिरिक्त कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति, ऊर्जा सुरक्षा तथा स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग भी एजेंडे में शामिल रहने की संभावना है।

दोनों नेताओं के बीच रक्षा सहयोग, हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा, आतंकवाद के विरुद्ध साझा रणनीति तथा वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों पर भी विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में यह बैठक सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि जी-7 सम्मेलन के अवसर पर होने वाली यह मुलाकात दोनों देशों के आर्थिक, सामरिक और कूटनीतिक संबंधों को और अधिक मजबूत करने में सहायक सिद्ध हो सकती है।

# दिल्ली में बिजली उपभोक्ताओं को झटका: 500 यूनिट से अधिक खपत पर बढ़ेगा बिजली बिल

समाज जागरण

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के बिजली उपभोक्ताओं को जून माह में महंगी बिजली का सामना करना पड़ सकता है। दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) ने राजधानी की तीनों विद्युत वितरण कंपनियों को अप्रैल 2026 के लिए विद्युत क्रय समायोजन प्रभार (पीपीएसी) वसूलने की अनुमति प्रदान कर दी है। इसके परिणामस्वरूप 500 यूनिट से अधिक बिजली की खपत करने वाले उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में वृद्धि होने की संभावना है।



### अब हर माह होगी पीपीएसी की समीक्षा

डीईआरसी के नए आदेश के अनुसार अब पीपीएसी की समीक्षा एवं वसूली त्रैमासिक (तीन माह) के स्थान पर प्रतिमाह की जाएगी। आयोग का कहना है कि विद्युत उत्पादन कंपनियों से बिजली खरीदने की लागत में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसका कुछ भार वितरण कंपनियों के माध्यम से उपभोक्ताओं पर डाला जा रहा है।

### वितरण कंपनियों को मिली अनुमति

**आयोग ने दिल्ली की तीनों वितरण कंपनियों को निम्नानुसार पीपीएसी लागू करने की अनुमति दी है—**

- बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) - 17.94 प्रतिशत
- बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (बीवाईपीएल)- 17.43 प्रतिशत
- टाटा पावर दिल्ली वितरण लिमिटेड (टीपीडीडीएल) -16 प्रतिशत

**हालांकि आयोग ने कंपनियों द्वारा प्रस्तावित दरों की तुलना में कम दरों को स्वीकृति प्रदान की है।**

### सब्सिडी प्राप्त उपभोक्ताओं को राहत

दिल्ली सरकार की विद्युत सब्सिडी योजना का लाभ प्राप्त करने वाले अधिकांश उपभोक्ताओं पर इस निर्णय का सीधा प्रभाव नहीं पड़ेगा। 200 से 400 यूनिट तथा 500 यूनिट तक बिजली की खपत करने वाले पात्र उपभोक्ताओं के बिलों में अतिरिक्त भार नहीं आएगा, क्योंकि सब्सिडी की गणना खपत की गई इकाइयों के आधार पर की जाती है, न कि कुल बिल राशि के आधार पर।

500 यूनिट से अधिक बिजली की खपत करने वाले तथा सब्सिडी के दायरे से बाहर आने वाले उपभोक्ताओं को अप्रैल माह के बिल में 7 से 18 प्रतिशत तक अतिरिक्त अधिभार (सरचार्ज) का भुगतान करना पड़ सकता है। ऐसे उपभोक्ताओं के जून माह के बिजली बिल पहले की अपेक्षा अधिक आने की संभावना है।

### प्रमुख बिंदु

- दिल्ली में बिजली बिलों में वृद्धि के संकेत
- 500 यूनिट से अधिक खपत करने वाले उपभोक्ता होंगे प्रभावित
- विद्युत क्रय समायोजन प्रभार (पीपीएसी) की मासिक वसूली लागू
- सब्सिडी प्राप्त उपभोक्ताओं को राहत
- जून माह के बिलों में अतिरिक्त शुल्क दिखाई दे सकता है

### नया 'नियम-एफ' भी लागू

डीईआरसी ने नया 'नियम-एफ' भी लागू किया है। इसके अंतर्गत यदि किसी माह की कोई राशि पूर्ण रूप से समायोजित नहीं हो पाती है, तो उसे आगामी महीनों में चरणबद्ध तरीके से वसूला जा सकेगा।

आयोग का मानना है कि इससे वितरण कंपनियों को विद्युत उत्पादकों को समय पर भुगतान करने में सुविधा होगी तथा ब्याज संबंधी अतिरिक्त वित्तीय भार में कमी आएगी।

## इस 'अफसर बिटिया' को सलाम! सेना, नौसेना और वायुसेना तीनों में चयनित हुई निधि अग्रवाल

हैदराबाद। देश की बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। इसी कड़ी में एक और प्रेरणादायक उपलब्धि सामने आई है। हैदराबाद स्थित वायुसेना अकादमी में आयोजित संयुक्त स्नातक परेड (कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड) के दौरान निधि अग्रवाल ने ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया, जिसने पूरे देश का गौरव बढ़ा दिया।

निधि अग्रवाल का चयन भारतीय सशस्त्र बलों की तीनों प्रमुख शाखाओं–थल सेना, नौसेना और वायुसेना–में हुआ है। यह उपलब्धि अत्यंत दुर्लभ मानी जाती है और उनकी असाधारण प्रतिभा, दृढ़ संकल्प तथा कठोर परिश्रम का प्रमाण है।

**निधि अग्रवाल ने चयन प्रक्रिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए—** भारतीय थल सेना में अखिल भारतीय रैंक 28, भारतीय नौसेना में अखिल भारतीय रैंक 9, भारतीय वायुसेना में अखिल भारतीय रैंक 6 प्राप्त की है।

तीनों सेवाओं की मेरिट सूची में शीर्ष स्थानों पर जगह बनाकर उन्होंने यह साबित कर दिया कि लक्ष्य के प्रति समर्पण और निरंतर प्रयास से कोई भी उपलब्धि हासिल की जा सकती है।

## गिल की चूक से रनआउट हुए रोहित, मैदान पर दिखी नाराजगी

### 16 हजार रन पूरे करने का जश्न फीका, तालमेल की कमी ने खड़े किए सवाल

समाज जागरण

धर्मशाला। धर्मशाला क्रिकेट मैदान पर एक ऐसा दृश्य देखने को मिला



जिसने भारतीय क्रिकेट प्रेमियों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। एक ओर कप्तान रोहित शर्मा ने बतौर सलामी बल्लेबाज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 16 हजार रन पूरे कर नया कीर्तिमान स्थापित किया, वहीं दूसरी ओर युवा बल्लेबाज शुभमन गिल की एक बड़ी चूक ने इस उपलब्धि के उत्साह को फीका कर दिया।

पारी के दौरान दोनों बल्लेबाजों के बीच रन लेने को लेकर तालमेल की कमी साफ दिखाई दी। एक आसान रन लेने के प्रयास में शुभमन गिल गेंद पर नजरें टिकाए रहे, जबकि दूसरी ओर रोहित शर्मा रन पूरा करने के लिए काफी आगे निकल चुके थे। गिल की देर से प्रतिक्रिया और भ्रम की स्थिति के कारण रोहित शर्मा को बीच पिच में ही रुकना पड़ा और अंततः उन्हें रनआउट होकर पवेलियन लौटना पड़ा।

# भारतीय सेना को मिला नया नेतृत्व: लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ होंगे अगले थल सेनाध्यक्ष

समाज जागरण

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने भारतीय सेना के वर्तमान उप सेनाध्यक्ष (वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ) लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ को भारतीय सेना का अगला थल सेनाध्यक्ष (चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ) नियुक्त किया है। वह जून माह के अंत में सेवानिवृत्त हो रहे वर्तमान सेना प्रमुख उपेन्द्र द्विवेदी का स्थान ग्रहण करेंगे।

लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ का कार्यकाल अगस्त 2028 तक रहने की संभावना है। उनका कार्यभार ऐसे समय में शुरू होगा, जब भारतीय सेना आधुनिकीकरण, एकीकृत थिएटर कमांड व्यवस्था तथा चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर परिचालन तैयारियों को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

### चार दशकों का गौरवशाली सैन्य अनुभव

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) से शिक्षित लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ दिसंबर 1986 में आर्मर्ड कोर में नियुक्त हुए थे। लगभग 40 वर्षों की सैन्य सेवा के दौरान उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण परिचालन, रणनीतिक और प्रशासनिक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। वह वर्ष 1997 में शंकर रॉय चौधरी के बाद कॉम्बैट शाखा से सेना की सर्वोच्च कमान संभालने वाले पहले अधिकारी होंगे।

### सीमाओं से लेकर रणनीतिक नेतृत्व तक

अपने सैन्य जीवन में उन्होंने रेगिस्तानी क्षेत्रों में आर्मर्ड रेजिमेंट, पश्चिमी मोर्चे पर आर्मर्ड ब्रिगेड तथा जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद-रोधी बलों का नेतृत्व किया। लेफ्टिनेंट जनरल के रूप में उन्होंने भारतीय सेना के प्रमुख स्ट्राइक फॉर्मेशन सुदर्शन चक्र कोर की कमान भी संभाली।

इसके अतिरिक्त उन्होंने दिल्ली क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में राजधानी में सैन्य गतिविधियों, औपचारिक समारोहों तथा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के समन्वय की जिम्मेदारी निभाई।

### दो सैन्य कमानों का नेतृत्व करने वाले चुनिंदा अधिकारियों में शामिल

आर्मी कमांडर के पद पर पदोन्नति के बाद उन्होंने दक्षिण-पश्चिमी कमान तथा दक्षिणी कमान दोनों का नेतृत्व किया। वह उन चुनिंदा वरिष्ठ अधिकारियों में शामिल हैं, जिन्हें दो महत्वपूर्ण परिचालन सैन्य कमानों का नेतृत्व करने का अवसर मिला। इन दायित्वों के दौरान उन्होंने देश के महत्वपूर्ण सैन्य क्षेत्रों में रणनीतिक योजना, परिचालन तैयारियों और सुरक्षा प्रबंधन को नई दिशा प्रदान की।



### सेना के आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान

मैदानी कमान के अतिरिक्त लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने सेना मुख्यालय में रणनीतिक योजना, क्षमता विकास और बल पुनर्गठन से जुड़े कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। उन्होंने भारतीय सेना के आधुनिकीकरण, युद्धक क्षमता विस्तार और भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप सैन्य ढांचे को विकसित करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

उभरती तकनीकों और आधुनिक युद्ध की आवश्यकताओं के अनुरूप सेना की क्षमताओं को विकसित करने में उनका योगदान विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है।

### राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सैन्य शिक्षा का अनुभव

लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने 'हायर कमांड कोर्स' और 'नेशनल डिफेंस कॉलेज' जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से उच्च सैन्य शिक्षा प्राप्त की है। इसके अतिरिक्त उन्होंने फ्रांस की राजधानी पेरिस में प्रतिष्ठित 'कमांड एंड स्टाफ कोर्स' भी पूरा किया है, जो उनकी व्यापक रणनीतिक दृष्टि और वैश्विक सैन्य समझ को दशार्ता है।

### प्रमुख बिंदु

- लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ होंगे भारतीय सेना के अगले थल सेनाध्यक्ष
- वर्तमान सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी का लेंगे स्थान
- अगस्त 2028 तक रह सकता है कार्यकाल
- लगभग 40 वर्षों का सैन्य अनुभव
- सेना के आधुनिकीकरण और क्षमता विकास में अहम योगदान
- परम विशिष्ट सेवा पदक सहित कई सैन्य सम्मान प्राप्त

### कई सम्मान और पुरस्कारों से सम्मानित

राष्ट्रीय सुरक्षा और सैन्य सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ को परम विशिष्ट सेवा पदक सहित कई प्रतिष्ठित सैन्य अलंकरणों से सम्मानित किया जा चुका है।

भारतीय सेना के नए प्रमुख के रूप में उनसे सेना को तकनीकी रूप से अधिक सक्षम, आधुनिक और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों के लिए तैयार बनाने की अपेक्षा की जा रही है।






**इंडियन ओशन डायपोल बन सकता है राहत की बड़ी वजह, किसानों और आम लोगों के लिए उम्मीद की किरण**

# अल नीनो का असर पड़ेगा या नहीं ?

## हिंद महासागर का 'रक्षक' बचा सकता है भारत का मानसून

नई दिल्ली। प्रशांत महासागर में सक्रिय हुए अल नीनो ने एक बार फिर भारत में कमजोर मानसून, कम वर्षा और भीषण गर्मी की आशंकाओं को बढ़ा दिया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, इस बार अल नीनो का प्रभाव अपेक्षाकृत अधिक मजबूत हो सकता है, जिसके चलते कृषि, जल संसाधन और जनजीवन पर व्यापक असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

भारत जैसे कृषि प्रधान देश में मानसून का विशेष महत्व है। देश की बड़ी आबादी खेती और उससे जुड़े कार्यों पर निर्भर है। ऐसे में अल नीनो की सक्रियता को लेकर चिंताएं स्वाभाविक हैं। हालांकि मौसम विज्ञानियों ने इस बीच एक सकारात्मक संकेत भी दिया है, जो देश के लिए राहत का कारण बन सकता है।



### क्या है इंडियन ओशन डायपोल?

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार हिंद महासागर में इंडियन ओशन डायपोल (आईओडी) नामक समुद्री प्रणाली सक्रिय होने के संकेत मिल रहे हैं। यह एक ऐसी प्राकृतिक जलवायु घटना है, जो कई बार अल नीनो के नकारात्मक प्रभाव को संतुलित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

आईओडी के सकारात्मक चरण में हिंद महासागर के पश्चिमी हिस्से का समुद्री जल पूर्वी हिस्से की तुलना में अधिक गर्म हो जाता है। इसके परिणामस्वरूप भारत की ओर नमी युक्त हवाओं का प्रवाह बढ़ता है और मानसूनी वर्षा को बल मिलता है।

## भारत की अध्यक्षता में जारी हुआ 'ब्रिक्स इंदौर घोषणा-पत्र'




इंदौर। भारत की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश के इंदौर में आयोजित ब्रिक्स देशों की कृषि मंत्रिस्तरीय एवं अधिकारी स्तरीय बैठकों का समापन सर्वसम्मति से पारित 'ब्रिक्स इंदौर घोषणा-पत्र' के साथ हुआ। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि वैश्विक संकटों और बढ़ती अनिश्चितताओं के बीच यह घोषणा-पत्र खाद्य सुरक्षा, किसान कल्याण, जलवायु-अनुकूल कृषि, कृषि व्यापार तथा डिजिटल कृषि के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को नई दिशा प्रदान करेगा।

# जसपाल राणा - अभी तो बहुत काम बाकी था

**मृत्युंजय दीक्षित**

भारतीय निशानेबाजी के महारथी और कोच जसपाल राणा के असामयिक निधन से सभी ओर शोक व्याप्त है। मात्र 49 वर्ष में चले जाना निश्चय ही ह्रदय विदारक है। देश के लिए अपूरणीय क्षति है। जसपाल निशानेबाजी के ऐसे पुरोधा थे जिन्होंने कॉमनवेल्थ खेलों में 15 पदक जीतकर भारत का मान बढ़ाया, स्वयं एशियाई खेलों और ओलपिंक में देश का प्रतिनिधित्व करने के बाद नई पीढ़ी को तैयार करने में जुट गए। इस समय वे युवा निशानेबाज मनु भाकर के गुरु थे। जसपाल राणा को अर्जुन पुरस्कार, पद्मश्री और द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वह भारतीय खेल इतिहास के सबसे चमकदार व होनहार निशानेबाज थे। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में जन्मे जसपाल राणा को उनके पिता नारायण सिंह राणा ने बीएसएफ अधिकारी द्वारा प्रशिक्षित करवाया था।12 वर्षीय राणा ने



अहमदाबाद में 31वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप से राष्ट्रीय निशानेबाजी में पदार्पण किया था। तब किसी ने यह नहीं सोचा था कि एक दिन यह छोटा बालक इतना करिश्माई निकलेगा।

जसपाल ने आरम्भ में पिस्टल और राइफल दोनों से अभ्यास किया किंतु बाद में फेडरेशन ने एक इवेंट के लिए एक ही शूटर को चुनने का नियम लागू किया जिसके बाद उन्होंने पिस्टल शूटिंग को चुना। जसपाल 12 वर्ष की आयु तक आते आते राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने लगे थे। उन्होंने 1988 में 12 वर्ष की अवस्था में ही 31वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीत लिया था। जसपाल राणा ने कॉमनवेल्थ खेलों और एशियाई खेलों को मिलाकर कुल 23 पदक अपने नाम किए थे। जसपाल ने एशियाई खेलों में चार स्वर्ण पदक, दो रजत और दो कांस्य पदक जीते वहीं राष्ट्रमंडल खेलों में नौ स्वर्ण, चार रजत व दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। एशियाई चैंपियनशिप में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता जबकि विश्व जूनियर चैंपियनशिप में एक स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

जसपाल ने कई अंतरराष्ट्रीय स्पधाओं में अद्भुत व शानदार प्रदर्शन कर भारत का मस्तक गर्व से ऊंचा किया। 1994 मिलान विश्व शूटिंग चैंपियनशिप में उनकी जीत यादगार रही। उन्होंने यह जीत दर्द से कराहते हुए प्राप्त की थी। प्रतियोगिता से एक दिन पहले उन्हें घुटने में फोड़ा हो गया था और डाक्टरो ने उन्हें सर्जरी की सलाह देकर अस्पताल से छुट्टी देने से मनाकर दिया था किंतु उन्होंने राष्ट्रप्रथम की भावना को ध्यान में रखा और डॉक्टरों की सलाह को दरकिनार करते हुए प्रतियोगिता मे भाग लेने का निश्चय किया किंतुअस्पताल से निकलने के बाद उसी रात फोड़ा फूट गया और उनका दर्द बढ़ गया। वे अपनी जींस तक नहीं उतार पा रहे थे। ऐसे में उन्होंने जीन्स को फाड़कर ही हाफ पैंट बनाई और उसे पहनकर ही अगली सुबह प्रतियोगिता में उतरे। राणा ने असहनीय दर्द में मैच खेला और जूनियर कैटेगरी में विश्व रिकार्ड के साथ अपना पहला अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता। इसी वर्ष उन्होंने हिरोशिमा एशियाई खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता था। 1994 में हिरोशिमा एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद जसपाल को इसी वर्ष मात्र 18 वर्ष की अवस्था में अर्जुन पुरस्कार मिला।

जसपाल राणा का जीवन खेल व राष्ट्र के प्रति समर्पित रहा। वह हर बार रेंज पर उतरते समय देश का गौरव अपने साथ लेकर चलते थे। एक खिलाड़ी के रूप में तो उनका कैरियर शानदार रहा। दूसरी पारी में वह एक अच्छे प्रशिक्षक बने। उनके मार्गदर्शन में मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीते। उन्होंने सौरभ चौधरी, अनीश भानवाला और चिंकी यादव सहित कई अन्य निशानेबाजो के कैरियर को संवारने में अहम भूमिका निभाई

जसपाल राणा की उपलब्धियों ने देश को खुशी से झुमने का अवसर दिया। अगली पीढ़ी को गढ़ा। उनकी लोकप्रियता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तराखंड के लोकप्रिय गीतकार नरेंद्र सिंह नेगी ने जसपाल के नाम से वर्ष 1999 में एक गीत बनाया था। मात्र 49 वर्ष की अवस्था में जसपाल का जाना एक शून्य उत्पन्न कर गया है। अभी तो बहुत कुछ करना था जसपाल.....इतनी जल्दी क्यों की जाने की ?

**प्रेषक - मृत्युंजय दीक्षित**

# नजरें खामोश नही होती

लेखकः- जर्नलिस्ट वेद प्रकाश

नजरें खामोश नही होती,
वो बोलती नही पर कहती है।
बन्द आँखे भी सपने देखती है,
लेकिन वह खामोश नही होती।
कभी सुख तो कभी दुख आती है,
जिसका साक्षात्कार कराती है।
नजरें जीवन का दर्पण होती है,
लेकिन नजरें खामोश नही होती।
खुली नजरें हकीकत देखती है,
लेकिन वह खामोश नही होती।
नजरें रास्ता है दिलो दिमाग का,
जो बताती है दुनिया की हकीकत।
नजरो में रोशनी नही होती,
उसे रोशनी की जरूरत होती है।
प्रकाश के बिना अंधी होती है,
पर नजरें खामोश नही होती।
इशारों में कुछ कहती है नजरें,
जिसे लोग समझ नही पाते है।
जो समझते है नजरो की भाषा,
वो समझ जाते है मन की व्यथा।
नजरें ही दिखाती है प्रेम व नफरत,
लेकिन नजरें खामोश नही होती।

# सनातन आस्था का पर्व सोमवती अमावस्या और मिथुन संक्रांति

**- महेन्द्र तिवारी**



सनातन परंपरा और वैदिक ज्योतिष में ग्रहों के गोचर का गहरा महत्व है। वर्ष 2026 में एक अद्भुत और दुर्लभ ज्योतिषीय संयोग बनने जा रहा है। 15 जून 2026 को एक ही दिन में कई बड़े धार्मिक अवसर एक साथ घटित हो रहे हैं। सोमवार होने के कारण यह पवित्र सोमवती अमावस्या कहलाएगी, साथ ही यह भगवान शिव को समर्पित सोमवार व्रत का भी दिन है। सबसे बड़ा संयोग यह है कि ठीक इसी दिन भगवान सूर्य अपनी वृषभ राशि की यात्रा पूरी करके मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे जिसे मिथुन संक्रांति के रूप में मनाया जाता है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2026 में यह तिथि ज्येष्ठ अधिक मास की अमावस्या भी है। जब ऐसे अनेक अवसर 24 घंटों के भीतर एक साथ उत्पन्न होते हैं तो विशिष्ट दिन की ऊर्जा अपने चरम पर होती है। इस पावन दिन पर ब्रह्मांड की सकारात्मक शक्तियां मनुष्य को आत्मिक शांति तथा पुण्यों की प्राप्ति का अवसर प्रदान करती हैं।

भारतीय पंचांग के अनुसार 14 जून 2026 को दोपहर 12:20 बजे अमावस्या तिथि का आरंभ होगा और इसका समापन अगले दिन 15 जून 2026 को प्रातः 08:23 बजे होगा। हिंदू धर्म में उदया तिथि का विशेष महत्व होता है जिसके नियम के अनुसार सूर्योदय के समय जो तिथि आकाश में होती है उसी को मान्य माना जाता है। चूंकि 15 जून 2026 को सूर्योदय के समय अमावस्या तिथि उपस्थित रहेगी इसलिए सोमवती अमावस्या का व्रत, स्नान, दान और अनुष्ठान इसी दिन संपन्न किए जाएंगे। सोमवार के दिन अमावस्या का पड़ना बड़ा संयोग है क्योंकि चंद्रमा भगवान शिव के मस्तक पर विराजमान हैं। चंद्र देव को मानव मन का कारक माना गया है और अमावस्या के दिन चंद्रमा दिखाई नहीं देता जिसका अर्थ है कि मन के अंधकार को दूर करने के लिए यह सबसे उत्तम समय है।

सोमवती अमावस्या के दिन पितरों का स्मरण करना और तर्पण तथा श्राद्ध कर्म करना अत्यंत पुण्यकारी माना गया है। मान्यता है कि इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने से पूर्व जन्मों के पाप धुल जाते हैं और पितृ दोष से मुक्ति मिल जाती है। जो श्रद्धालु नदियों तक नहीं जा सकते वे घर में ही जल में गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं। इस पावन अवसर पर सुहागिन महिलाओं द्वारा पीपल के वृक्ष की पूजा करने का प्राचीन विधान है। पीपल के पेड़ में भगवान विष्णु, शिव और ब्रह्मा जी का वास माना जाता है। महिलाएं पति की लंबी आयु और परिवार के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए पीपल की 108 बार परिक्रमा करती हैं और उसे कच्चे सूत के धागे से बांधती हैं।

इसी विशेष दिन दोपहर 12:58 बजे सूर्य देव अपनी यात्रा के अगले चरण में मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे जिससे मिथुन संक्रांति का पावन पर्व आरंभ होगा। भगवान सूर्य का गोचर करना संक्रांति कहलाता है। मिथुन संक्रांति के साथ ही ग्रीष्म ऋतु के बाद वर्षा ऋतु के आगमन की आहट होने लगती है। प्रकृति हरा भरा रूप धारण करती है और कृषि कार्यों की शुरूआत के लिए यह समय शुभ माना जाता है। भारत के कई हिस्सों में इस समय को रजो पर्व के रूप में धूमधाम के साथ मनाया जाता है। जब सूर्य देव मिथुन राशि में प्रवेश करते हैं तो प्राणियों की बौद्धिक क्षमता में सकारात्मक वृद्धि होती है। मिथुन संक्रांति का पुण्य काल दोपहर 12:59 बजे से लेकर शाम 07:20 बजे तक रहेगा जबकि महा पुण्य काल का समय दोपहर 12:59 बजे से दोपहर 03:19 बजे तक रहेगा जो पूजा पाठ के लिए सर्वोत्तम है।

वर्ष 2026 में यह अमावस्या ज्येष्ठ अधिक मास में पड़ रही है जो इस दिन के महत्व को बहुत बढ़ा देती है। अधिक मास को पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है और यह भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय है। तीन वर्षों में एक बार आने वाले इस मास के कारण दिन की पवित्रता सघन हो जाती है। एक ही दिन में भगवान शिव, सूर्य और श्री हरि विष्णु की आराधना का एकत्रित होना अद्भुत आध्यात्मिक संगम है। मान्यता है कि अधिक मास में किए गए किसी धार्मिक कार्य का फल लाखों गुना अधिक मिलता है। इसलिए इस दुर्लभ अवसर पर श्रीमद्भागवत गीता का पाठ करना, विष्णु सहस्त्रनाम का जाप करना और सत्यनारायण भगवान की कथा सुनना असीम शांति का मार्ग प्रशस्त करता है।

इस महा संयोग के दौरान दान का महत्व पुराणों में अनंत बताया गया है। 15 जून 2026 का दिन शिव और शक्ति, सूर्य और चंद्र तथा जल और अग्नि तत्वों के बीच सामंजस्य का दिन है। इस दिन प्यासों को जल पिलाना, छाता देना, सूती वस्त्र, अन्न, जूते चप्पल और फलों का दान करना कल्याणकारी माना जाता है। इस दिन के शुभ मुहूर्तों की बात करें तो ब्रह्म मुहूर्त प्रातः 04:03 बजे से 04:43 बजे तक रहेगा। इस शांत समय में ध्यान लगाना और महामृत्युंजय मंत्र का जाप करना बड़े कष्टों को दूर कर सकता है। इसके अलावा अभिजित मुहूर्त सुबह 11:54 बजे से दोपहर 12:50 बजे तक रहेगा जो किसी भी शुभ संकल्प के लिए सर्वश्रेष्ठ समय है। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है जो सफलता दिलाने वाला माना गया है।

इस दिन प्रत्येक व्यक्ति को सात्विक भोजन ग्रहण करना चाहिए और व्यसनों से दूर रहना चाहिए। किसी पर क्रोध न करना और वाणी में मधुरता बनाए रखना आवश्यक है। मौन का पालन करना और भीतर के विचारों को देखना सच्ची तपस्या है। यह दिन केवल कर्मकांडों तक सीमित रहने का नहीं है बल्कि यह अज्ञान के अंधकार को मिटाकर सूर्य के समान चमकने का आमंत्रण है। प्रकृति माता, पूर्वजों और परमात्मा का आशीर्वाद प्राप्त करने का यह अवसर कई वर्षों बाद प्राप्त होता है। पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ इस दिन का स्वागत करना चाहिए।

(जल्दबाजी मानसिक विकार)

# विनम्रता,सहजता और संकल्प बड़ी सफलता के मार्ग



मनुष्य सदैव प्रयास करता है कि उसे लक्ष्य और सफलता जल्द से जल्द प्राप्त हो पर वस्तुतः ऐसा होता नहीं है, स्थाई सफलता के लिए कठोर श्रम, संकल्प, सहजता और विनम्रता सच्चे सन्मार्ग हैं। जल्दी का काम शैतान का होता है ऐसा कहावतें कहती है, लक्ष्य प्राप्ति के लिए जीवन में निरंतर श्रम सहजता सरलता और संघर्ष के साथ संयम का बड़ा योगदान होता है। प्रत्येक व्यक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है वह जीवन के हर सोपान में अपने आप को उत्तम स्थिति में रखना चाहता है। किंतु जीवन की सफलता मनुष्य के संघर्ष और उसके आचरण में अंतर्निहित विनम्रता पर भी निर्भर करती हैं। मनुष्य यदि सब कुछ प्राप्त करके भी वह विनम्र नहीं है तो उसका जीवन अधूरा है। रावण बहुत बड़ा विद्वान और शास्त्रों का ज्ञाता था किंतु उसके जीवन में और उसके आचरण में विनम्रता ना होकर दंभ और अहंकार समाविष्ट था, अतः वह अपने अहम और विनम्रता विहीन जीवन के कारण प्रभु श्री राम के हाथों मारा गया। विनम्रता मनुष्य का वह गुण है जो मनुष्य के निजी जीवन में समाजीकरण की प्रक्रिया में उसके द्वारा आत्मसात किया जाता है। मनुष्य मूलतः अहंकारी, स्वार्थी, लालची तथा पद प्राप्त करने वाला लोभी रूप होता है। किंतु धीरे-धीरे वह सामाजिक परिवेश में अपने आसपास के ज्ञानी ,साधु एवं सच्चे सद्गुणी नागरिकों के संपर्क में आकर अपने लोभ तथा लालच की अहंकारी गतिविधियों में सुधार लाकर सहिष्णु, सौहार्द, करुणा, सहयोग आदि गुणों को अपने में समाहित कर विनम्रता के सद्गुण को ग्रहण कर लेता है। विनम्रता सही मायने में सामाजिक अच्छाई की परिणति है। सद्गुण और विनम्रता महान लोगों के द्वारा ग्रहण किया हुआ वह अलंकार है जो उसे लोक तथा परलोक में सर्वमान्य रूप से स्थापित करता है। छोटा और तुच्छ व्यक्ति अपनी छोटी-छोटी गतिविधियों में रहकर अपने आप को सर्वशक्तिमान एवं सर्व ज्ञानी समझ-ाकर कुएं के मेंढक की तरह अधजल गगरी छलकत जावे की कहावत को सिद्ध करता है। महान तथा ज्ञानी व्यक्ति के व्यक्तित्व में विनम्रता झलकती है वह उसे प्रदर्शित करने से परहेज करते हैं क्योंकि विनम्रता उनके संपूर्ण व्यक्तित्व में समाहित होती है। विनम्रता किसी भी सज्जन व्यक्ति की जीवन की शैली होती है। महान और विनम्र व्यक्ति की प्रशंसा करने पर भी वे उसे स्वीकार न कर किसी दूसरे व्यक्ति को इसका श्रेय देते हैं। और अज्ञानी और छोटी सोच के कारण व्यक्ति अपने मियां मिट्ठू बनने से नहीं अघाते हैं। ज्ञानी व्यक्ति अपनी उपलब्धि को समाज की बेहतरी के लिए उपयोग में लाता है, ना कि उसे केवल अपने अथवा अपने करीबी या परिवार के लिए ही सीमित नहीं रखता है। विनम्र व्यक्ति सदा ज्ञान तथा सद्गुणों की खोज में रहता है एवं उसके जीवन में नई-नई उपलब्धियां अपने आप आने लगती हैं । जिस तरह फलदार वृक्ष सदैव झुके हुए होते हैं उसी तरह विनम्र और ज्ञानी व्यक्ति भी बहुत अधिक विनम्र तथा देश समाज और राष्ट्र के प्रति निष्ठावान होता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम राष्ट्रपति के सर्वोच्च पद पर बने रहने के पश्चात भी विद्यार्थियों के साथ रहा करते थे जो उनको महानतम बनाता है और इसी महानता के लिए उन्हें भारत का सर्वोच्च भारत रत्न की उपाधि दी गई थी। ज्ञानी व्यक्ति केवल सूचनाओं का केंद्र ही नहीं होता बल्कि ज्ञान उसे विनम्र और सद्गुणी बनाता है, विनम्रता मनुष्य को उसके जीवन में अच्छे मार्ग में प्रशस्त होता है विनम्र व्यक्ति ही समाज में उचित स्थान तथा सम्मान का हकदार बनता है। विनम्रता से ही मनुष्य समाज के हर पहलू में उसका पात्र बनकर उसे ग्रहण करने का अधिकार रखता है। इसलिए विनम्र एवं ज्ञानी व्यक्ति समाज में सदैव सम्मानित एवं उच्च स्थान प्राप्त करने वाला व्यक्ति बन जाता है। विनम्र व्यक्ति में नेतृत्व गुण भी संभावित होता है क्योंकि ज्ञानी और विनय शील व्यक्ति को अपने नेतृत्व कर्ता के रूप में शहर से स्वीकार करती है। क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने विचारों को आमजन पर अधिरोपित नहीं करता बल्कि उनके विचारों को उनके सुझाओं को प्राप्त कर नए-नए समाधान भी निकलता है। महात्मा गांधी जी ने सत्य और अहिंसा को अपना साधन घोषित करते हुए स्वतंत्रता के लिए इसे अपना अस्त्र तथा शस्त्र बनाया था। सत्य और अहिंसा विनम्र व्यक्ति के दो अमोघ अस्त्र की तरह थे जो विनम्रता को और प्रभावशाली बनाते हैं। विनम्र व्यक्ति सदा संतोषी एवं परम सुखी होता है क्योंकि उसकी अपनी कोई महत्वाकांक्षा इच्छा, लोभ,जलन अथवा प्रतिस्पर्धा नहीं रहती है, वह अवगुणों से दूर रहकर अपने को परिमार्जित कर लेता है और समाज के विकास के लिए समर्पित भी रहता है। महात्मा बुद्ध के संदर्भ में कहा जाता है कि जब वे ज्ञान की खोज में देशाटन कर रहे थे तब लोगों ने उन्हें अनेक प्रकार की यातनाएं दी पर महात्मा बुध ने बिना विचलित हुए अपनी खोज में लगे रहे और उनके अथक प्रयास ,विनम्रता और ज्ञान के दम पर महापरिनिर्वाण की स्थिति को प्राप्त किया। जिस तरह शक्ति को दबाया जा सकता है किंतु समाप्त नहीं किया जा सकता उसी प्रकार विनम्रता कुछ समय के लिए कमजोर प्रतीत हो सकती है अंततः उसकी अपनी क्षमता व्यापकता और पर्वत के समान कठोर तत्वों के कारण वह हर बाधा को पार कर मनुष्य को सफलता दिलाने में सक्षम होती है इसी विनम्रता और कठोर श्रम के चलते महात्मा गांधी ने ब्रि-टश सरकार की बाधा को नेस्तनाबूद कर दिया और भारतवासियों को अपनी विनम्रता से स्वाधीनता का स्वाद चखाया। यही बात हमारी भारतीय सनातन तथा वैदिक संस्कृति पर भी लागू होती है वह हजारों वर्ष से अब तक सुरक्षित बनी हुई है। विनम्रता व्यक्ति हो या संस्कृति उसे विनम्रता स्थायित्व प्रदान करती है एवं आने वाले मार्ग की बाधाओं को समाप्त कर देती है जैसा कि अहंकार का अस्थाई तथा क्षणभंगुर होता है, किसी भी राष्ट्र संस्कृति समाज के स्थायित्व के लिए उसका विनम्र तथा सहिष्णु होना आवश्यक है । इसीलिए यह माना जाता है कि मनुष्य, समाज ,देश के लिए विनम्रता सर्वश्रेष्ठ अवदान है।

संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,

# महँगाई की आग...!

गैस, पेट्रोल, डीजल के दाम,
हर दिन लिखते नए पैगाम।
जेब हो रहीं और भी हल्की,
जीवन में छा रहीं हैं कड़की।


पहियों की रफ्तार महँगी है,
सफर की हर डगर ठहरी है।
खेतों से लेकर बाजारों तक,
वस्तु का मूल्य असहनीय है।

यूं मजदूर की मेहनत रोती है,
गृहिणी भी चिंता में सोती है।
अब रसोई में चूल्हा पूछ रहा,
कब राहत की कोई ज्योति है?

जब भी ईंधन के भाव बढ़ेंगे,
हरेक सामान भी महँगे होंगे।
हाँ, महंगाई के इस तूफान में
सपनों के दीपक भी डोलेंगे।

शासकों का 'धर्म' यही होता,
जनजीवन को सरल बनाना।
इन कीमतों पे संयम रखकर,
हर चेहरे को 'सुख' पहुँचाना।

हम-तुम मिलकर स्वर उठाएँ,
जनहित की यूं बात बतलाएँ।
ऐसी नीतियाँ बनें हिंदुस्तान में,
जिससे होठों पे मुस्कान पाएँ।



संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)

# बेटियों पर कीचड़ मत उछालो, बेशर्म राजनीति के बेशर्म चाटुकारों

देश बदल रहा है। राजनीति बदल रही है। भाषण बदल रहे हैं। नारों का रंग बदल रहा है। लेकिन एक चीज नहीं बदल रही—सत्ता और विपक्ष के कुछ दलालों की वह आदत, जिसमें तर्क खत्म होते ही बेटियों को निशाना बनाया जाता है।
जब किसी नेता का जवाब नहीं सूझता, तो उसकी बेटी पर टिप्पणी कर दो। जब किसी दल की नीति का बचाव न हो पाए, तो किसी महिला के चरित्र पर सवाल उठा दो। जब बहस में हारने लगो, तो सोशल मीडिया पर कीचड़ उछालना शुरू कर दो। मानो राजनीति नहीं, बल्कि सभ्यता का अंतिम संस्कार चल रहा हो।
अजीब विडंबना है। मंचों पर "नारी शक्ति" का जयघोष करने वाले लोग ही सोशल मीडिया की गुमनाम गलियों में बेटियों के खिलाफ सबसे ज्यादा जहर उगलते दिखाई देते हैं। दिन में "बेटी बचाओ" का पोस्टर लगाते हैं और रात में किसी की बेटी को अपशब्द लिखकर अपनी राजनीतिक निष्ठा का प्रमाण पत्र हासिल करते हैं।
इन चाटुकारों की भी अपनी एक अलग प्रजाति होती है। नेता चाहे कुछ भी कर दे, उन्हें उसमें राष्ट्रहित दिखाई देता है। और यदि कोई सवाल पूछ ले, तो जवाब तथ्यों से नहीं, बल्कि परिवार की महिलाओं पर हमला करके दिया जाता है। मानो लोकतंत्र की बहस का स्तर अब संसद से उतरकर गली-मोहल्ले की छींटाकशी तक पहुंच गया हो। सबसे दुखद बात यह है कि इन लोगों को यह भी एहसास नहीं होता कि जिस बेटी पर वे कीचड़ उछाल रहे हैं, वह किसी की संतान है, किसी की बहन है, किसी परिवार का सम्मान है। राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, वैचारिक संघर्ष भी हो सकता है, लेकिन बेटियों को निशाना बनाना न राजनीति है, न विचारधारा और न ही अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता। यह केवल मानसिक दिवालियापन है।

**रमन झा/समाज जागरण**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और विकास के स्वर्णिम अध्याय: बृजेश सिंह

## नोएडा में मीडिया संवाद, केंद्र सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं का किया विस्तृत उल्लेख

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 13 जून। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद गौतमबुद्धनगर के प्रभारी मंत्री एवं लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री बृजेश सिंह ने शनिवार को सेक्टर-27 स्थित क्लब हाउस में आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम में सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता गरीब, किसान, युवा और महिलाओं का सशक्तिकरण है। प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

बृजेश सिंह ने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से पारदर्शिता बढ़ी है तथा




लाखों फर्जी लाभार्थियों को हटाकर सरकारी धन की बचत की गई है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा पहले से अधिक मजबूत हुई है और भारत वैश्विक मंच पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरा है।

उन्होंने बताया कि पिछले 12 वर्षों में सड़क, रेल, हवाई, डिजिटल और स्वास्थ्य अवसंरचना के क्षेत्र में रिकॉर्ड स्तर पर कार्य हुए हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों का तेजी से विस्तार हुआ है, रेलवे का व्यापक विद्युतीकरण हुआ है तथा देशभर में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास किया गया है।

### मुख्य बिंदु

- नोएडा में आयोजित हुआ मीडिया संवाद कार्यक्रम
- प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने गिनाईं मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियां
- गरीब, किसान, महिला और युवा कल्याण पर दिया विशेष जोर
- सड़क, रेल, स्वास्थ्य और डिजिटल विकास के कार्यों का उल्लेख
- भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सरकार अग्रसर

प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर, विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने में देश की जनता की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

कार्यक्रम में सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक तेजपाल नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, मुख्य विकास अधिकारी भालचंद्र त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं विभिन्न मीडिया संस्थानों के पत्रकार उपस्थित रहे।

## ई-रजिस्ट्रीकरण व्यवस्था को लेकर भ्रम दूर, केवल प्रथम आवंटन पर ही होगा लागू: सहायक आयुक्त स्टांप

### अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों और अन्य हितधारकों के हितों पर नहीं पड़ेगा कोई प्रतिकूल प्रभाव

गौतमबुद्धनगर, 13 जून। ई-रजिस्ट्रीकरण व्यवस्था को लेकर फैल रही भ्रांतियों के बीच सहायक आयुक्त स्टांप (द्वितीय) बृजेश कुमार ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था सभी प्रकार के लेखपत्रों अथवा संपत्ति पंजीकरण पर लागू नहीं होगी। उन्होंने कहा कि ई-रजिस्ट्रीकरण केवल अनुमोदित शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्थाओं द्वारा निष्पादित प्रथम हस्तांतरण विलेखों तक ही सीमित रहेगा। उन्होंने बताया कि इस नई व्यवस्था से अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों तथा अन्य संबंधित हितधारकों के अधिकारों अथवा कार्यक्षेत्र पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। शासन की मंशा केवल पंजीकरण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल और सुगम बनाना है।

सहायक आयुक्त स्टांप ने कहा कि ई-रजिस्ट्रीकरण प्रणाली केवल उन संपत्तियों पर लागू होगी, जिनका प्रथम आवंटन किसी विकास प्राधिकरण अथवा शासन द्वारा अनुमोदित संस्था के माध्यम से किया जाएगा। सामान्य बिक्री विलेख, उपहार विलेख, बंधक, वसीयत अथवा अन्य प्रकार के दस्तावेजों पर यह व्यवस्था लागू नहीं है। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों और अन्य हितधारकों से अपील की कि वे इस संबंध में किसी प्रकार की भ्रांति न फैलाएं और सही जानकारी आमजन तक पहुंचाएं।

## मोबाइल स्नेचिंग करने वाला शातिर बदमाश गिरफ्तार

नोएडा, 13 जून। थाना फेस-1 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मोबाइल फोन चोरी एवं स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी के तीन मोबाइल फोन, नकदी तथा एक अवैध चाकू बरामद किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मुकेश पुत्र उपेंद्र शाह के रूप में हुई है। वह मूल रूप से बिहार के भागलपुर जनपद का निवासी है तथा वर्तमान में जे.जे. कॉलोनी, सेक्टर-9, थाना फेस-1 क्षेत्र में रह रहा था। उसकी आयु लगभग 22 वर्ष बताई गई है।

# जनगणना-2027: कोई भी गांव, मोहल्ला या कॉलोनी न छूटे, समस्या होने पर तुरंत दें सूचना: जिलाधिकारी

### 22 मई से 20 जून तक चल रहा मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य, कंट्रोल रूम और हेल्पलाइन नंबर जारी

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 13 जून। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा है कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत चल रहे मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य में सभी नागरिक सक्रिय सहयोग करें, ताकि जनपद का कोई भी गांव, मोहल्ला, कॉलोनी अथवा क्षेत्र जनगणना से वंचित न रह जाए।

उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणक एवं पर्यवेक्षक घर-घर जाकर मकानों का सूचीकरण एवं गणना कार्य कर रहे हैं। यह राष्ट्रीय महत्व का कार्यक्रम है, जिसके आधार पर भविष्य की विकास योजनाएं, संसाधनों का वितरण तथा विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाती है।

जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में जनगणना कार्य नहीं हुआ है, कोई परिवार सूचीकरण से छूट गया है अथवा नागरिकों को किसी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित अधिकारी या कंट्रोल रूम को दें, ताकि समय रहते समस्या का समाधान किया जा सके।

### हेल्पलाइन और कंट्रोल रूम नंबर जारी

जनगणना संबंधी शिकायतों एवं जानकारी के लिए नागरिक राष्ट्रीय जनगणना हेल्पलाइन 1855 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 0120-2978231 पर भी सूचना दी जा सकती है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं जिला जनगणना अधिकारी से 0120-2353114 पर संपर्क किया जा सकता है।

क्षेत्रवार अधिकारियों के संपर्क नंबर
ग्रेटर नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा वेस्ट : 9838234628
नोएडा क्षेत्र : 9667749532
यमुना प्राधिकरण क्षेत्र : 7982710071

तहसीलवार संपर्क

**दादरी तहसील**
उप जिलाधिकारी:0120 - 2662122,
तहसीलदार: 8449007826

**सदर तहसील**
उप जिलाधिकारी : 9412503240
तहसीलदार : 0120-4345461

**जेवर तहसील**
उप जिलाधिकारी: 9454416761
तहसीलदार : 9454416764

नगर निकाय क्षेत्रों के संपर्क नंबर
नगर पालिका परिषद दादरी : 8189077907
नगर पंचायत बिलासपुर : 8189077909
नगर पंचायत जहांगीरपुर : 8189077910
नगर पंचायत जेवर : 8189077908
नगर पंचायत दनकौर : 8189077911
नगर पंचायत रबूपुरा : 8189077912

जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना देश की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए सभी नागरिक सही जानकारी उपलब्ध कराएं तथा यदि कोई क्षेत्र छूट गया हो तो तत्काल अधिकारियों को सूचित करें।

# सागर मोटर्स के 10वें टाटा मोटर्स शोरूम का भव्य शुभारंभ

### नेक्स्ट जेन टियागो एवं टियागो ईवी का अनावरण, ग्राहकों को मिलेंगे आकर्षक लाभ

समाज जागरण

नोएडा, 13 जून। टाटा मोटर्स के अधिकृत एवं प्रतिष्ठित विक्रेता सागर मोटर्स ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित करते हुए सेक्टर-140 स्थित के. रासा सेंट्रेड में अपने 10वें टाटा मोटर्स शोरूम का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर बहुप्रतीक्षित नेक्स्ट जेन टियागो तथा नेक्स्ट जेन टियागो ईवी का भी औपचारिक अनावरण किया गया, जिसने उपस्थित ग्राहकों और वाहन प्रेमियों के बीच विशेष उत्साह का वातावरण बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्र के वरिष्ठ शिक्षाविद एवं जिला विद्यालय निरीक्षक (सेवानिवृत्त) डॉ. धर्मवीर सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में किया।

सागर मोटर्स के उपाध्यक्ष (विक्रय) वीरेंद्र खारी ने बताया कि



कंपनी का यह 10वां शोरूम आधुनिक सुविधाओं, डिजिटल ग्राहक सेवाओं, आकर्षक प्रदर्शन कक्ष तथा उच्च स्तरीय विक्रय एवं ग्राहक सहायता व्यवस्था से सुसज्जित है। इसका उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर एवं सुविधाजनक अनुभव प्रदान करना है।

सागर मोटर्स के प्रबंध निदेशक वरुण सागर ने इस अवसर पर ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टाटा मोटर्स के उत्पादों तथा सागर मोटर्स पर ग्राहकों द्वारा जताया गया विश्वास और स्नेह ही कंपनी की निरंतर प्रगति का आधार है। इसी विश्वास ने नए शोरूमों के विस्तार और बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया है।

समारोह में अनावरण की गई नेक्स्ट जेन टियागो अपने आकर्षक स्वरूप, अत्याधुनिक सुविधाओं, उन्नत सुरक्षा प्रणाली और उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण विशेष आकर्षण का केंद्र रही। वहीं नेक्स्ट जेन टियागो ईवी पर्यावरण-अनुकूल तकनीक, स्मार्ट कनेक्टिविटी सुविधाओं और कम परिचालन लागत के साथ भविष्य की स्मार्ट एवं हरित परिवहन व्यवस्था का नया विकल्प बनकर सामने आई।

**ग्राहकों के लिए विशेष लाभ**

शोरूम उद्घाटन तथा दोनों नए मॉडलों के शुभारंभ के अवसर पर कंपनी ने सीमित अवधि के लिए आकर्षक वित्तीय योजनाएं, वाहन विनिमय (एक्सचेंज) लाभ, कॉर्पोरेट रियायतें तथा चुनिंदा ग्राहकों के लिए विशेष बुकिंग लाभ की घोषणा की है।

पूरे आयोजन में आधुनिक तकनीक, नवाचार और भविष्य की परिवहन व्यवस्था के प्रति विश्वास का अनूठा संगम देखने को मिला।

## आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, शराब की दुकानों और बारों का आकस्मिक निरीक्षण

### सीसीटीवी संचालन, पीओएस मशीन से बिक्री और नियमों के अनुपालन की हुई जांच

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 13 जून। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर एवं पुलिस आयुक्त के निर्देशन में जनपद में संचालित देशी शराब, कम्पोजिट शॉप, मॉडल शॉप, प्रीमियम रिटेल शॉप तथा बार अनुज्ञापनों का व्यापक एवं आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में आबकारी निरीक्षकों द्वारा प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत 12 जून को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित मदिरा प्रतिष्ठानों की सघन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानों, बारों एवं कैंटीनों में व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया गया तथा आबकारी नियमों के अनुपालन की स्थिति का जायजा




लिया गया।

अभियान के दौरान सभी मदिरा दुकानों पर गोपनीय परीक्षण क्रय (टेस्ट परचेज) भी कराया गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बिक्री निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुरूप हो रही है या नहीं। निरीक्षण टीम ने अनुज्ञापियों एवं विक्रेताओं को निर्देशित किया कि सभी प्रतिष्ठानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरे निरंतर संचालित अवस्था में रहें तथा उनकी रिकॉर्डिंग वास्तविक समय (रियल टाइम) में उपलब्ध हो। साथ ही सभी बिक्री लेन-देन को पीओएस (प्वाइंट ऑफ सेल) मशीनों के माध्यम से शत-प्रतिशत दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए।

आबकारी विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध मदिरा बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण तथा पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के निरीक्षण आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

## टेस्ट ड्राइव के बहाने स्कॉर्पियो हड़पने वाला शातिर गिरफ्तार

### बीटा-2 पुलिस ने स्कॉर्पियो कार और अवैध तमंचा किया बरामद

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा, 13 जून। थाना बीटा-2 पुलिस ने टेस्ट ड्राइव के बहाने वाहन हड़पने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक स्कॉर्पियो कार तथा अवैध तमंचा बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार अभियुक्त ने 10 जून 2026 को एक व्यक्ति से स्कॉर्पियो कार खरीदने में रुचि दिखाते हुए टेस्ट ड्राइव करने की बात कही। वाहन स्वामी के विश्वास में आने के बाद वह कार को कुछ दूरी तक चलाकर ले गया और फिर वाहन लेकर फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर थाना बीटा-2 में तत्काल मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की तलाश शुरू की गई।

मामले की जांच के दौरान पुलिस टीम ने मैनुअल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सोनू पुत्र जतनपाल, निवासी अलीनगर, थाना जहांगीराबाद, जनपद बुलंदशहर को जतन भाटी गोलचक्कर के निकट से गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से पीड़ित की स्कॉर्पियो कार तथा एक अवैध .315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

पुलिस जांच में सामने आया है कि अभियुक्त शातिर प्रवृत्ति का अपराधी है, जो टेस्ट ड्राइव के नाम पर लोगों को धोखे में लेकर वाहन हड़पने का काम करता था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह अपने पास अवैध हथियार भी रखता था।

पुलिस ने बरामद स्कॉर्पियो कार एवं अवैध शस्त्र को कब्जे में लेकर अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में अन्य आपराधिक गतिविधियों की भी जांच की जा रही है।

## अवैध शराब बिक्री पर आबकारी विभाग का शिकंजा, एक तस्कर गिरफ्तार

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 13 जून। जनपद गौतमबुद्धनगर में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आबकारी विभाग को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। संयुक्त कार्रवाई में एक व्यक्ति को अवैध रूप से शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया गया है।

उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी




आयुक्त के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आबकारी विभाग एवं थाना इकोटेक-3 पुलिस की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान खेड़ी भनौता कट से तुस्याना जाने वाले मार्ग पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान कुलदीप पुत्र विजेंद्र, निवासी खैरपुर को अवैध रूप से देशी मदिरा की बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से उत्तर प्रदेश में बिक्री हेतु अनुमन्य 30 टेट्रा पैक तुस्याना देशी मदिरा बरामद की गई। आबकारी विभाग ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत थाना इकोटेक-3 में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा

# अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 106 पव्वे देशी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 13 जून। जनपद गौतमबुद्धनगर में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आबकारी विभाग को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। संयुक्त कार्रवाई में एक व्यक्ति को अवैध रूप से शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया गया तथा उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में देशी शराब बरामद की गई।

उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में जनपदभर में विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में 12 जून 2026 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-6 एवं थाना ईकोटेक-प्रथम पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्रवाई में मुकेश पुत्र बलबीर को अवैध रूप से शराब की बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे



से उत्तर प्रदेश मार्का ह्यदोस्तानाह्न ब्रांड की 200 मिलीलीटर क्षमता वाली कुल 106 पव्वे देशी शराब बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 21.20 बल्क लीटर है।

आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध थाना ईकोटेक-प्रथम में उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़, दो शातिर अपराधी गिरफ्तार

### सेक्टर-20 पुलिस की बड़ी सफलता, चोरी की 11 मोटरसाइकिलें और अवैध तमंचा बरामद

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 13 जून। थाना सेक्टर-20 पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे एवं निशानदेही पर चोरी की 11 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सोनू हलदर पुत्र मधू हलदर तथा नाजिम पुत्र छोटे लाल उर्फ ननकू उर्फ बाबा जी के रूप में हुई है। दोनों को सेक्टर-28 क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी की 11 मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। इसके अतिरिक्त सोनू हलदर के कब्जे से एक अवैध .315 बोर का तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है।

पूछताछ में पता चला कि सोनू हलदर ग्राम छलेरा, सेक्टर-44 का निवासी है, जबकि नाजिम मूल रूप से जनपद हरदोई का रहने वाला है और




वर्तमान में छलेरा गांव में रह रहा था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं और उनके विरुद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में पूर्व से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर वे वाहनों को ठिकाने लगाने का कार्य करते थे।




पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं तथा शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। थाना सेक्टर-20 पुलिस का कहना है कि वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा तथा अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# इकोटेक-1 पुलिस की कार्रवाई, लाखों रुपये मूल्य का मादक पदार्थ, स्कूटी और इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 13 जून। थाना इकोटेक-1 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो विदेशी नागरिकों को प्रतिबंधित मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से एमडीएमए (मेथाम्फेटामाइन), एक स्कूटी तथा इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, श्मशान भूमि कट के निकट औद्योगिक क्षेत्र में की गई कार्रवाई के दौरान नाइजीरियाई मूल के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान एंथनी चिनवुबा उर्फ डेविड (34 वर्ष) तथा अमोस मूसा उर्फ




लकी (30 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों वर्तमान में ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में निवास कर रहे थे।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 39.27 ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ एमडीएमए (मेथाम्फेटामाइन) बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत तीन से चार लाख रुपये बताई जा रही है। इसके अतिरिक्त घटना में प्रयुक्त एक स्कूटी तथा एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी बरामद किया गया है। थाना इकोटेक-1 पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम की सुसंगत धाराओं तथा आप्रवास एवं विदेशी विषयक अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध कारोबार के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# योग मन के उतार चढ़ाव की स्थिरता है।

**समाज जागरण**

चंदोसी।जायंट्स ग्रुप ऑफ वीमेन पावर, वूमेन प्राइड व वूमेन एरा की तरफ से फ्री योग शिविर का तीसरे दिन विनायक गार्डन में कई महिलाओं ने लाभ




उठाया। अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है, सेहत अच्छी नहीं रहती है तो धन संपत्ति का आनंद नहीं लिया जा सकता, इसलिए योग की मदद से शरीर को स्वस्थ रखना चाहिए।

शिविर में प्रशिक्षित श्री मती अनुपम ने सर्वप्रथम बहुत ही सुंदर मंत्रोच्चारण किया तथा शरीर को स्वस्थ रखने के लिए विभिन्न आसन की जानकारी दी तथा प्राणायाम,वज्रासन व पवनमुक्त आसन सिखाए। जो सभी सदस्यों ने बहुत आरामदायक स्थिति से सीख लिए।

इस अवसर पर सम्मानित पदाधिकारी फेडरेशन 5 की सेंटर कमेटी मेंबर डॉक्टर सुधा चौधरी ,यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल , प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनु रस्तोगी , फेडरेशन ऑफिसर शुभा कागजी ,आईपीपी अलका मंगलम एवं तीनों ग्रुपों की अध्यक्षा नीतू अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल ,अंजली चौधरी के साथ-साथ सानिया ,कल्पना, अदिति, मिनाली ,शिल्पी, निधि, मीनाक्षी ,रेशु, तान्या, वंदना, सारिका, रानी, मधु, मनीषाआदि ने उपस्थित रहकर योग का आनंद लिया।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर कल लगेगा रक्तदान शिविर

**समाज जागरण**

संभल। रोटरी क्लब संभल मिडटाउन द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून को डॉ. सचिन सक्सेना मेमोरियल ब्लड बैंक, संभल में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

# गौमाताओं को गुड़, चौकर एवं हरा चारा किया समर्पित

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नगीना। नगर की प्रमुख समाजसेवी संस्था दिव्य सेवा संस्थान के स्वयंसेवकों ने पेट्रोलियम विश्वविद्यालय देहरादून के छात्र-छात्राओं के



साथ श्री कृष्ण गौशाला नगीना में पहुंचकर वहां पर मौजूद सभी गौमाताओं को गुड, चोकर एवं हरा चारा समर्पित किया।

शुक्रवार को पेट्रोलियम विश्वविद्यालय देहरादून से दिव्य सेवा संस्थान में इंटर्नशिप के लिए आए छात्र-छात्राओं ने संस्थान के स्वयंसेविकों के साथ बढ़ापुर मार्ग पर स्थित श्री कृष्ण गौशाला पहुंचकर वहां पर मौजूद सभी गौमाताओं व नंदीयो को अपने हाथों से गुड़ , चौकर एवं हरा चारा खिलाकर गौ माता का आशीर्वाद लिया एवं धर्म लाभ कमाया। संस्थान के प्रबंधक संजय शर्मा ने बताया कि गौ माता की सेवा करना भी मानवता की सेवा करना ही है। भारतीय संस्कृति में गौ सेवा का विशेष महत्व है। गायों की सेवा करने से समाज में दया ,करुणा एवं सेवा -भाव का विकास होता है। संस्था भविष्य में आगे भी गौशालाओं में हरा चारा , गुड़ एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराकर गौ संरक्षण के कार्यों में सहयोग करती रहेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के प्रबंधक संजय शर्मा के साथ इंटर्नशिप के छात्र-छात्राओं में ग्रुप लीडर मेहुल ,धैर्य, लक्ष्य, देव, सौम्या अग्रवाल, नियति अग्रवाल ,अनन्या मित्तल आदि बच्चे रहे।

# तेज रफ्तार बाइक से एक्सीडेंट करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना । नगीना पुलिस ने तेज रफ्तार अपाचे बाइक से टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल करने वाले अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम कीरतपुर निवासी सौरभ पुत्र बिजेंद्र कुमार ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि 7 जून को अपने भाई पुखराज सिंह पुत्र नेपाल सिंह के साथ अपने गांव से नगीना आया था।वापस गांव जाते समय शाम करीब साढ़े सात बजे ग्राम कालाखेड़ी रोड पर अंडर पास के पास विपरीत दिशा से लापरवाही से आ रही तेज रफ्तार अपाचे बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।जिसमें उसके भाई को काफी चोट आई है।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# युवक को अवैध तमंचे के साथ किया गिरफ्तार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना। उपनिरीक्षक सोहन सिंह पुंडीर ने एक बीस वर्षीय युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

नगीना पुलिस ने बताया कि बीती रात कोबरा बी 2 के साथ उपनिरीक्षक सोहन सिंह पुंडीर हेड कांस्टेबल सन्नीराज,विवेक व कौशलेंद्र प्रताप सिंह के साथ कोतवाली देहात रोड स्थित मंडी समिति के पास चेकिंग कर रहे थे।उधर से संदिग्ध रूप से निकल रहे 20 वर्षीय युवक को रोककर चेक किया तो उसके पास से 12 बोर का अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक ने अपना नाम मनोज सैनी पुत्र लीलाराम निवासी आजाद कॉलोनी लाइनपार कस्बा व थाना नगीना बताया। पुलिस ने मनोज सैनी का आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 में चालान कर दिया है।

# पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में 55 मामलों की सुनवाई, चार परिवारों में हुआ समझौता

**समाज जागरण**

बहजोई। पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक थानाध्यक्ष डा0 रूकमपाल सिंह अध्यक्षता में पुलिस लाइन बहजोई में संपन्न हुई। जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को काउंसलर्स के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। दौरान काउंसलिंग कुल 55 पत्रावलियों को सुनकर 26 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। काउंसलिंग में दोनों पक्षों के मध्य समझौते के आधार पर 04



परिवारों को मिलाया गया एवं 09 पत्रावलियों में विधिक कार्यवाही की संस्तुति की गई तथा 13 पत्रावलियों पर आवेदिका/आवेदक द्वारा काउंसलिंग में उपस्थित न होने व बल न दिये जाने के कारण बन्द किया गया। इस अवसर पर काउंसलर श्री लवमोहन वार्ष्णेय, पूनम अरोरा, श्वेता गुप्ता, बबिता शर्मा तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक, महिला हेड कांस्टेबल रश्मि गहलौत, महिला आरक्षी ज्योति तथा महिला आरक्षी विनीता आदि लोग उपस्थित रहे।

# फोरलेन एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बच्चे की मौके पर ही मौत

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना। काशीपुर हरिद्वार फोरलेन एक्सप्रेस वे पर सड़क क्रास कर रहे एक दस वर्षीय बच्चे को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी।जिससे बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अवनीत मान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।दुर्घटना शुक्रवार की दोपहर हुई।



काशीपुर हरिद्वार फोरलेन एक्सप्रेस वे के किनारे स्थित गांव हसनलीपुर भोगन निवासी सतीश कुमार का दस वर्षीय पुत्र अक्षय खेत से घर जाने के लिए सड़क क्रास कर रहा था।धामपुर दिशा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी।जिससे बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया और अचेत हो गया।गांव की शिवानी(20 वर्ष)अपनी छोटी बहन ईशा(11 वर्ष)के साथ जा रही थी। दोनों बहनों ने गंभीर रूप से घायल अक्षय को फोरलेन एक्सप्रेस वे से उठाकर कर सड़क किनारे किया और ई रिक्शा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। सूचना मिलते ही परिजन भी सरकारी अस्पताल पहुंच गए।सीएचसी में डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अवनीत मान पुलिस बल के साथ पहले दुर्घटना स्थल पर पहुंचे जहां भरी एकत्रित भीड़ को समझा बुझाकर वहाँ से हत्या और फिर सरकारी अस्पताल पहुंचे।

थाना प्रभारी ने मृतक बच्चे के परिजनों को समझाबुझाकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। श्री प्रभारी ने यह भी बताया कि मृतक के परिजनों की ओर से तहरीर आने पर अज्ञात कार व चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर दिया जाएगा।

# दहेज की बलिवेदी पर चढ़ी विवाहिता, पीट-पीटकर हत्या का आरोप; ससुराल पक्ष फरार

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना जसराना क्षेत्र के गांव नगला टीला में दहेज के लिए एक 24 वर्षीय विवाहिता की निर्मम हत्या का मामला सामने आया है। मायके पक्ष ने ससुरालियों पर पीट-पीटकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना के बाद से आरोपी पति और उसके परिजन घर छोड़कर फरार हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मैनपुरी जिले के थाना भोगांव अंतर्गत गांव उस्मानपुर निवासी पूजा (24) की शादी छह माह पूर्व जसराना के गांव नगला टीला निवासी राहुल कुमार के साथ हुई थी। मृतका के भाई रोहित कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शादी के समय उन्होंने अपनी क्षमता अनुसार दस लाख रुपये नकद, कीमती जेवरात और अन्य सामान दहेज में दिया था।



प्रताड़ित भाई रोहित का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति राहुल कुमार, देवर, ननदें ममता व रश्मी तथा सास गीता देवी और ससुर अंतराम मृतका को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे थे। ससुराल पक्ष पूजा पर मायके से चार पहिया वाहन लाने का दबाव बना रहा था। पूजा द्वारा असमर्थता जताने पर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान किया जाता था। रोहित ने बताया कि शुक्रवार को पूजा ने फोन पर रोते हुए ससुरालियों द्वारा की गई मारपीट और जेवरात छीनने की जानकारी दी थी। शनिवार को जब मायके पक्ष के लोग नगला टीला पहुंचे, तो उन्होंने पूजा का शव देखा और ससुराल पक्ष के सभी लोग वहां से गायब थे। मौत की वजह सूचना मिलते ही जसराना पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। जहां ग्रामीणों ने बताया कि महिला का शव फंदे पर लटका था, वहीं मायके पक्ष ने इसे पीट-पीटकर हत्या करने और बाद में साक्ष्य मिटाने के लिए शव को लटकाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी प्रेमप्रकाश पांडे ने बताया, मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# उत्तर प्रदेश ब्राह्मण जागृति महासभा द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश ब्राह्मण जागृति महासभा द्वारा शनिबार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया इस दौरान नवीन टीम की घोषणा भी की गयी वार्ता के दौरान उत्तर प्रदेश ब्राह्मण जागृति महासभा के अध्यक्ष श्रीगोपाल शर्मा ने बताया कि मुख्य सरंक्षक मण्डल में धर्मेंद्र शर्मा , अशोक दीक्षित, अनिल मिश्रा, रजनीश गौतम, डॉ सुशील शर्मा , अनिल मिश्रा, त्रिलोकी शर्मा , सतेन्द्र शर्मा,शीलमणी ,मानसिंह शर्मा, राजीव दीक्षित, मनोज शर्मा तथा बसन्त शर्मा जसराना को शामिल किया गया है।

उनके द्वारा की गयी जिले की टीम की घोषणा में तरुण उपाध्याय, ममता तिवारी, सिद्धार्थ त्रिपाठी , अखिलेश शर्मा, अशोक शर्मा, राजीव पचौरी को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। इसके अलावा उप सचिव व कोषाध्यक्ष और उप कोषाध्यक्ष-संगठन मंत्री, प्रचार मन्त्री अथवा ब्लॉक अध्यक्षो एवं कार्यकारिणी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उन्होंने बताया कि संजय शर्मा (सिरसागंज) डी0 के0 शर्मा (शिकोहाबाद) गिरधर




मिश्र (जसराना) कन्हैया शर्मा को टूण्डला का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

वार्ता के दौरान सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के संयोजक तरुण उपाध्याय ने बताया कि 12 जुलाई 2026दिन रविवार को एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन एस. आर. ज्ञानेश्वरी इंटर कॉलेज आसफाबाद पर सुबह 09 बजे से 11 बजे तक किया जायेगा। जिसमे सभी जाति वर्ग के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते है। इसमे महासभा के किसी भी पदाधिकारी के बच्चे को भाग लेने का अधिकार नही है। प्रतियोगिता का आयोजन दो भागों में किया जायेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कनिष्ठ वर्ग, वरिष्ठ वर्ग दोनो ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतियोगियों को प्रथम पुरस्कार 5100 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 3100 रुपये, तथा तृतीय पुरस्कार 2100 रुपये एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं सांत्वना पुरस्कार 19 जुलाई को होने वाले ब्राह्मण महा सम्मेलन कार्यक्रम में दिया जायेगा।

सह संयोजक संजय शर्मा (पत्रकार) ने बताया कि 2025-26 सत्र में हाई स्कूल व इंटर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले ब्राह्मण छात्र-छात्राओं एवं 51 अधिवक्ता, 51 डॉक्टर, 51 शिक्षक, 51 जिले के अधिकारी, 51 पत्रकार, 51 वयो बृद्ध , 51 पुजारी व कथावाचक, 51 उद्योग जगत तथा जिले के 51 गणमान्य ब्राह्मणों का भी सम्मान किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में केन्द्र व प्रदेश के कई मंत्रीयो के भाग लेने की संभावना है। और मुख्य आकर्षण ब्राह्मण संख्या बल रहेगा। वार्ता के दौरान मनोज शर्मा, भानु उपाध्याय, मनीष शर्मा, द्विग्विजय शर्मा,देवेन्द्र उपाध्याय, अवधेश उपाध्याय आदि शामिल रहे।

# साइंस घर में सीटू ने सड़कों पर जाम की समस्या को दूर करने के लिए बनाया ट्रैफिक कंट्रोल डिवाइस।

**समाज जागरण**

सिरसागंज। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में समर में जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जनपद में प्रथम बार साइंस घर कार्यक्रम का आयोजन निःशुल्क रूप से जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर किया जा रहा है। जिसमें तेरवें दिवस पर कक्षा नौ के छात्र सीटू ने अपने ट्रैफिक कंट्रोल डिवाइस के प्रस्तुतिकरण में बताया कि इस मॉडल के अंतर्गत वाहन के जाम लगने से होने वाली समस्या का निष्कासन किया गया है । कई बार वाहनों का जाम इतना बढ़ जाता है कि बहुत अत्यधिक समस्या होती है जिससे कि समय रहते इमरजेंसी की गाड़ियां नहीं निकाल पाती हैं। अतः इस समस्या को हल करने हेतु इस मॉडल का निर्माण किया गया है जिसमें आईआर सेंसर का प्रयोग करके गाड़ियों की एक निश्चित परिषद सीमा तय की गई है यदि इस निश्चित सीमा से अत्यधिक गाड़ी उसे क्षेत्र



सीमा में आती हैं तो अलर्ट के रूप में एक सिग्नल जारी होता है जिससे कि दूर से आने वाले व्यक्ति को पता चल जाता है कि इस रोड पर अत्यधिक गाड़ियां हैं जिससे जाम की समस्या को समाप्त किया जा सकता है। इस अभिनव मॉडल को बनाने का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना आवाज से लगने वाले जाम को कम करना है जिससे कि समय रहते इमरजेंसी की गाड़ियां अपने गंतव्य तक पहुंच सके।

अश्वनी कुमार जैन ने सीटू के ट्रैफिक कंट्रोल डिवाइस मॉडल के नवाचार एवं अभिनव मॉडल के प्रयास की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि साइंस घर में प्रतिदिन विद्यार्थी अपने नवाचार मॉडलों का प्रस्तुतिकरण करेंगे। इस अवसर पर साइंस घर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# थाना प्रभारी की अध्यक्षता में किया गया थाना समाधान दिवस

**समाज जागरण**

सम्भल। थाना नखासा में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना प्रभारी संजय कुमार की अध्यक्षता में किया गया।समाधान दिवस के दौरान दूर-दराज से पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। थाना प्रभारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

समाधान दिवस में मुख्य रूप से भूमि विवाद,रास्ता अवरोध, चकबंदी और आपसी विवादों से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप हर शिकायत का निष्पक्ष और शीघ्र समाधान कराया जाएगा,ताकि लोगों को थाने और




तहसील के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।इस दौरान थाना प्रभारी संजय कुमार,वरिष्ठ उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार,उप निरीक्षक राजकुमार त्यागी तथा रिठाली चौकी प्रभारी रविन्द्र कुमार सहित पुलिस बल मौजूद रहा। वहीं राजस्व एवं चकबंदी विभाग की ओर से कानूनगो,लेखराज,महेंद्र सिंह तथा लेखपाल मोनू, सचिन,अजय कुमार, सतेंद्र और अरविंद कुमार भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मौके पर कुछ शिकायतों का निस्तारण कर फरियादियों को राहत दी,जबकि शेष मामलों के लिए जांच कर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।थाना समाधान दिवस में अधिकारियों की सक्रियता से फरियादियों को उम्मीद जगी कि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान होगा। प्रशासन ने भी स्पष्ट किया कि जनसुनवाई कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा।

# 102 जनगणना ब्लॉकों का कार्य समय से पूर्ण, 16 सर्किल पर्यवेक्षक हुये सम्मानित

**समाज जागरण अजमल अंसारी**

जनपद बिजनौर किरतपुर, 12 जून नगर पालिका परिषद किरतपुर के अंतर्गत संचालित जनगणना कार्य को 102 जनगणना ब्लॉकों में सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है यह कार्य सभी 16 सर्किल पर्यवेक्षकों अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अथक परिश्रम, समर्पण तथा उत्कृष्ट सहयोग से दिनांक 10 जून 2026 को निर्धारित समयावधि में संपन्न हुआ।

जिसके लिए चार्ज अधिकारी ने बताया कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक पूरा कराने में सभी पर्यवेक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके सहयोग, निष्ठा



एवं कर्तव्यपरायणता के सम्मान में आज दिनांक 12-06-2026 दिन शुक्रवार को नगर पालिका परिषद परिसर में प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया गा।

सभी पर्यवेक्षकों को आज दिनांक 12-06-2026 को उनके अथक परिश्रम समर्पण और उत्कृष्ट सहयोग को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका परिषद किरतपुर की चार्ज अधिकारी श्रीमती मेघा गुप्ता जी एवं पटल प्रभारी/सहायक चार्ज अधिकारी श्री ज्ञानेश्वर आनन्द द्वारा सभी पर्यवेक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गये।

# बर्तन व्यापारी की दुकान में चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। नगर में श्री सिद्धिविनायक मंदिर के सामने पुरुषोत्तम बर्तन वाले की दुकान पर चोरों द्वारा दुकान के गल्ले में रखी नगदी पर हाथ साफ कर दिया था। पीड़ित विपिन अग्रवाल पुत्र पुरूषोतम अग्रवाल निवासी मौहल्ला दरबार शाह थाना नजीबाबाद ने थाना नजीबाबाद पर तहरीर दी थी कि उसकी दुकान के गल्ले मे रखे रुपए 61000/- इकसठ हजार रुपए किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर



लिए है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना नजीबाबाद पर बीएनएस पंजीकृत किया गया। पुलिस की विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान घटना में संलिप्त युवक शिवांशु पुत्र बहादुर निवासी मौहल्ला बसंती माता मुगलूशाह थाना नजीबाबाद का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक शिवांशु पुत्र बहादुर निवासी मौहल्ला बसंती माता मुगलू शाह थाना नजीबाबाद को उसके घर से गिरफ्तार किया गया तथा चोरी किये गये 61000/- युवक शिवांशु की निशानदेही पर उसके ही घर के बेड में से बरामद किये गये। और आगे की कार्यवाही जारी है।

# 12 वर्षों में मोदी सरकार ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की है - प्रभारी मंत्री

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबसे अधिक समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करने को लेकर शनिवार को सर्किट हाउस दबरई में उत्तर प्रदेश के केबिनेट मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने मीडिया संवाद / प्रेसवार्ता में सम्बोधित करते हुए कहा कि आज देश में जनविश्वास , सेवा और विकास की राजनीति के 12 वर्ष पूर्ण हो गए हैं , यह भारत के बदलते आत्मविश्वास , मजबूत नेतृत्व और जनता के अटूट विश्वास की की कहानी है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा कहा कि सरकार का पहला अधिकार गरीब , किसान , युवा , और महिलाओं का है। 12 वर्षों में मोदी के नेतृत्व में भारत ने ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धियाँ अर्जित कीं, जो कभी केवल कल्पना मात्र प्रतीत होती थीं। सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र प्रथम की भावना को समर्पित यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत ने बीते 12 वर्षों में विकास, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और वैश्विक सम्मान के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी कुशल नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष भारत के विकास , सुशासन , सामाजिक सुरक्षा , डिजिटल परिवर्तन , आधारभूत संरचना निर्माण , देश की आंतरिक सुरक्षा और वैश्विक पटल पर भारत देश की वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण रहे हैं।। देश की जनता को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मा. नरेन्द्र मोदी पर अटूट विश्वास है। 10 जून भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक अभूतपूर्व और ऐतिहासिक मील का पत्थर बनने जा रहा है , मा. मोदी जी देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को पीछे छोड़कर भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का गौरव हासिल कर चुके हैं।। मोदी सरकार के वोकल फॉर लोकल और आत्म




निर्भर भारत अभियान ने पूरे देशवासियों में स्वदेशी के प्रति नया विश्वास जगाया है। लोगों ने स्थानीय उत्पादों को अपनाने , छोटे व्यापारियों को समर्थन देने और भारतीय निर्माण क्षमता पर भरोसा करने का संकल्प लिया है।। मोदी सरकार के 12 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धि यही रही है कि सरकार ने योजनाओं को केवल सरकारी फाइलों तक सीमित नही रखा है , बल्कि उन्हें जनभागीदारी से जोड़ा है। यही विश्वास यही जनशक्ति यही सहभागिता विकसित भारत की सबसे बडी ताकत है। मोदी सरकार के 12 वर्ष को केवल उपलब्धियां के रूप में नही , बल्कि जनभागीदारी के स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद करेंगे।। मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत के युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, उद्यमिता और खेल के क्षेत्र में अभूतपूर्व अवसर प्राप्त हुए हैं। स्किल इंडिया, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, स्टार्टअप इंडिया, माय भारत पोर्टल, रोजगार मेले एवं खेलो इंडिया जैसी पहलों ने युवाओं को नौकरी तलाशने वालों से नौकरी देने वालों में परिवर्तित किया है। नारी शक्ति के सम्मान, सुरक्षा व स्वावलंबन के 12 स्वर्णिम वर्ष

उज्ज्वला से सम्मानजनक जीवन, जल जीवन मिशन से सुविधा, जनधन से आर्थिक सशक्तिकरण, सुकन्या और शिक्षा से नए अवसर, और लाखपति दीदी जैसी योजनाओं से आत्मनिर्भरता का नया अध्याय लिखा गया है। आज करोड़ों महिलाएं विकास यात्रा की सहभागी ही नहीं, बल्कि उसकी नेतृत्वकर्ता भी हैं। मा. मोदी सरकार के 12 वर्ष ऐतिहासिक राष्ट्रवाद,संगठन,सेवा और समर्पण के मूल मंत्र को दोहराया गया। ह्लसबका साथ,सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्व के संकल्प के साथ बिना किसी भेदभाव के साथ कार्य करे है। इस दौरान प्रमुख रूप से उदय प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष , सतीश दिवाकर महानगर अध्यक्ष , मनीष असीजा विधायक , प्रेम पाल सिंह धनगर विधायक , कामिनी राठौर महापौर , मानवेन्द्र प्रताप सिंह लोधी पूर्व जिलाध्यक्ष , डॉ. अमित गुप्ता जिला प्रवक्ता / मीडिया प्रभारी , डॉ . एसपी लहरी , डॉ. लक्ष्मी नारायण यादव , सुनील शर्मा , आकाश गुप्ता , दीपक गुप्ता कालू , ओमप्रकाश वर्मा पूर्व विधायक , राकेश शंखवार , ओमेन्द्र बघेल , आकाश शर्मा , अजीत राजपूत , शिव शंकर शर्मा , प्रमोद पाल बघेल , आनन्द अग्रवाल , सुरेंद्र सावन झा, अवनीश गुप्ता , विपिन शिवहरे , योगेंद्र सिंह बाबा , उदय ठाकुर , गोपाल कृष्ण सिंह , सतीश चंद्र राजा सहित सभी जिला पदाधिकारी गण, मण्डल अध्यक्ष गण , जनप्रतिनिधियों सहित कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# मौलाना महमूद मदनी का संदेश - "सेहतमंद जिस्म, मजबूत उम्मत"

## दिल्ली में जमीयत कार्यालय में दिया बयान, युवाओं से मोबाइल का बेजा इस्तेमाल छोड़ने की अपील

**समाज जागरण बागपत।**

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के केंद्रीय कार्यालय दिल्ली में शनिवार को जमीयत उलेमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष हजरत मौलाना सैयद महमूद मदनी साहब ने स्वास्थ्य, व्यायाम और समय की कद्र पर प्रेरणादायक संबोधन दिया। लगभग एक घंटे तक चले इस संबोधन में उन्होंने सुन्नत-ए-नबवी की रोशनी में संतुलित जीवन जीने की नसीहत की। मौलाना मदनी ने कहा कि हर मुसलमान को व्यायाम और शारीरिक तंदुरुस्ती को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। "एक सेहतमंद जिस्म ही सेहतमंद सोच, पक्के इरादे और कामयाब जिंदगी की बुनियाद है।" उन्होंने कहा कि व्यायाम सिर्फ सेहत




की जरूरत नहीं, बल्कि यह सुन्नत-ए-रसूल से जुड़ा अमल भी है। इस्लाम अपने मानने वालों को जिस्मानी तौर पर मजबूत, सक्रिय और चुस्त रहने की शिक्षा देता है। उन्होंने मिसाल दी कि हजरत मुहम्मद तेज दौड़ते घोड़े पर भी पूरी कुशलता से सवार हो जाते थे। इससे साबित होता है कि आपने अपने जिस्म को इतना काबिल बनाया था कि हर मैदान में बेहतरी की मिसाल पेश की। इसलिए उम्मत को भी चाहिए कि नबी की सुन्नतों को अपनाकर अपने जिस्म को मजबूत और फुतीर्ला बनाए। अपने बुजुर्गों का जिक्र करते हुए बताया कि उनकी दादी बताती थीं कि हजरत मौलाना सैयद हुसैन अहमद मदनी रहमतुल्लाह अलैह रोजाना इतनी मेहनत करते थे कि शरीर पसीने से तर-बतर हो जाता था। उनके वालिद उन्हें प्यार से कहते थे, "अगर तुम व्यायाम नहीं करोगे तो मेरे प्यारे बेटे नहीं बन सकोगे।" इससे पता चलता है कि हमारे बुजुर्गों ने तालीम, इबादत और समाज सेवा के साथ जिस्मानी सेहत को भी अहमियत दी। मौलाना मदनी ने आज के दौर की सबसे बड़ी समस्या मोबाइल के गलत इस्तेमाल पर चिंता जताई। कहा, "लोग घंटों मोबाइल चलाते हैं, उन्हें पता ही नहीं चलता कि कितना कीमती वक्त जाया हो गया।" इसका समाधान बताते हुए कहा कि मोबाइल चलाने से पहले यह तय कर लो कि सिर्फ 5 मिनट चलाऊंगा। 5 मिनट पूरे होते ही मोबाइल रख दो। जरूरत हो तो बाद में फिर चला लेना, लेकिन वक्त की बबार्दी से खुद को बचाओ। उन्होंने कहा कि एक सेहतमंद, सक्रिय और किरदार वाली नौजवान पीढ़ी ही किसी भी समाज और देश की असली ताकत होती है। युवाओं को चाहिए कि खेल, व्यायाम, पैदल चलना और अन्य शारीरिक गति विधियों को आदत बनाएं और सोशल मीडिया के गैरजरूरी इस्ते माल से बचें। अल्लाह तआला हम सबको वक्त की कद्र करने, सुन्नतों पर अमल करने और जिस्मानी-जेहनी सेहत का ख्याल रखने की तौफीक अता फरमाए।

# बड़ौत के विकास के लिए एकजुट हुआ सर्वसमाज - चौधरी रामवीर सिंह के महा-सम्मेलन में उमड़ी भीड़

## जन सम्मान पदयात्रा' के बाद ऐतिहासिक सम्मेलन, प्रधानों ने लिया विकास का संकल्प

**समाज जागरण बड़ौत।**

12 दिवसीय 'जन सम्मान पदयात्रा' की सफलता के बाद बड़ौत विधान सभा में रविवार को एक विशाल महा-सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में बड़ौत विधानसभा के सभी ग्राम प्रधानगण, प्रबुद्ध समाज सेवी, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और जिम्मेदार नागरिक बड़ी संख्या में जुटे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी चौधरी रामवीर सिंह ने की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए चौधरी रामवीर सिंह ने पदयात्रा के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा, "लोग पूछते थे कि इस भीषण गर्मी में गाड़ी छोड़कर पैदल क्यों चल रहे हैं? मैंने कहा कि एसी कमरों और गाड़ियों के बंद शीशों से बड़ौत की जमीनी हकीकत और जनता का दर्द नहीं दिखता। जनता की तकलीफ समझने के लिए उनके साथ धूप में तपना पड़ता है, धूल में चलना पड़ता है। उन्होंने विधानसभा की मुख्य समस्याएं गिनाईं




- गाँवों में जल निकासी की बदहाली, खेल के मैदानों का अभाव जिससे युवा नशे की तरफ जा रहे हैं, और चिकित्सा व शिक्षा व्यवस्था की बदहाली। कहा, "इन 12 दिनों में चौपालों पर बुजुर्गों की आंखों की उम्मीद, माताओं - बहनों का आशीर्वाद और युवाओं का भरोसा मिला। यही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। हम वोट के लिए नहीं, बड़ौत को उसका खोया गौरव लौटाने आए हैं। सम्मेलन में मौजूद सभी ग्राम प्रधानों और समाजसेवियों ने एक स्वर में चौधरी रामवीर सिंह के जनसेवा संकल्प का समर्थन किया। प्रबुद्धजनों ने कहा कि बड़ौत को आज ऐसे ही जुझारू और संवेदनशील नेतृत्व की जरूरत है जो राजनीति से ऊपर उठकर हर वर्ग के हक की लड़ाई लड़े। अंत में सभी ने संकल्प लिया कि वे चौधरी साहब के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बड़ौत के गाँवों-कस्बों की तस्वीर बदलने के लिए निष्ठा से काम करेंगे।

# रटौल में आंधी-बारिश का कहर - मकान गिरा, 4 बच्चे घायल

## लाखों का नुकसान, कस्बे के लोगों ने पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की

**समाज जागरण चांदीनगर।**

रटौल नगर पंचायत में शुक्रवार रात आई तेज आंधी और बारिश ने कहर बरपा दिया। एक मकान भरभराकर गिर गया, जिसमें दबकर चार बच्चे घायल हो गए। हादसे में लाखों रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। कस्बे के लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और मुआवजा दिलाने की मांग की है। रटौल नगर पंचायत निवासी अब्दुल वाहिद अंसारी उर्फ छोटे, पुत्र अलीहसन, परिवार सहित नौशाद के मकान में किराये पर रहते हैं। मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले छोटे शुक्रवार देर रात पत्नी और बच्चों के साथ सो रहे थे। अचानक आई तेज आंधी और बारिश के बीच मकान भरभराकर गिर पड़ा। मकान गिरने की आवाज से पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। मलबे की चपेट में आने से छोटे के चार बच्चे घायल हो गए - 16 वर्षीय अंजुम, 10 वर्षीय इकरा, 8 वर्षीय सावेज और 6 वर्षीय सुभान। बच्चों के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े और कड़ी मशक्कत के बाद मलबा हटाकर परिवार को बाहर निकाला। घायलों को तुरंत प्राथमिक उपचार दिलाया गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। अब्दुल वाहिद पिछले कई सालों से इसी मकान में रह रहे हैं। मकान गिरने से घर का सारा सामान मलबे में दब गया। बिस्तर, कपड़े, राशन-अनाज और जरूरी सामान सब नष्ट हो गए।

पीड़ित परिवार के अनुसार हादसे में करीब 1 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार की मदद की। कस्बे के लोगों का कहना है कि मजदूरी से घर चलाने वाले छोटे के सामने अब रहने और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने का संकट खड़ा हो गया है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार के नुकसान का आकलन कराकर शीघ्र राहत राशि दी जाए। परिवार ने भी प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है, ताकि वे दोबारा अपना जीवन पटरी पर ला सकें।

# अब्या प्रोडक्शन के सिंगिंग व अवॉर्ड शो में पहुंची कई जानी-मानी हस्तियां

**समाज जागरण बागपत।**

अब्या प्रोडक्शंस द्वारा द ग्रेट इंडियन सिंगिंग एंड अवॉर्ड के सीजन- 7 का बहुत ही शानदार प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें बागपत समेत दिल्ली एनसीआर से भी काफी लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में 90 के दशक के गीतों की प्रस्तुति की गई। शो के आयोजक योगेश मलिक और सी बी ओ उपमा दुआ ने इस यादगार दिन को 90 के दशक के सुपर स्टार राहुल रॉय ( आशिकी फिल्म के हीरो ) की मौजूदगी में दिल्ली एन सी आर और मुंबई से आये हुए बेहतरीन सिंगर्स जैसे भूमिका मलिक, राजेश कुमार,संजीव अरोड़ा,परमिंदर सिंह,सौरभ बी ,काजोरी सेन,राम मनोहर मिश्रा जी,सुवेश तोमर,समर खान,सुषमा शर्मा,सुनीता जी, पायल ककर ,कुलदीप सिंह, मोहिनी चोपड़ा,संदीप जैन,दीपशिखा ,दयूती तूर,राजन अय्यर के साथ शो को यादगार बना दिया। जाने माने सतीश



पोपली जी का डॉ-रे-मी बैंड और प्रकाश अरोड़ा जी के साउंड ने चार चांद लगा दिए। शो को होस्ट किया बेहतरीन ऐंकर उपमा दुआ ने, उनका साथ दिया सीनियर ऐंकर डॉ इमरान ने और हमारे दिल्ली पुलिस के एस एच ओ राम मनोहर मिश्रा ने। जानी-मानी सुपर स्टार सिंगर भूमिका मलिक को ब्रांड एंबेसडर बनाया गया। मेहमानों में एक्टर सार्थक चौधरी , एक्ट्रेस मीनाक्षी मदान, कविता विरमानी, संजय मलिक जी सीईओ ( संजय म्यूजिकल ग्रुप ) संजय नारायण उदित नारायण के भाई , मुकेश दयाल जी, ऋषि गुरु, पॉलिटिशियन सन्नी सिंह, बबली मलिक, शिल्पी बहादुर जानी मानी मॉडल एंड ऐंकर, सोनू रेखा चंदेल, अंजु शर्मा, पंडित नरेश शर्मा, मनोज धामा, अंकुर राठी, धर्मेंद्र तोमर, शफीक उर रहमान, सोनिया राणा इत्यादि शामिल हुए।

# रटौल में जीवित महिला को विभाग ने बताया मृत, 4 माह से कटा है राशन

## 60 वर्षीय नीलम गांधी का राशन कार्ड निरस्त, मुख्यमंत्री पोर्टल पर लगाई गुहार

**समाज जागरण चांदीनगर।**

रटौल नगर पंचायत में एक 60 वर्षीय जीवित महिला को सरकारी रिकॉर्ड में मृत दर्शाकर उसका राशन कार्ड निरस्त कर दिया गया। पीड़ित महिला 4 माह से दर-दर भटक रही है लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। महिला ने जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर राशन कार्ड बहाल करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। रटौल निवासी नीलम गांधी, पत्नी ब्रजलाल गांधी ने बताया कि उनके कोई संतान नहीं है। पति-पत्नी दोनों बुजुर्ग हैं और कमाई का कोई साधन नहीं है। चार माह पहले जब वह राशन लेने डीलर के पास पहुंची तो उनका नाम राशन कार्ड से कटा मिला। डीलर ने राशन कार्ड निरस्त होने की जानकारी दी।




महिला ने बताया कि फरवरी में जब उसने दोबारा राशन कार्ड के लिए आवेदन करना चाहा तो पता चला कि राशन कार्ड के मुखिया को मृत दर्शाकर कार्ड निरस्त कर दिया गया है। जबकि नीलम गांधी और उनके पति दोनों जीवित हैं और अकेले रहते हैं। अचानक राशन बंद होने से बुजुर्ग दंपत्ति के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया। नीलम गांधी ने बताया कि बिना राशन के गुजारा करना मुश्किल हो रहा है। कई बार संबंधित विभाग के चक्कर काटे लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अंत में पीड़ित महिला ने जिलाधिकारी बागपत और मुख्यमंत्री पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उसने अपना राशन कार्ड बहाल करने और जिस अधिकारी/कर्मचारी की लापरवाही से उसे मृत घोषित किया गया, उसके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से मामले की जांच कराकर बुजुर्ग महिला को तत्काल राहत दिलाने की मांग की है।

# दशमहाविद्या एवं विष्णु महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ की पूजा

**समाज जागरण बागपत।**

प्राचीन शिव शक्ति सिद्ध पीठ लंगड़े बाबा की बगीची माता कॉलोनी बागपत में पुरुषोत्तम मास में चल रहे दशमहाविद्या एवं विष्णु महायज्ञ के 28वें दिन भी श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ी। परम पूज्य गुरुदेव के सानिध्य में समस्त वैदिक ब्राह्मणों के द्वारा जनकल्याण के लिए दशमहाविद्या व भगवान विष्णु एवं समस्त देवी-देवताओं का पूजन अनुष्ठान किया। जिसमें आज के मुख्य यजमान महेंद्र डेडा आनंद सिंह सोनीपत से रहे। पूजन के पश्चात यज्ञ



का संचालन पं आचार्य सोमदत्त शास्त्री व मठाधीश प्रशांत भारद्वाज द्वारा किया गया। शाम के समय में परम पूज्य गुरुदेव मनोज जोशी जी के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत से गोपियों की रासलीला, कालिया नाग का उद्धार, भगवान के मुख में मां यशोदा को समस्त ब्रह्मांड के दर्शन विस्तार से भक्तों को सुनाया व श्री कृष्ण की अच्छी-अच्छी रचनाये व अच्छे-अच्छे प्रसंग सुनाये। इस मौके पर भक्तजन पोख्याल जी दिल्ली राहुल डेडा राजीव डेडा बॉबी चौहान वरिष्ठ नागरिक राजपाल शर्मा संजय प्रजापति अनिल यादव विनोद गुप्ता मनोज गुप्ता कन्हैया गुप्ता विभोर गुप्ता अन्य समस्त माता कॉलोनी के भक्तजन उपस्थित रहे।

# लहचौड़ा में नाले में गिरी गाय, ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से निकाला बाहर

## खैला मार्ग पर हुआ हादसा, पंडित प्रवीण शास्त्री ने बचाई गौमाता की जान

**समाज जागरण चांदीनगर।**

लहचौड़ा गांव में खैला मार्ग पर बने खुले नाले में एक पालतू गाय गिर गई। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद गाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। समय रहते मदद मिलने से गौमाता की जान बच गई। लहचौड़ा गांव में खैला मार्ग पर पंडित प्रवीण शास्त्री के मकान के पास एक घुमंतू गाय गलती से नाले में गिर गई। नाला काफी गहरा होने के कारण गाय उसमें फंस गई और निकलने का लगातार प्रयास करती रही, लेकिन सफलता नहीं मिली। गाय की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। पंडित प्रवीण शास्त्री ने जब यह दृश्य देखा तो सबसे पहले



उन्होंने खुद गाय को बाहर निकालने का प्रयास किया। काफी कोशिश के बाद भी जब गाय नहीं निकल पाई तो उन्होंने आसपास के लोगों को आवाज देकर बुलाया। देखते ही देखते दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने मिलकर रस्सी, लकड़ी और अन्य सामान की मदद से गाय को बाहर निकालने का अभियान शुरू किया। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सभी ने मिलकर गाय को नाले से बाहर खींच लिया। बाहर निकलते ही गाय ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों का कहना है कि खैला मार्ग पर नाला बिना ढक्कन के बना हुआ है, जिससे अक्सर पशु हादसों का शिकार हो जाते हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नाले को ढका जाए या उस पर सुरक्षा रेलिंग लगाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। गाय को सकुशल बचाने पर पूरे गांव ने राहत की सांस ली और प्रवीण शास्त्री व मदद करने वाले सभी ग्रामीणों की सराहना की।

# सारथी वेलफेयर फाउंडेशन ने गौशाला में बांटा चारा, गौमाता की सेवा को बताया श्रद्धा

## बावली रोड स्थित नगर पालिका गौशाला में आयोजन, अध्यक्ष विकास गुप्ता समेत दर्जनों सदस्य रहे मौजूद

**समाज जागरण बागपत।**

सारथी वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में शनिवार को नगर पालिका गौशाला, बावली रोड नहर के पुल के पास गौमाता के लिए चारा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फाउंडेशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने गौमाता को अपने हाथों से हरा चारा और भूसा खिलाकर गौसेवा का पुण्य प्राप्त किया। कार्यक्रम में समाज के अनेक लोग उत्साह के साथ शामिल हुए। सभी ने सेवा,



संवेदना और भारतीय संस्कारों का परिचय दिया। उपस्थित लोगों ने कहा कि गौसेवा सिर्फ परंपरा नहीं, बल्कि मानवता, करुणा और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने का काम करते हैं। फाउंडेशन के सदस्यों ने पूरे गौशाला परिसर का भ्रमण कर गोवंश के रखरखाव की सराहना की। उन्होंने गौशाला प्रबंधन के प्रयासों की भी तारीफ की। इस मौके पर विकास गुप्ता, सचिन खोखर, अनिल अरोड़ा, भूपेन्द्र जी, मनीष जैन, चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक वंदना गुप्ता, रोशनी देवी, अंशिका जैन, नंदिनी जी, विभु जैन, अंकित कुमार, प्रांजल जैन और वृंदा जैन सहित सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। सभी ने मिलकर चारा वितरण और सफाई व्यवस्था में सहयोग किया। कार्यक्रम के समापन पर सारथी वेलफेयर फाउंडेशन ने सहयोग करने वाले सभी नागरिकों का आभार जताया। फाउंडेशन ने संकल्प लिया कि जनसेवा और गौसेवा के ऐसे कार्य आगे भी निरंतर किए जाएंगे। अध्यक्ष विकास गुप्ता ने कहा, "गौ सेवा हमारी श्रद्धा, करुणा और कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है। जहाँ गौमाता का सम्मान होता है, वहाँ सुख, समृद्धि और ईश्वर की कृपा का वास होता है।"

# सशक्त युवा, सशक्त राष्ट्र: 2047 तक विकसित भारत के लिए भारत का दृष्टिकोण

2014 और 2026 के बीच, सरकार ने शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमिता, खेल, स्वास्थ्य और नागरिक भागीदारी जैसे क्षेत्रों में युवाओं पर केंद्रित कई पहल शुरू कीं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और युवाओं के नेतृत्व वाले विकास के विजन के आधार पर, सरकार ने शिक्षा तक पहुँच बढ़ाई, उच्च शिक्षा को मजबूत किया और कौशल विकास व रोजगार के अवसर बढ़ाए। भारत के स्टार्टअप तंत्र में भी इजाफा हुआ, जिसमें 2.3 लाख से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप शामिल हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म, समावेशी कार्यक्रमों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से, देश के युवा 'अमृत पीढ़ी' के रूप में उभरे हैं और 'विकसित भारत @ 2047' के विजन में योगदान दे रहे हैं।

### अमृत पीढ़ी का उदय

अपनी लगभग 65 प्रतिशत आबादी के 35 वर्ष से कम उम्र के होने के कारण, भारत अपने इतिहास के एक अहम मोड़ पर है। सरकार इस जनसांख्यिकीय लाभांश की अपार क्षमता को पहचानती है। पिछले 12 वर्षों में, देश ने युवाओं के साथ सरकार के जुड़ाव के तरीके में एक बुनियादी बदलाव देखा है। यह दौर भारत के युवाओं को राष्ट्रीय विकास की ताकत में बदलने के लिए किए गए व्यवस्थित और परिवर्तनकारी प्रयासों को दशार्ता है। यह बदलाव शिक्षा, कौशल विकास, खेल और उद्यमिता सहित हर क्षेत्र में दिखाई देता है। युवाओं को अब केवल निष्क्रिय लाभार्थी नहीं माना जाता, बल्कि उन्हें "अमृत पीढ़ी" के रूप में पहचाना जाता है। वे 'विकसित भारत @ 2047' के मुख्य निमार्ता और सह-रचनाकार के रूप में उभरे हैं।

### युवाओं के नेतृत्व वाले विकास पर ध्यान

पिछले दशक में युवाओं के विकास के प्रति भारत के नजरिए में काफी बदलाव आया है, जो युवा और गतिशील आबादी की बदलती आकांक्षाओं और जरूरतों को दशार्ता है।

राष्ट्रीय युवा नीति (एनवाईपी) 2014 ने देश में युवाओं के विकास के लिए बुनियादी ढांचा तैयार किया। इसमें 15-29 साल के लोगों को युवा माना गया और शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास, स्वास्थ्य, खेल, सामाजिक भागीदारी और सशक्तिकरण जैसे अहम क्षेत्रों की पहचान की गई। इसका मुख्य जोर पहुँच, समावेश और संस्थागत मजबूती पर था। इसी बुनियाद को आगे बढ़ाते हुए, सरकार ने हाल के वर्षों में युवाओं के नेतृत्व वाले विकास का विजन पेश किया है। इसमें युवाओं को सिर्फ. सरकारी कार्यक्रमों का लाभार्थी के तौर पर नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण में सक्रिय साझेदार के तौर पर देखा गया है। हाल ही में प्रस्तावित राष्ट्रीय युवा नीति 2025 का ढांचा भविष्य के लिए जरूरी कौशल, उद्यमिता, नेतृत्व, नागरिक भागीदारी, डिजिटल भागीदारी और टिकाऊ विकास जैसी उभरती प्राथमिकताओं पर और जोर देता है।

### शिक्षा: हर युवा भारतीय के लिए गुणवत्ता, पहुँच और सशक्तिकरण

हाल के वर्षों में शिक्षा के प्रति भारत का नजरिया काफी बदला है। अब ध्यान सिर्फ. 'पहुँच बढ़ाने' से हटकर 'गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने' पर केंद्रित हो गया है। शिक्षा अब शहरों तक ही सीमित न रहकर दूर-दराज के इलाकों तक पहुँच रही है, ताकि सभी को समान अवसर मिल सकें। भारत के युवाओं के लिए सर्वांगीण और भविष्य के लिए तैयार करने वाली शिक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) इस बदलाव का मुख्य आधार है। यह देश भर के हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार की गई पहली व्यापक शिक्षा नीति है। यह नीति सीखने वाले को व्यवस्था के केंद्र में रखती है और अनुभव-आधारित तथा बहु-विषयक शिक्षा को बढ़ावा देती है। एनईपी 'अमृत पीढ़ी' को सशक्त बनाने और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में अहम भूमिका निभा रही है। स्कूलों को मजबूत बनाना: बुनियादी ढाँचा, समावेश और छात्रों को बनाए रखना पिछले दशक में, सरकार ने युवा सशक्तिकरण और उच्च शिक्षा की नींव के तौर पर स्कूली शिक्षा को मजबूत किया है। एनईपी 2020 के अनुरूप, स्कूली शिक्षा को प्री-प्राइमरी से लेकर सीनियर सेकेंडरी स्तर तक एक एकीकृत और निरंतर प्रक्रिया के रूप में नए सिरे से तैयार किया गया है। वर्ष 2025-26 तक, 1.49 लाख से ज्यादा स्कूलों को सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) और डिजिटल पहलों के दायरे में लाया गया है, साथ ही, 1.76 लाख से अधिक स्मार्ट क्लासरूम और 1.79 लाख आईसीटी प्रयोगशालाओं को मंजूरी दी गई है।

अलग-अलग सामाजिक और भौगोलिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं को शामिल करने और उन्हें पढ़ाई से जोड़े रखने पर खास जोर दिया गया है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) और नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालयों (एनएससीबीएवी) जैसी आवासीय स्कूली सुविधाओं ने लड़कियों और सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों वाले छात्रों, खासकर दूर-दराज और चुनौतीपूर्ण इलाकों में रहने वालों के लिए शिक्षा तक पहुँच को बेहतर बनाया है। इन कोशिशों के साथ-साथ, पीएम-जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) जैसी पहलों के तहत हॉस्टल सुविधाओं ने आदिवासी समुदायों के लिए शिक्षा के मौकों को बढ़ाया है। इन उपायों से सभी स्कूली स्तरों पर दाखिले में सुधार हुआ है और स्कूल छोड़ने वालों की दर में कमी आई है, जिससे ज्यादा भारतीय युवा माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा पूरी कर पा रहे हैं। भविष्य के लिए तैयार उच्च शिक्षा: मजबूती, तकनीक और नवाचार नई शिक्षा नीति ने उच्च शिक्षा तक पहुँचने और उसे देने के तरीके में बुनियादी बदलाव किए हैं। भारतीय युवा अब एक ऐसी शिक्षा व्यवस्था के जरिए सशक्त हो रहे हैं, जो ज्यादा सशक्त, डिजिटल रूप से सक्षम और नवाचार पर आधारित है।

# नारी के लिए सुसंस्कार ही परम आभूषण : आकांक्षा राठी

**समाज जागरण बागपत।**

आर्य प्रतिनिधि सभा जनपद बागपत के तत्वावधान में चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल बड़ौत में चल रहे आवासीय संस्कार शिविर के तीसरे दिन शिक्षिका जया आर्या ने बेटियों को सूर्य नमस्कार ,भूमि नमस्कार, प्राणायाम एवं तलवार का अभ्यास कराते हुए व्यक्तित्व विकास का पाठ पढ़ाया। संस्कार शिविर में दिल्ली से पहुंचीं सहायक महाप्रबंधक नाबार्ड आकांक्षा राठी ने संबोधित करते हुए बेटियों से कहा नारी के लिए सुसंस्कार ही परम आभूषण होता है। ई डी विभाग के डिप्टी डायरेक्टर विनीत राठी ने कहा चरित्र ही नारी का असली सौंदर्य हैं। संस्कारों से पूर्ण होना ही नारी के आभूषण होते हैं। वर्तमान समय में बेटियों को बनावटी सौन्दर्य की अपेक्षा अच्छी विचारधारा का संग्रह करना चाहिए। अच्छे विचारों के द्वारा ही आप अपना लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर सकती हैं। जिस प्रकार से व्यक्ति शरीर को चलाने के लिए भोजन करता है। ठीक उसी प्रकार से हमें मन की शांति के लिए प्रतिदिन ध्यान का अभ्यास करना चाहिए।




ऐसा करने से हम शांति के साथ अपने जीवन के सफर को आगे बढ़ाते हुए लक्ष्य की प्राप्ति तक पहुंच सकेंगे। डॉ मनीष तोमर ने वीरांगनाओं को संबोधित करते हुए कहा स्वस्थ शरीर वास्तविक धन है। विज्ञापन की दुनिया को छोड़कर हमें वैज्ञानिक योग पद्धति से जीने की कला सीखने के लिए ही शिविर का आयोजन किया जा रहा है। महर्षि दयानंद द्वारा रचित संस्कार विधि बेटियों के लिए अत्यंत उपयोगी है। अच्छी संतान का जन्म अच्छी माता द्वारा ही संभव है। इस अवसर पर डॉ शस्या तोमर ,सभा मंत्री रवि शास्त्री, चौधरी महिपाल तोमर, कपिल आर्य, अरुण आर्य वीर,सविता आर्या ,धर्मपाल त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# तेज आंधी के चलते ट्रांसफार्मर सहित विद्युत पोल गिरा,अंधेरे में रहे ग्रामीण

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में देर रात आई तेज आंधी और तूफान के कारण एक बड़ा हादसा होने से टल गया। तेज हवाओं के चलते गांव में विद्युत पोल पर रखा ट्रांसफार्मर पोल सहित अचानक जमीन पर गिर गया, जिससे विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई और पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई।अचानक बिजली गुल होने से ग्रामीणों को पूरी रात अंधेरे में गुजारनी पड़ी। तेज हवा और बूंदाबांदी के बीच ट्रांसफार्मर गिरने से गांव में अंधेरा छाया रहा। हालांकि घटना देर



रात होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह हादसा दिन के समय होता तो किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था।घटना की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन व ट्रांसफार्मर की मरम्मत का कार्य शुरू किया। विभागीय कर्मचारियों की मेहनत के बाद बिजली व्यवस्था को दोबारा सुचारू कर दिया गया।ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से गांव में जर्जर हो चुके विद्युत पोल और उपकरणों की जांच कर समय रहते मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

# शराब ठेके के पास मिला शव,क्षेत्र में फैली सनसनी,नशे की भेट चढा मृतक

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

नगर के कैराना मार्ग स्थित शराब ठेके के निकट एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। राहगीरों और आसपास के दुकानदारों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कर कानूनी कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।शनिवार सुबह शराब ठेके के आसपास मौजूद लोगों ने करीब 35 वर्षीय व्यक्ति को मृत अवस्था में पड़ा देखा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मृतक की पहचान कराने के प्रयास शुरू किए।काफी प्रयासों के बाद मृतक की पहचान जनपद बागपत के गांव ककड़ीपुर निवासी पवन के रूप में हुई। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी, जिसके बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

परिजनों ने पुलिस को बताया कि पवन लंबे समय से नशे का आदी था और अक्सर कस्बे में ही रहता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के स्पष्ट कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

**नशे की गिरफ्त में युवा पीढ़ी, एक और जिंदगी काल के गाल में समाई**

नगर एवं क्षेत्र में नशे का अवैध कारोबार लगातार फल-फूल रहा है। नशे की लत युवाओं और आम लोगों के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। नशे की गिरफ्त में आकर एक और व्यक्ति की मौत होने से क्षेत्र में चिंता का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नशे के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने की जरूरत है, ताकि भविष्य में ऐसे दर्दनाक मामलों को रोका जा सके। सूत्र बताते हैं कि कुछ पुलिसकर्मी नशे कारोबारियों के साथ मेल बनाकर रखते हैं इसी कारण नशे का कारोबार फल फूल रहा है।

# ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से युवक की मौत, चालक फरार

## --घायल को निजी अस्पताल के बाहर छोड़कर भागने का वीडियो सीसीटीवी में कैद

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

नगर एवं क्षेत्र में पुलिस की सांठगांठ से चल रहे मिट्टी से भरे वाहनों के कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है। मिट्टी खनन माफिया जहां पर्यावरण के लिए खतरा बने हुए हैं, वहीं आए दिन सड़क हादसों को भी अंजाम दे रहे हैं। शनिवार को दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर गांव नानूपुरी के समीप मिट्टी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर चालक और मालिक की तलाश शुरू कर दी है।जनपद



मुजफ्फर नगर के कस्बा बघरा निवासी रिहान पुत्र इस्लाम कस्बे के दिल्ली रोड स्थित एक होटल पर रोटी बनाने का कार्य करता था। शनिवार को वह अपनी बाइक से शामली स्थित अपने कमरे पर जा रहा था। जैसे ही वह थाना क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर हाईवे स्थित गांव नानूपुरी के समीप पहुंचा, तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से कट मार दिया, जिससे बाइक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराकर नीचे जा घुसी।बताया जा रहा है कि हादसे के समय ट्रैक्टर चालक नाबालिग था, जो ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इसी दौरान ट्रैक्टर मालिक, जो हरियाणा निवासी बताया जा रहा है, घायल युवक को लेकर कस्बे के एक निजी अस्पताल पहुंचा, लेकिन उसे अस्पताल के बाहर तड़पता छोड़कर अपनी कार से फरार हो गया। यह पूरी घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।इसके बाद सरकारी एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन अस्पताल पहुंच गए। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा फरार ट्रैक्टर चालक और मालिक की तलाश में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है चालक व मालिक की तलाश की जा रही है शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

**हादसे के बाद भी हाईवे पर दौड़ते रहे मिट्टी से भरे वाहन**

हादसे के बाद भी मिट्टी से भरे वाहन हाईवे पर बेखौफ दौड़ते रहे, जिसको लेकर नगर एवं क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक पुलिस की सांठगांठ से यह मिट्टी से भरे वाहन शाम ढलते ही नगर और क्षेत्र की सड़कों पर दौड़ने शुरू हो जाते हैं। आरोप है कि इन वाहनों के संचालन के बदले पुलिस द्वारा मोटी रकम वसूली जा रही है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# भाजपा नेता ने थाना प्रभारी पर लगाए गंभीर आरोप, प्रभारी मंत्री से की जांच की मांग

**समाज जागरण कांधला।**

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मंत्री एवं अखिल भारतीय गुर्जर देव सेना के जिला अध्यक्ष हरिमोहन चौहान उर्फ मोनू प्रधान ने थाना कांधला में तैनात प्रभारी निरीक्षक के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए जनपद के प्रभारी मंत्री को शिकायती पत्र दिया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।शिकायत पत्र में भाजपा नेता ने आरोप लगाया है कि थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश नहीं लगाया जा रहा है।उनका कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ, सट्टा एवं नशे से जुड़े कारोबार संचालित हो रहे हैं, जिससे सामाजिक माहौल प्रभावित हो रहा है और



युवाओं पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि थाना परिसर में कुछ दलाल सक्रिय हैं तथा विभिन्न कार्यों से थाने पहुंचने वाले आम नागरिकों और पार्टी कार्यकताओं के साथ उचित व्यवहार नहीं किया जाता। इससे कार्यकताओं में नाराजगी व्याप्त है।शिकायतकर्ता ने थाना प्रभारी के कार्यकाल की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात पुलिस कर्मियों के स्थानांतरण की भी मांग की है।मामले को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर चचाओं का दौर शुरू हो गया है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक पुलिस विभाग की ओर से आरोपों के संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था।

# विद्यालय परिसर में संचालित बैंक्वेट हॉल बंद करने के निर्देश

**समाज जागरण कांधला।**

हिंदू इंटर कॉलेज कांधला के परिसर एवं हरिजन छात्रावास में संचालित जश्न फार्म बैंक्वेट हॉल को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक शामली ने सख्त रुख अपनाया है। शिकायतों की जांच के बाद डीआईओएस ने कॉलेज प्रशासन को बैंक्वेट हॉल का संचालन तत्काल प्रभाव से बंद कर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।बताया गया है कि विद्यालय परिसर में बैंक्वेट हॉल संचालन की शिकायत आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुई थी। जांच में पाया गया कि विद्यालय परिसर में इस प्रकार के व्याव सायिक आयोजन होने से शैक्षणिक वातावरण एवं विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने की संभावना है।डीआईओएस द्वारा जारी आदेश में शासनादेशों एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के नियमों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया गया है कि मान्यता प्राप्त एवं सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के भवन एवं परिसर का उपयोग विवाह समारोह अथवा बैंक्वेट सेंटर के संचालन के लिए नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद संबंधित प्रबंधन द्वारा नियमों का पालन सुनिश्चित नहीं किया गया।जिला विद्यालय निरीक्षक ने विद्यालय प्रशासन को निर्देशित किया है कि बैंक्वेट हॉल का संचालन तत्काल बंद कर इसकी सूचना विभागीय कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए।

साथ ही चेतावनी दी गई है कि आदेश की अवहेलना किए जाने पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।इस संबंध में जारी पत्र की प्रतिलिपि जिलाधिकारी शामली, संयुक्त शिक्षा निदेशक सहारनपुर मंडल, विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिकायतकर्ता को भी भेजी गई है।

# तमंचे की नोक पर महिला से दुष्कर्म, अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी; मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी महिला ने गांव के ही युवक पर तमंचे की नोक पर दुष्कर्म करने तथा अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने नामजद आरोपी सहित दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी चार वर्ष पूर्व झिंझाना थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। आरोप है कि गांव निवासी शमीम पुत्र मौमिन उसकी ससुराल पहुंचा और उसके साथ

दुष्कर्म किया। कुछ समय बाद महिला अपने मायके लौट आई।महिला का आरोप है कि इसके बाद आरोपी अपने दो अन्य साथियों के साथ उसके घर पहुंचा और तमंचे की नोक पर दोबारा दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो और फोटो भी बना लीं। आरोप है कि आरोपी लगातार वीडियो और फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उसे भयभीत कर रहा है।पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी एवं दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना मुकदमा दर्ज कर लिया है जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# मामूली विवाद में युवक पर चाकू से हमला, गंभीर घायल

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में बच्चों के मामूली विवाद के बाद युवक पर चार लोगों द्वारा जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने युवक के साथ मारपीट करने के बाद उसकी छाती पर चाकू से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित पक्ष ने चार आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी कय्यूम ने बताया कि गांव में छोटे बच्चों के बीच मामूली मारपीट हो रही थी, जिसका निपटारा उसके पुत्र सोहेल ने करा दिया था। आरोप है कि इससे नाराज चार लोगों ने सोहेल को पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट की। इसी दौरान आरोपियों ने उसकी छाती पर चाकू से वार कर उसे घायल कर दिया।पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घायल अवस्था में सोहेल को लेकर वह थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने उसे काफी देर तक बैठाए रखा और समय पर उपचार नहीं कराया। बाद में घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया। पीड़ित ने चार आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# घर के बाहर खड़ी स्प्लेंडर बाइक चोरी, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**समाज जागरण कांधला।**

नगर एवं क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला मोहल्ला खेल का है, जहां घर के बाहर खड़ी एक व्यक्ति की बाइक चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी अरशद ने बताया कि उसने 10 जून की रात अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह उठकर देखा तो बाइक मौके से गायब थी। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चोर की तालाश शुरू कर दी है।नगर एवं क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर लोगों में चिंता बढ़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। अब लोगों की निगाहें पुलिस की कार्रवाई पर टिकी हैं कि चोरी हुई बाइक बरामद होती है या मामला जांच तक ही सीमित रह जाता है।

# वेतन और काम के घंटों को लेकर कानपुर में शुरू श्रमिकों का आंदोलन : किया जमकर प्रदर्शन

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां शनिवार को भी अपनी मांगों को लेकर श्रमिकों ने जमकर प्रदर्शन किया। यहां हरी मजार के पास स्थित करम कॉरपोरेशन के सैकड़ों कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतर आए। काम ठप करके कर्मचारियों ने फैक्ट्री मालिक के खिलाफ
जमकर नारेबाजी की। उनका आरोप है कि फैक्ट्री मालिक उन्हें तय मिनिमम वेतन भी नहीं दे रहे हैं। इतना ही नहीं एक शिफ्ट 8 घंटे की बजाए 12-12 घंटे की चल रही है। मजदूरों का आरोप है कि विरोध करने पर कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया जाता है। उन्हें सैलरी के नाम पर महज 7 से 8 हजार लेकर रुपये थमाए जा रहे हैं। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कर्मचारी भी शामिल थी। कर्मचारियों ने साफ कहा है, कि जब तक उनकी मांगें



पूरी नहीं होतीं, वे पीछे नहीं हटेंगे। बताते चलें कि दादा नगर डी-14 में कैरिन इंटरनेशनल चमड़े के उत्पाद बनाने वाली फैक्ट्री है। यह मुख्य रूप से लेडीज हैंडबैग, चमड़े की बेल्ट और अन्य चमड़े के सामान के निर्माण और खुदरा बिक्री के लिए जानी जाती है। यहां कार्यरत कर्मचारियों की मानें तो उन्हें सरकार की ओर से तय मिनिमम वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। इसलिए आज शनिवार को कंपनी में कार्यरत 400 से ज्यादा कर्मचारियों ने काम ठप करके अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतर आए। उनका कहना है कि तय घंटे से ज्यादा काम, ओवर टाइम का एक्स्ट्रा भुगतान नहीं दिया जाता और रविवार को भी ड्यूटी कराई जाती है। कर्मचारियों का कहना है कि उनका आंदोलन कब तक चलेगा जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं कर दी जाएंगी।

# सिसेंडी में भव्य विशाल भंडारे पर उमड़ा लोगो का जनसैलाब...

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ। ज्येष्ठ माह के पावन शनिवार को ग्राम पंचायत सिसेंडी में भक्ति, सेवा और सनातन परंपरा का भव्य स्वरूप देखने को मिला। पूर्व प्रधान राजेश जायसवाल के संयोजन तथा ग्राम प्रधान सन्नो जायसवाल एवं प्रधान पति राकेश जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित विशाल बजरंगबली भंडारा श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना। पूरे दिन चले धार्मिक आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।
कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान के साथ सुंदरकांड पाठ से हुआ। हनुमान जी के जयघोष और सुंदरकांड की चौपाइयों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम और संकटमोचन हनुमान जी की आराधना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सुंदरकांड पाठ के उपरांत सनातन परंपरा के अनुरूप कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया। कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया तथा उपहार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस भावपूर्ण दृश्य ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।इसके बाद शुरू हुआ विशाल बजरंगबली भंडारा, जिसमें श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।



क्षेत्र के विभिन्न गांवों सहित दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। अनुमानित दस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। देर शाम तक भंडारे का क्रम लगातार चलता रहा और श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही।इस अवसर पर करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू, प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र मिश्रा, महासचिव दिलीप मिश्रा, चेयरमैन प्रतिनिधि सत्यम पांडेय, मान्यता प्राप्त पत्रकार योगेंद्र तिवारी, ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला, अभिषेक शुक्ला आशु, रिंकू शर्मा, अमर सिंह, डॉ. राधेश्याम तिवारी, अजय द्विवेदी, बबलू सिंह, संजय सिंह, वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश द्विवेदी, विजय जायसवाल, मनोज यादव समेत क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजक राजेश जायसवाल एवं राकेश जायसवाल ने सभी अतिथियों का अंगवस्त्र पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक और सामाजिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और सेवा भावना को बढ़ावा देते हैं। बजरंगबली की कृपा और क्षेत्रवासियों के सहयोग से यह आयोजन भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ।पूरे आयोजन के दौरान सिसेंडी गांव श्रद्धा, भक्ति और सेवा के रंग में रंगा नजर आया। सुंदरकांड की गूंज, कन्या पूजन की पावन परंपरा और हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी ने इस आयोजन को क्षेत्र के सबसे यादगार धार्मिक आयोजनों में शामिल कर दिया।

# मोहनलालगंज पुलिस टीम की बड़ी कार्रवाई, दो मासूमों को सकुशल बरामद कर मानव तस्करी के नेटवर्क का किया बड़ा खुलासा......

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ। नाबालिग बालिकाओं को बहला-फुसलाकर राजस्थान ले जाकर शादी के नाम पर बेचने वाले एक संगठित गिरोह का मोहनलालगंज पुलिस ने पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस मामले में पहले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था, जबकि शनिवार को गिरोह के दो अन्य वांछित सदस्य पति-पत्नी को भी गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी गरीब एवं असहाय लड़कियों को निशाना बनाकर उन्हें शादी कराने के नाम पर राजस्थान में बेचते थे और इसके बदले लाखों रुपये वसूलते थे।पुलिस के अनुसार बीते 12 मई 2026 को मोहनलालगंज के गनियार निवासी कमलेशा पत्नी मुरली ने पुलिस को सूचना दी थी कि उनकी मृत पुत्री की दो नाबालिग बेटियां, जिनकी उम्र लगभग 16 और 12 वर्ष है, को उनके ही रिश्तेदार बाल अपचारी और उसकी सहयोगी प्रिया पटेल बहला-फुसलाकर कहीं ले गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए मोहनलालगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर डीसीपी अमित कुमार आनन्द ने तत्काल चार पुलिस की विशेष टीमों का गठन किया। पुलिस टीमों ने करीब 100 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। बच्चों के मोबाइल फोन बंद होने के बावजूद लगातार तकनीकी और मानवीय प्रयास जारी रखे गए। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि दोनों बालिकाओं को प्रिया पटेल और उसके सहयोगियों द्वारा ही ले जाया गया है। पुलिस ने बीते 18 मई को दोनों नाबालिग बालिकाओं को सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ और न्यायालय में दर्ज बयानों से चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि गिरोह के सदस्य अनुराग यादव, प्रिया पटेल, मोहम्मद अख्तर, एक बाल अपचारी तथा राजस्थान निवासी सोनम और उसके पति भूपेन्द्र चौहान मिलकर नाबालिग लड़कियों की खरीद-फरोख्त और जबरन शादी कराने का कारोबार चला रहे थे। आरोपी लड़कियों को उनकी मां से मिलाने, घुमाने-फिराने और अच्छे कपड़े दिलाने का लालच देकर अपने साथ ले जाते थे। इसके बाद उनकी तस्वीरें व्हाट्सएप के माध्यम से राजस्थान भेजी जाती थीं, जहां सौदा तय होने पर उन्हें कोटा क्षेत्र में ले जाकर शादी कराई जाती थी।जांच में यह भी सामने आया कि रायबरेली की एक अन्य नाबालिग लड़की को भी आरोपियों ने बहला-फुसलाकर राजस्थान ले जाकर उसकी इच्छा के विरुद्ध शादी करा दी थी। पीड़िता किसी तरह तीन दिन बाद वहां से निकलकर अपने घर लौट आई थी। न्यायालय में दर्ज उसके बयान में भी आरोपियों की करतूत की पुष्टि हुई है।पुलिस के अनुसार गिरोह की सदस्य प्रिया पटेल की मुलाकात वर्ष 2020 में राजस्थान निवासी सोनम से एक शादी समारोह के दौरान हुई थी। उसी समय सोनम ने उसे गरीब और सुंदर लड़कियों की शादी कराकर मोटी कमाई करने का लालच दिया था। इसके बाद प्रिया पटेल अपने साथी अनुराग यादव और मोहम्मद अख्तर के साथ मिलकर ऐसे परिवारों की लड़कियों को निशाना बनाने लगी, जिनके माता-पिता नहीं हैं या जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। एक लड़की की शादी कराने के एवज में प्रिया को डेढ़ से दो लाख रुपये तक मिलते थे।पुलिस ने इस मामले में पहले अनुराग यादव, मोहम्मद अख्तर, प्रिया पटेल और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शनिवार को राजस्थान निवासी भूपेन्द्र चौहान और उसकी पत्नी सोनम को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।डीसीपी दक्षिणी अमित कुमार आनन्द ने बताया कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा कमिश्नरेट पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस मामले में पुलिस टीमों ने बेहद तत्परता और पेशेवर तरीके से काम करते हुए नाबालिग बालिकाओं को सकुशल बरामद किया तथा मानव तस्करी और जबरन विवाह कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अपराधों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और पूरे नेटवर्क की गहन जांच जारी है। गिरोह से जुड़े अन्य तथ्यों और संभावित पीड़ितों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।इस सराहनीय कार्रवाई में उपनिरीक्षक सौरभ सिंह, उपनिरीक्षक अरुण कुमार दिवाकर एवं महिला कांस्टेबल शीतल चौहान सहित थाना मोहनलालगंज पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# थाना समाधान दिवस में डीसीपी दक्षिण ने सुनीं जनसमस्याएं

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज। कोतवाली परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीसीपी दक्षिण अमित आनंद ने की। उन्होंने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए।थाना समाधान दिवस में बड़ी संख्या में पहुंचे शिकायतकताओं ने भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामलों, आपसी विवादों तथा अन्य जनसमस्याओं से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराईं। डीसीपी दक्षिण ने प्रत्येक शिकायत की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी समाधान किया जाना प्राथमिकता है।इस दौरान एसीपी मोहनलालगंज आर.के. सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने भी शिकायतकताओं की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी शिकायतों का निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाएगा।थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश त्रिपाठी, राजस्व विभाग के अधिकारी, पुलिस कर्मी एवं अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि भी समाधान दिवस में उपस्थित रहे। कई मामलों का मौके पर ही



निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरणों के लिए संबंधित विभागों को समय-सीमा निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।थाना समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और किसी भी शिकायत को अनदेखा नहीं किया जाएगा। अधिकारियों की मौजूदगी में शिकायतकताओं ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं, जिससे उन्हें राहत मिलने की उम्मीद जगी।स्थानीय लोगों ने थाना समाधान दिवस की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से आमजन को अपनी समस्याएं सीधे वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिलता है और उनके समाधान की प्रक्रिया भी तेज होती है।

# खादी उत्सव सिवानी में लोहारू हलके से रिकॉर्ड संख्या में पहुंचे कार्यकर्ता, मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा क्षेत्र के विकास का एजेंडा : पूर्व कृषि विभाग जेपी दलाल

## युवाओं के रोजगार के लिए बड़ा उद्योग और किसानों-गरीबों की खुशहाली हेतु विशेष प्रोजेक्ट की कि है मांग : पूर्व कृषि मंत्री

**मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित : पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता।( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल/लोहारू, 13 जून। पूर्व कृषि एवं वित्त मंत्री जेपी दलाल ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि 17 जून को सिवानी में आयोजित होने वाले भव्य खादी उत्सव में लोहारू विधानसभा क्षेत्र से रिकॉर्ड संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा क्षेत्र के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषय उनके समक्ष रखे जाएंगे।

पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल शनिवार को लोहारू स्थित भाजपा कार्यालय तथा बहल के मार्केट कमेटी विश्राम गृह में आयोजित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की बैठकों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष लोहारू क्षेत्र में युवाओं के लिए बड़े उद्योग की स्थापना तथा किसानों और गरीब वर्ग की आर्थिक खुशहाली सुनिश्चित करने के लिए एक बड़े विकासात्मक प्रोजेक्ट की मांग रखी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में क्षेत्र को विकास की नई सौगातें मिलेंगी।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता केवल चुनावों तक सीमित नहीं रहता बल्कि वर्षभर जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान और सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करता है। यही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत और पहचान है।

**विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में निभाएं सक्रिय भूमिका**

पूर्व मंत्री जेपी दलाल ने कार्यकताओं को निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को पूर्णतः पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी युवा मतदाता बनने के पात्र होंगे।



उन्होंने कहा कि बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं के एन्यूमरेशन फॉर्म भरवाएंगे, फोटो अपडेट करेंगे तथा हस्ताक्षरित फॉर्म प्राप्त करेंगे। नए मतदाताओं के लिए फॉर्म-6 उपलब्ध करवाए जाएंगे तथा पात्र नागरिक निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने भाजपा कार्यकताओं से इस अभियान में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया। मोदी सरकार के 12 वर्ष गरीब कल्याण और विकास को समर्पित बैठक में जेपी दलाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, महिला, युवा, मजदूर और मध्यम वर्ग के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की हैं।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जनधन योजना ने करोड़ों लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा है, जबकि उज्ज्वला योजना ने गरीब महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाकर सम्मान जनक जीवन प्रदान किया है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जा रहा है तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों परिवारों को पक्के मकान मिले हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके खातों में भेजी जा रही है, जबकि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्राकृतिक आपदाओं के समय किसानों के लिए सुरक्षा कवच का कार्य कर रही है। स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना तथा पीएम सूर्य घर योजना जैसी योजनाओं ने देश में विकास और आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिखी है। जेपी दलाल ने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र अंत्योदय है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस विचार को धरातल पर उतारते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने विकसित भारत-2047 के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विश्व की अग्रणी विकसित शक्तियों में शामिल होगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे।

# ग्रामीणों में रोष, जल्द निर्माण की मांग

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) निकटवर्ती गांव देसूमलकाना में फिरनी के लंबे समय से पक्की न होने को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की मुख्य फिरनी की हालत बेहद खराब है और बरसात के दिनों में यह पूरी तरह से जोहड़ का रूप धारण कर लेती है, जिससे आम लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों ने बताया कि इसी मार्ग पर गांव का प्राइमरी लड़कियों का स्कूल स्थित है। बारिश होने के बाद फिरनी पर पानी भर जाता है तथा कीचड़ फैल जाने से छात्राओं और शिक्षकों का स्कूल पहुंचना मुश्किल हो जाता है। कई बार बच्चों को गंदे पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे उनके कपड़े और जूते खराब हो जाते हैं तथा दुर्घटना का भी खतरा बना रहता है। जिला परिषद सदस्य जसदेव सिंह निका ने ग्रामीणों के साथ मौके का दौरा करते हुए प्रशासन



और संबंधित विभाग से फिरनी को जल्द से जल्द पक्का करवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि गांव के लोगों की यह समस्या काफी समय से लंबित है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा और ग्रामीणों की सुविधा को देखते हुए इस सड़क का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। जसदेव सिंह निका ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में यदि कोई जनप्रतिनिधि या नेता गांव में आएगा तो ग्रामीण उसका घेराव कर अपनी नाराजगी दर्ज करवाएंगे।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बरसात के मौसम को देखते हुए तुरंत प्रभाव से फिरनी को

महिन्द्र सिंह पूर्व मैबर, सुरज सिहं मैबर, गगन सिंह पूर्व मैबर,अमरीक सिहं, वगड सिहं,सरवा सिहं पंडि सिंह,गंगा सिंह,जगदेव सिहँ मैबर,जसप्रीत सिंह,बलोर सिहं, आत्मा सिहं,सुखदेव सिहं,बाबू सिंह,गगनदीप सिंह,नेका सिह,जैला सिह,गुरप्रीत सिंह के इलावा अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे

# होटल के बाहर खड़ी गाड़ी में आए चोर गैस सिलेंडर और नकदी ले उड़े

## भिवानी शहर थाना में मामला दर्ज, सीसीटीवी के आधार पर जांच शुरू

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता । ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी भिवानी शहर में एक होटल से गैस सिलेंडर और नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है। अज्ञात चोर सुबह के समय एक वाहन में सवार होकर आए और होटल से तीन गैस सिलेंडर तथा गल्ले में रखी नकदी चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जगत कॉलोनी, भिवानी निवासी राजेश कुमार पुत्र नरेंद्र कुमार ने बताया कि वह पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के सामने "ऊँ शुद्ध भोजनालय" नाम से होटल संचालित करता है। शिकायतकर्ता के अनुसार 8 जून 2026 को सुबह करीब 5:50 बजे एक ऑल्टो कार, जिसका नंबर HR16B-3296 बताया गया है, होटल के सामने आकर रुकी। आरोप है कि वाहन में सवार अज्ञात व्यक्तियों ने होटल से भारत कंपनी के तीन गैस सिलेंडर तथा गल्ले में रखे लगभग तीन से चार हजार रुपये चोरी कर लिए।

घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। शिकायतकर्ता ने पुलिस से वाहन और आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

शिकायत के आधार पर थाना शहर भिवानी पुलिस ने मुकदमा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 331(4) एवं 305 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा वाहन और आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। मामले की जांच जारी है।

# बिजली के पोल में दरार व अन्य पोल झुकने से ग्रामीणों में दहशत, हादसे की आशंका

**समाज जागरण कालांवाली (सुरेश जोरासिया) निकटवर्ती**

गांव देसुमलकाना फिरनी (मुख्य रास्ते) छोटे राजवाहे के पास बिजली के पोल झुके हुए है ओर साथ ही अन्य बिजली का पोल नीचे से क्षतिग्रस्त हो चुका है' दोनो की बिजली के पोल बिजली की तारों के सहारे हवा में खड़े है तेज आंधी-तूफान आने से कोई अनहोनी घटना घटती होने कि आशंका जताई जा रही है। विभाग की व्यवस्था से जुड़ी गंभीर लापरवाही सामने आने के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बिजली के एक पोल में बड़ी दरार आ गई है, जबकि उसके साथ स्थित दो अन्य पोल भी खतरनाक तरीके से झुक गए हैं। पोलों की जर्जर स्थिति को देखकर ग्रामीण किसी भी समय बड़े हादसे की आशंका जता रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले काफी समय से पोलों की हालत खराब बनी हुई है। इन पोलों के नीचे से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, स्कूली बच्चे और वाहन गुजरते हैं।





ऐसे में यदि पोल अचानक गिर जाता है तो जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि तेज हवा, बारिश या किसी अन्य प्राकृतिक कारण से पोल गिरने की संभावना बनी हुई है। बिजली की तारें भी इन पोलों पर टिकी हुई हैं, जिससे करंट फैलने का खतरा भी बना हुआ है। लोगों ने प्रशासन और बिजली विभाग से तत्काल प्रभाव से क्षतिग्रस्त पोलों को बदलने तथा क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। इस मौके पर महिन्द्र सिंह पूर्व मैबर, सुरज सिहं मैबर, गगन सिंह पूर्व मैबर ,अमरीक सिहं, वगड सिहं,सरवा सिहं पंडि सिंह,गंगा सिंह,जगदेव सिहँ मैबर,जसप्रीत सिंह, बलोर सिहं, आत्मा सिहं, सुखदेव सिहं,बाबू सिंह,गगनदीप सिंह,नेका सिह,जैला सिह,गुरप्रीत सिंह के इलावा अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे

# तेज आंधी व तूफान ने मचाई तबाही

**समाज जागरण**

कालांवली(सुरेश जोरासिया) बीती रात शाम अचानक मौसम बदलने से आई तेज आंधी और तूफान ने भारी तबाही मचा दी। तेज हवाओं के चलते कई स्थानों पर पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। आंधी के कारण सड़कों पर आवागमन भी प्रभावित रहा और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों के अनुसार, तूफान इतना तेज था कि कई मकानों की टीन शेड और छप्पर उड़ गए। खेतों में खड़ी फसलों को भी नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। बाजार



क्षेत्र में दुकानदारों के शैड़ भी क्षतिग्रस्त हो गए' कई स्थानों पर पेड़ों की टहनियां टूटकर सड़कों पर गिरने से यातायात प्रभावित हुआ। समाचार लिखे जाने तक प्रशासन और संबंधित बिजली विभाग के कर्मचारी बिजली सप्लाई को संचालित करने में लगे हुए है बिजली विभाग के कर्मचारी ने बताया कि जल्द ही सप्लाई कर शुरू हो जाऐगी।

# जोन फि रोजपुर का जोनल निरंकारी बाल समागम श्रद्धापूर्वक आयोजित

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,13 जून :आज जोन फि रोजपुर का जोनल निरंकारी बाल समागम संत निरंकारी सत्संग भवन, फरीदकोट में श्रद्धापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर फि रोजपुर जोन की 27 ब्रांचों के सैकड़ों बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों ने कव्वाली, कविताओं, स्किट, गीत आदि के माध्यम से निरंकारी मिशन की शिक्षाओं को अत्यंत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया।इस अवसर पर विशेष रूप से श्री परमजीत सिंह मोमन, प्रचारक, श्री अमृतसर साहिब ने सत्गुरु माता जी का पावन संदेश संगत के समक्ष रखा। उन्होंने अपने प्रवचनों में कहा कि बच्चे समाज का अमूल्य अंग हैं और इन्हीं बच्चों को भविष्य में एक सुंदर समाज का निर्माण करना है। उन्होंने आगे कहा कि परिवार में माता-पिता की भूमिका बच्चों के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। माता-पिता द्वारा दिए गए संस्कार ही आगे चलकर बच्चों के जीवन में मील का पत्थर सिद्ध होते हैं।उन्होंने कहा कि हम सभी बड़े भाग्यशाली हैं कि हमारे बच्चे निरंकारी मिशन की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाकर नशों और बुरी आदतों से दूर रहते हुए एक सुंदर जीवन व्यतीत कर रहे हैं तथा अपने कर्मों के द्वारा समाज के लिए भी कल्याणकारी सिद्ध हो रहे हैं।समागम के दौरान जहाँ बच्चों में अत्यधिक उत्साह देखने को मिला, वहीं उनके माता-पिता में भी सत्गुरु के प्रति कृतज्ञता और धन्यवाद का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।संत निरंकारी मिशन ब्रांच फरीदकोट द्वारा समागम के लिए उत्कृष्ट प्रबंध किए गए। इस अवसर पर एक सुंदर प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें बच्चों को नैतिक मूल्यों की प्रेरणा देने वाले मॉडल, खेल, चार्ट आदि प्रदर्शित किए गए। समस्त बच्चों एवं साध-संगत ने पूरे समागम का भरपूर आनंद प्राप्त किया।समागम के अंत में जोनल इंचार्ज फि रोजपुर श्री एन. एस. गिल तथा ब्रांच फरीदकोट की ब्रांच इंचार्ज बहन सुरजीत कौर भाटिया ने सभी अतिथियों, प्रबंधकों, बच्चों एवं समस्त साध-संगत का हार्दिक स्वागत करते हुए उनका धन्यवाद किया। संत निरंकारी सत्संग भवन, फरीदकोट में आयोजित जोनल बाल समागम के अवसर पर संगत को प्रवचन संबोधित करते हुए प्रचारक संत परमजीत सिंह मोमन, अमृतसर। फरीदकोट में आयोजित जोनल बाल समागम के अवसर पर समूहगान प्रस्तुत करते हुए बच्चे।





# चाकू की नोक पर महिलाओं से चैन स्नैचिंग करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## चरखी दादरी पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाया मामला, सोने की चैन, चाकू व बाइक बरामद

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

चरखी दादरी पुलिस अधीक्षक चरखी दादरी के दिशा-निर्देशन में थाना शहर चरखी दादरी पुलिस ने महिलाओं के साथ चाकू की नोक पर चैन स्नैचिंग की वारदात को सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई सोने की चैन, वारदात में प्रयुक्त चाकू तथा मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है।

पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि 11 जून को पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना प्राप्त हुई थी कि दो बाइक सवार युवकों ने एक महिला से चैन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम दिया है। सूचना मिलते ही थाना शहर चरखी दादरी के उप निरीक्षक भीम सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि वह पिछले लगभग 15 दिनों से अपने मायके विद्या विहार कॉलोनी, चरखी दादरी में रह रही थी। घटना



के समय वह अपनी बहन के साथ बाजार में खरीदारी करने जा रही थी। शाम करीब 5:30 बजे जब दोनों बहनें गली नंबर-6 में पहुंचीं तो काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने चेहरे कपड़े से ढक रखे थे और दोनों बहनों की कनपटी पर चाकू रखकर उन्हें डराया-धमकाया। इसके बाद आरोपियों ने पीड़िता के गले से लगभग एक तोला वजनी सोने की चैन छीन ली और मौके से फरार हो गए। शिकायत के आधार पर थाना शहर चरखी दादरी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों एवं अन्य सुरागों के आधार पर पुलिस ने 12 जून को आरोपी मनन उर्फ विन्नू निवासी सुभाष चौक, चरखी दादरी तथा गोरख उर्फ गब्बू निवासी झज्जर घाटी, चरखी दादरी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, एक चाकू तथा लूटी गई सोने की चैन बरामद कर ली। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले की आगे की जांच जारी है।

# बीमा क्लेम समय पर मिलता तो भाजपा को चुनाव में मिलता बड़ा फायदा : जेपी दलाल

**17 जून को सिवानी में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में अधिकाधिक भागीदारी का किया आह्वान**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल हरियाणा के पूर्व कृषि एवं वित्त मंत्री जेपी दलाल ने किसानों के लंबित फसल बीमा क्लेम को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा कि यह क्लेम विधानसभा चुनावों से पहले किसानों को मिल जाना चाहिए था, लेकिन एक योजना के तहत इसे रोक दिया गया। उन्होंने दावा किया कि यदि प्रभावित किसानों को समय पर मुआवजा मिल जाता तो भाजपा को चुनाव में बड़ा राजनीतिक लाभ मिलता। शनिवार को बहल स्थित अनाज मंडी विश्राम गृह में भाजपा कार्यकताओं की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए जेपी दलाल ने कहा कि जिस बीमा कंपनी ने किसानों का बीमा किया था, वह अन्य राज्यों में ब्लैकलिस्ट हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में भी किसानों का जायज बीमा क्लेम रोका गया। जेपी दलाल ने कहा कि उनके कृषि मंत्री रहने के दौरान व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही थी, लेकिन विधानसभा चुनावों के नजदीक आते ही फसल खराबा निर्धारण के लिए क्रॉप कटिंग की बजाय सैटेलाइट आधारित नई शर्त लागू कर दी गई, जिससे बीमा क्लेम वितरण में बाधा उत्पन्न हुई। उन्होंने



कहा कि उस समय वह कृषि मंत्री नहीं बल्कि वित्त मंत्री थे, इसलिए उन्हें इस प्रक्रिया की पूरी जानकारी नहीं मिल सकी।

उन्होंने कहा कि लंबित बीमा क्लेम का सबसे अधिक प्रभाव लोहारू क्षेत्र के किसानों पर पड़ा और इस मुद्दे को विपक्ष ने चुनाव में भुनाया। यदि किसानों को समय पर मुआवजा मिल जाता तो विपक्ष को लोगों को गुमराह करने का अवसर नहीं मिलता और भाजपा को कम से कम एक हजार अतिरिक्त वोट प्राप्त हो सकते थे।

पूर्व मंत्री ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल द्वारा बिजली की हाई टेंशन (एचटी) लाइनों के लिए किसानों को मुआवजा देने के प्रावधान का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि लोहारू क्षेत्र की विभिन्न मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा और उन्हें उम्मीद है कि इन मांगों को मंजूरी मिलेगी। इस अवसर पर मंडल कोषाध्यक्ष हनुमान शर्मा पाजू, पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, सज्जन बिधनाई, नवीन बागान बिधनोई सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**17 जून को सिवानी में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में जुटें कार्यकर्ता**

कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए जेपी दलाल ने कहा कि 17 जून को सिवानी में खादी ग्रामोद्योग के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचेंगे। उन्होंने लोहारू क्षेत्र के चारों मंडलों के कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान किया।

उन्होंने कार्यकताओं को निर्देश दिए कि वे निजी वाहनों की बजाय बसों एवं सामूहिक परिवहन साधनों का उपयोग करें, जिससे ईंधन की बचत हो सके और संगठनात्मक एकजुटता भी प्रदर्शित हो।

# शुभचिंतकों ने शिवेंद्र प्रकाश द्विवेदी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना

**विजय कुमार अग्रहरी/ ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

सोनभद्र। नई पीढ़ी हिन्दी राष्ट्रीय मासिक पत्रिका व नई पीढ़ी फाऊंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्र शेखर पाण्डेय व विंध्या चल मण्डल अध्यक्ष डा रचना तिवारी व सोनभद्र जिला संवाददाता राम अनुज धर द्विवेदी ने जगत जननी मां विंध्य वासिनी देवी व श्री सिद्धेश्वर महादेव जी से शिवेन्द्र प्रकाश द्विवेदी के स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए प्रार्थना किया है। वहीं गुजरात के जिला साबरकांठा की ईडर तहसील स्थित श्री याज्ञवल्क्य वेद संस्कृत महाविद्यालय, मोडेठी के आचार्यों एवं विद्यार्थियों ने नई पीढ़ी के संस्थापक एवं प्लास्टिक्स टुडे के संपादक शिवेंद्र प्रकाश द्विवेदी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ एवं दीघार्यु की कामना के लिए विशेष वैदिक प्रार्थना का आयोजन किया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने वैदिक



मंत्रोच्चार के साथ संजीवनी मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक पाठ किया तथा भगवान से प्रार्थना की कि शिवेंद्र प्रकाश द्विवेदी शीघ्र पूर्ण स्वास्थ्य प्राप्त करें और समाज, पर्यावरण तथा युवा जागरण के क्षेत्र में अपने प्रेरणादायी कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाते रहें। इस अवसर पर महाविद्यालय के आचार्यों व चन्द्र शेखर पाण्डेय व डा रचना तिवारी व राम अनुज धर द्विवेदी सहित तमाम शुभचिंतकों ने कहा कि वैदिक परंपरा में सामूहिक प्रार्थना, मंत्र-जप और सकारात्मक संकल्प का विशेष महत्व है। साथ ही समस्त महाविद्यालय परिवार व शुभचिंतकों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय जीवन और निरंतर सफल जनसेवा की मंगलकामना व्यक्त की। यह आयोजन भारतीय संस्कृति की उस महान परंपरा का प्रतीक है, जिसमें किसी व्यक्ति के कल्याण और स्वास्थ्य लाभ के लिए सामूहिक रूप से ईश्वर का स्मरण एवं प्रार्थना की जाती है।

# पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे ग्रामीण, लकड़ी के सहारे चल रहा खराब हैंडपंप

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। जनपद के म्योरपुर ब्लॉक ग्राम पंचायत बाँसी एस आरटी में भीषण गर्मी के इस मौसम में जहाँ पानी की मांग चरम पर है,वहीं बाँसी एस आरटी टोला में पेयजल का संकट गहरा गया है। गाँव का मुख्य कई हैंडपंप/एक आरो प्लांट लंबे समय से खराब पड़ा है, जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। प्रधान प्रतिनिधि की अनदेखी के चलते अब ग्रामीण जान जोखिम में डालकर और जुगाड़ के सहारे अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं। लकड़ी के सहारे चला



रहा हैंडपंप; हैंडपंप की स्थिति इतनी जर्जर हो चुकी है कि उसका मुख्य हैंडल टूट गया पूरी तरह पानी निकालने के लिए ग्रामीणों ने एक लकड़ी के पटरे को हैंडल बनाया है। इस देसी जुगाड़ के सहारे बड़ी मशक्कत के बाद अपनी प्यास बुझा रहे हैं। हैंडपंप को चलाने में इतनी ताकत लगानी पड़ती है कि महिलाओं और बच्चों के लिए यहाँ से पानी भरना बेहद मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है 'हर घर जल योजना' का भी पानी कम समय तक कभी-कभी चलता है हम लोग अपनी प्यास बुझाने जाएं कहाँ। ग्राम प्रधान से कई बार इस संबन्ध में सुचना हम ग्रामीण दिए हैं।

# जनगणना मड़िहान तहसील में राजगढ़ ब्लॉक अव्वल, 2 हफ्ते पहले पूरा हुआ काम

**तहसीलदार आशीष कुमार पांडे के नेतृत्व में टीम ने रचा कीर्तिमान, महिला शिक्षिकाओं की विशेष सराहना**

**समाज जागरण**

मीरजापुर /भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मड़िहान तहसील ने समय से पूर्व कार्य पूर्ण कर जनपद में मिसाल कायम की है। तहसील के अंतर्गत आने वाले विकासखंड राजगढ़ ने जनगणना कार्य में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि पटेहरा विकासखंड दूसरे स्थान पर रहा। तहसीलदार आशीष कुमार पांडे के कुशल नेतृत्व और प्रशासनिक सूझबूझ के चलते 20 जून की निर्धारित अंतिम तिथि से करीब 2 सप्ताह पूर्व ही 22 मई से शुरू हुआ प्रथम चरण का कार्य पूरे तहसील क्षेत्र में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।

**207 एच एल बी में 236 कर्मियों ने संभाला मोर्चा**

जनगणना चार्ज अधिकारी व तहसीलदार मड़िहान आशीष कुमार पांडे की देखरेख में मड़िहान आंशिक क्षेत्र के 207 हाउसलिस्टिंग ब्लॉक (HLB) में कुल 34 सुपरवाइजर एवं 202 प्रगणकों की नियुक्ति की गई थी। फील्ड अफसर के रूप में एआरपी अशोक सिंह, सहायक अध्यापक अभिषेक सिंह एवं अमित विश्वकर्मा कोट को तहसील प्रशासन द्वारा जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इन अफसरों ने फील्ड में प्रगणकों को



आ रही दैनिक समस्याओं का तत्काल निराकरण कर कार्य में गति बनाए रखी।

**प्रशासनिक टीमवर्क बना सफलता का आधार**

पूरे अभियान का संचालन नायब तहसीलदार राहुल मिश्रा व अपर चार्ज अधिकारी के मार्गदर्शन में हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी राजगढ़ संजय यादव के निर्देशन में शिक्षकों की टीम ने भीषण गर्मी के बावजूद पूरे मनोयोग से लक्ष्य को निर्धारित समय से पूर्व हासिल किया। खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा,पूरी टीम ने कठिन परिश्रम कर जनपद में राजगढ़ का नाम रोशन किया है। खासकर महिला शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा, जिन्होंने विषम परिस्थितियों में भी निर्बाध रूप से कार्य पूर्ण किया।द्वितीय चरण की तैयारियां शुरूतहसीलदार आशीष कुमार पांडे ने प्रथम चरण की सफलता पर सभी कर्मियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने आगामी फरवरी 2027 में होने वाले द्वितीय चरण की जातिगत जनगणना के लिए अभी से कमर कसने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में सामने आई कुछ व्यावहारिक एवं स्थलीय कमियों को दूर करने हेतु तहसील में सहयोगी के रूप में नियुक्त लेखपाल मनीष को विशेष जिम्मेदारी दी गई है, ताकि द्वितीय चरण और अधिक सुचारु रूप से संपन्न हो सके। मड़िहान तहसील में केवल दो विकासखंड राजगढ़ और पटेहरा आते हैं, जिनमें आपसी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के चलते यह उपलब्धि हासिल हुई है। तहसील प्रशासन की इस कार्यकुशलता की पूरे जनपद में चर्चा है।

# एमडीआरटी 2026 सम्मान से रघुबर मौर्या ने बढ़ाया राजगढ़ का मान

राजगढ़ मीरजापुर / विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के ददरा गांव के रहने वाले रघुवर प्रसाद मौर्य ने कड़ी मेहनत करके बीमा के क्षेत्र में एक अलग नहीं पहचान बनाई। राजगढ़ क्षेत्र के ददरा गांव के निवासी रघुबर प्रसाद मौर्य ने अपनी मेहनत, लगन और ईमानदार कार्यशैली के बल पर एक बार फिर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शनिवार को वाराणसी के सारनाथ स्थित होटल मुद्रा में आयोजित MDRT के भव्य सम्मान समारोह में भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ मण्डल प्रबन्धक राजेश कुमार चौधरी एवं उनकी प्रबन्धन टीम जिसमें मुख्य रूप से प्रबन्धक विक्रय पंकज श्रीवास्तव एवं विकास श्रीवास्तव व प्रोडक्ट मैनेजर उपेन्द्र कुमार द्वारा उन्हें प्रतिष्ठित MDRT- USA (मिलियन डॉलर राउण्ड टेबल) 2026 उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। जैसे ही यह जानकारी राजगढ़ क्षेत्र के लोगों को मालूम हुआ तुरंत उनके घर पर जाकर एक दूसरे को मिठाई खिलाई।

यह सम्मान केवल एक व्यक्ति की सफलता नहीं, बल्कि उस संघर्ष, समर्पण और विश्वास की कहानी है, जिसने एक साधारण किसान परिवार के बेटे को अन्तरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। ददरा गांव की मिट्टी में पले-बढ़े रघुबर प्रसाद मौर्य ने सीमित संसाधनों के बीच अपने सपनों को जिन्दा रखा और निरन्तर परिश्रम के बल पर आज वह मुकाम हासिल




किया, जिस पर पूरा क्षेत्र गर्व महसूस कर रहा है।

श्री मौर्य की पहचान केवल एक सफल बीमा सलाहकार के रूप में ही नहीं, बल्कि ऐसे व्यक्ति के रूप में भी है जो अपने पॉलिसीधारकों के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहते हैं। सही वित्तीय योजना, क्लेम मामलों में त्वरित सहयोग और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के कारण उन्हें वर्ष 2021 में महामहिम राज्यपाल द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई प्रतिष्ठित मंचों पर सम्मान प्राप्त हो चुका है।

सम्मान प्राप्त करने के बाद भावुक होते हुए श्री मौर्य ने कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी नहीं है, बल्कि उनके सभी पॉलिसीधारकों, शुभचिन्तकों, सहयोगियों और परिवार के सदस्यों की है, जिनके विश्वास और सहयोग ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि लोगों का भरोसा ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है।

रघुबर प्रसाद मौर्य ने केवल स्वयं सफलता प्राप्त नहीं की, बल्कि मुख्य बीमा सलाहकार के रूप में अपनी एक मजबूत टीम तैयार कर अनेक युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान किए हैं। उनका लक्ष्य अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को सम्मानजनक रोजगार से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

जैसे ही सम्मानित होने की सूचना क्षेत्र में पहुंची, शुभचिंतकों, मित्रों और क्षेत्रवासियों द्वारा फोन एवं सोशल मीडिया के माध्यम से बधाइयों का तांता लग गया। ददरा गांव सहित पूरे राजगढ़ क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि रघुबर प्रसाद मौर्य की यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है और यह साबित करती है कि दृढ़ संकल्प, ईमानदारी और मेहनत से कोई भी व्यक्ति ऊंचाइयों को छू सकता है।

एक गरीब किसान के बेटे की यह सफलता आज पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय बन गई है।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से किशोर की हुई मौत युवक झूलसा

**समाज जागरण**

मीरजापुर /थाना क्षेत्र के मुड़पेली गांव में शनिवार की दोपहर बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से किशोर की मौत हो गई युवक झूलस गया मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने एम्बुलेंस सेवा 108 से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया है सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है किशोर के परिजनों में कोहराम मच गया है थाना क्षेत्र के परसिया गांव निवासी 25 वर्षीय अजय कुमार अपने साथ गांव निवासी 15 वर्षीय राजाराम के साथ बाइक से मुड़पेली गांव स्थित अदवा बैराज घूमने आये थे की उसी दौरान गरज चमक के साथ बारिश होने लगी की युवक व किशोर दोनों महुआ के पेड़ के नीचे रुक गए की आकाशीय बिजली गिरने से किशोर राजाराम की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि युवक झूलस कर बिहोश हो गया मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों को एम्बुलेंस सेवा 108 से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक ने किशोर राजाराम को मृत घोषित कर दिया घायल युवक का उपचार किया जा रहा है मौके पर पहुँचे किशोर के परिजनों में कोहराम मच गया है सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की आकाशीय की चपेट में आने से किशोर की मौत हुई है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

# एमएलसी श्याम नारायण सिंह ने प्रबुद्ध जनों को किया सम्मानित

**समाज जागरण**

मीरजापुर /मिजार्पुर-सोनभद्र विधान परिषद सदस्य श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह ने प्रबुद्ध जनों से मुलाकात कर उनका सम्मान किया और क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा की।अर्श हॉस्पिटल बरौधा में आयोजित कार्यक्रम में



एमएलसी श्याम नारायण सिंह ने उपस्थित बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का उल्लेख किया गया।

एमएलसी ने कहा कि प्रबुद्ध वर्ग समाज की दिशा तय करता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि ज्ञापन में उठाए गए बिंदुओं को शासन तक पहुंचाकर शीघ्र समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने समाजहित में मिलकर काम करने का संकल्प लिया।इस दौरान हॉस्पिटल के प्रबंधक अनुसूचित मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर महा नारायण भारती, मंडल अध्यक्ष मिथिलेश सिंह, दिनेश अग्रहरी, इंद्र कुमार सिंह, तारा चंद्र अग्रहरी, राजकुमार, सुनील पटेल आदि मौजूद रहे

# ग्राम पंचायत अहिरौली की महिलाओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन।

## ग्राम सभा की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ ब्लाक के ग्राम पंचायत अहिरौली की महिलाओं ने जन कल्याण सोशल सोसाइटी के नेतृत्व में डीएम वाराणसी को प्रार्थना पत्र सौंपकर ग्राम सभा की सार्वजनिक भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की मांग की।

महिलाओं ने बताया कि ग्राम पंचायत अहिरौली में स्थित गाटा संख्या 449, रकबा 0.0430 हेक्टेयर, राजस्व अभिलेखों में ह्लखाद गड्ढा/घूर गड्ढाह्व के नाम से दर्ज सरकारी भूमि है। यह भूमि सार्वजनिक हित के लिए आरक्षित है और इसका उपयोग ग्राम वासियों की सामूहिक जरूरतों के लिए किया जाना चाहिए। उक्त सरकारी भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया गया है। जिससे




ग्रामीणों में भारी असंतोष व्याप्त है। सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर निजी कब्जा ग्राम सभा की सामूहिक संपत्ति के अधिकार का उल्लंघन है।

ग्रामीण महिलाओं ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर राजस्व एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों के माध्यम से सरकारी भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम व अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए।

इस अवसर पर लल्ली देवी, धनवंती देवी, एडवोकेट कु. सुधा प्रजापति, अनीता देवी, निर्मला, आशा, अंजलि, लता गौतम, अनिल, अशोक सहित कई ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं। ज्ञापन सौंपने के बाद महिलाओं ने भूमि को सुरक्षित रखने और सार्वजनिक उपयोग बहाल करने की मांग दोहराई।

# मुख्यमंत्री योगी ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय में विज्ञान भारती के 7वें राष्ट्रीय अधिवेशन का किया उद्घाटन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय और वैदिक विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विज्ञान भारती के 7वें राष्ट्रीय अधिवेशन के उद्घाटन आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया ।दो दिनों तक चलने वाले ही संयोजन में देश भर के वैज्ञानिक शैक्षणिक जानकारी और शोधकर्ता विज्ञान की बदल रही तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमें कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

यह सत्र विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार एवं राष्ट्रीय विकास से संबंधित विचार-विमर्श की दिशा निर्धारित करेगा ।इस दौरान काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अजीत कुमार चतुवेर्दी ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और दीप प्रचलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में विज्ञान भारती के वार्षिक रिपोर्ट पुस्तिका का भी विमोचन किया।

बता दें कि भारत के सबसे बड़े विज्ञान आंदोलन विज्ञान भारती का 7वां राष्ट्रीय अधिवेशन 13 एवं 14 जून को काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी में आयोजित किया जा रहा है।

इस दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में देश-विदेश से लगभग 1200 प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं. इनमें विज्ञान भारती के सदस्य, वैज्ञानिक, शोधकर्ता, शिक्षाविद, नीति-निमार्ता, उद्योग जगत के प्रतिनिधि एवं विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ सहभागिता करेंगे। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हैं. विज्ञान भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं इंडियन नेशनल साइंस एकेडमी,नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. शेखर सी. मांडे भी उद्घाटन सत्र में सहभागिता करेंगे।

अधिवेशन में देश के प्रमुख संस्थानों एवं सरकारी संगठनों से जुड़े प्रतिष्ठित




वक्ता एवं विचारक अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

वन हेल्थ विषयक सत्र का नेतृत्व राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के अध्यक्ष डॉ. बी. एन. गंगाधर करेंगे, जिसमें शिक्षण, स्वास्थ्य एवं अनुसंधान संस्थानों से जुड़े विशिष्ट विशेषज्ञ भाग लेंगे ।विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. शिवकुमार शर्मा ने जानकारी दी कि इस अधिवेशन का उद्देश्य समसामयिक वैज्ञानिक एवं सामाजिक चुनौतियों पर सार्थक विमर्श करते हुए वैज्ञानिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर भारत के लिए एक कार्ययोजना तैयार करना है ।इस वर्ष के अधिवेशन में वन हेल्थ, विकसित भारत हेतु नेट जीरो तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं नैतिकता जैसे राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर विशेष चर्चा की जाएगी. विकसित भारत हेतु नेट जीरो विषयक सत्र का नेतृत्व मध्य प्रदेश शासन के ऊर्जा तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव मनु श्रीवास्तव करेंगे।

इस सत्र में सतत विकास एवं ऊर्जा संक्रमण से जुड़े विभिन्न आयामों पर चर्चा होगी ।राष्ट्रीय महासचिव विवेकानन्द पाई ने बताया कि अधिवेशन के दूसरे दिन कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं नैतिकता विषयक विशेष सत्र का नेतृत्व भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पूर्व सचिव तथा इंडियन नेशनल साइंस एकेडमी के पूर्व अध्यक्ष और पद्मश्री पुरस्कृत प्रो. आशुतोष शर्मा करेंगे। इस सत्र में शिक्षाविदों, नीति निमार्ताओं तथा तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा समाज हित में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उत्तरदायी एवं नैतिक उपयोग पर विचार-विमर्श किया जाएगा ।अधिवेशन में प्रसिद्ध अर्थशास्त्री एवं नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार का सार्वजनिक व्याख्यान भी आयोजित किया गया है ।इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल विशेष उद्बोधन देंगे तथा अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे।

संचालक समिति सदस्य प्रो रामनारायण द्विवेदी ने बताया विज्ञान भारती द्वारा इस अवसर पर ह्लभारत के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार नीतिह्व संबंधी प्रस्ताव पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा.

14 जून को आयोजित समापन सत्र में भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे. नीति आयोग के सदस्य प्रो. अभय करंदीकर तथा प्रो. गोवर्धन दास विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में शामिल होंगे.

विज्ञान भारती के 7वें राष्ट्रीय अधिवेशन विज्ञान भारती के क्षेत्र संगठन मंत्री अंकित राय ने जानकारी दी कि यह राष्ट्रीय अधिवेशन संवाद, सहयोग एवं नीति-निर्माण के लिए एक प्रभावी मंच सिद्ध होगा जो भारत की वैज्ञानिक क्षमताओं को सुदृढ़ करने तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

# जितेंद्र पटेल हत्याकांड के शीघ्र खुलासे की मांग

## विधायक डॉ. सुनील पटेल ने सीपी से की मुलाकात

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। रोहनिया थाना क्षेत्र के अवलेशपुर स्थित सौरभ विहार कॉलोनी में जनरल स्टोर संचालक जितेंद्र कुमार पटेल की हत्या के मामले में शनिवार को रोहनिया विधायक डॉ. सुनील पटेल ने पुलिस आयुक्त (सीपी) मोहित



अग्रवाल से मुलाकात कर घटना के शीघ्र खुलासे और आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

विधायक डॉ. सुनील पटेल ने पुलिस आयुक्त को बताया कि क्षेत्र में हुई इस सनसनीखेज वारदात से स्थानीय लोगों में आक्रोश और भय का माहौल है। उन्होंने कहा कि अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी से जनता का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत होगा। इस पर पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने विधायक को आश्वस्त करते हुए बताया कि मामले के खुलासे के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं। घटना से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है तथा प्राप्त इनपुट और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही हत्याकांड का खुलासा कर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बात दे कि बीते सोमवार की रात जनरल स्टोर संचालक जितेंद्र कुमार पटेल दुकान बंद कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान घर से लगभग 500 मीटर पहले अवलेशपुर स्थित सौरभ विहार कॉलोनी में अज्ञात हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।

इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव अजीत पटेल, पूर्व मेयर वाराणसी कौशलेंद्र पटेल, प्रमुख प्रतिनिधि प्रवेश पटेल ,पार्षद गुड्डू पटेल, मकेश पटेल,सर्वेश पटेल,आनंद पटेल, जंगबहादुर पटेल, अवधेश पटेल, अमीत पटेल,आदर्श पटेल,सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गाँधी की खादी बढ़ते कदम, तेजी से बढ़ते रहे रोजगार

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के सहयोग से खादी संस्थानों द्वारा लगातार गाँधी की खादी के बदलते कलेवर देखने को मिल रहा है जिसमे खादी प्रेमियों की खादी के प्रति उत्साह बढ़ रही है साथ ही खादी के बढ़ते कदम से रोजगार में प्रतिदिन बढ़ोतरी दर्ज हो रही है जो खादी के उन्नत भविष्य में सहायक है

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (भारत सरकार) द्वारा वर्ष 2011 तक रिबेट के रूप में मात्र 90 कार्य दिवस सब्सिडी के रूप में बिक्री पर प्राप्त होता रहो आयोग द्वारा उक्त योजना को वर्ष 2011 से बंद कर दी गयी जिसके बदले आयोग द्वारा रिबेट योजना को बंद करते हुए एम.डी.ए. योजना प्रारंभ की गयी जिसके माध्यम से वर्ष भर खादी वस्त्रों पर छूट के साथ-साथ उत्पादन से जुड़े कारीगरों को सीधे डी.बी.टी. के माध्यम से बोनस प्राप्त होने लगा जो खादी से जुड़े सभी कारीगर कत्तिन/बुनकर, कार्यकर्त्ता, सिलाई-रंगाई एवं प्रशोधन में लगे सभी मेहनतकार को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सब्सिडी रकम प्राप्त होने



लगा जो उत्पादन वृद्धि में सहायक सिद्ध हुईनकली खादी से बचाव

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (भारत सरकार) द्वारा नकली खादी बिक्री पर रोक हेतु खादी मार्का के साथ देश स्तर पर टेक्सटाइल्स कमेटी एवं अन्य जाँच एजेंसियों से खादी कपड़ों का सैम्पलिंग कराया जाता रहा है साथ ही पुरे देश के लिए खादी इंडिया लोगो के इस्तेमाल से समय-समय पर प्रोत्साहित किया जाता रहा है जिससे खादी बिक्री की एकरुपता बनी रहे एवं ग्राहकों को शुद्ध खादी का लाभ एवं पहचान मिल सकेकच्चा माल भण्डारण खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा वाराणसी क्षेत्र की संस्थाओ की मांग पर कच्चा माल की सुलभ उपलब्धता हेतु अतिशीघ्र कच्चा माल गोदाम की स्थापना की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी स्थापना की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिससे वाराणसी क्षेत्र की संस्थाओं को कच्चा माल कम खर्च पर संस्थाओं को प्राप्त होने लगेगी खादी और ग्रामोद्योग आयोग (भारत सरकार) के माननीय अध्यक्ष श्री मनोज कुमार जी के अथक प्रयास एवं वाराणसी के यशस्वी सांसद देश के माननीय प्रधानमंत्री जी की अपील से खादी की अभूतपूर्व बिक्री रु. 170551.00 करोड़ की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज हुयी जो खादी क्षेत्र के कारीगरों लिए वरदान है साथ ही साथ समय-समय पर वाराणसी क्षेत्र में माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा टूल किट्स वितरण, खादी सम्मलेन एवं खादी प्रदर्शनी आदि के माध्यम से खादी उत्पादन एवं बिक्री हेतु प्रोत्साहित किया जाता रहा जिससे लोगो को रोजगार के अवसर प्राप्त हुऐ संदीप सिंह कृषक विकास ग्राम उद्योग संस्थान सिरिहिरा के मंत्री ने कहा कि खादी मात्र एक वस्त्र नहीं, बल्कि स्वावलंबन, राष्ट्रप्रेम, सादगी और भारतीय संस्कृति की गौरवशाली पहचान है।

# आधुनिक तकनीकों से सब्जी उत्पादक किसानों की आय बढ़ाने पर जोर, एक्सपोजर विजिट का आयोजन

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। समुन्नती फाउंडेशन एवं मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन के सहयोग से चोलापुर कल्याण फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा शनिवार को सब्जी उत्पादक किसानों के लिए विशेष एक्सपोजर विजिट (परिभ्रमण कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चोलापुर विकासखंड के विभिन्न गांवों से लगभग 40 किसानों ने भाग लेकर आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

इस परिभ्रमण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को फसल तुड़ाई के बाद होने वाले नुकसान (पोस्ट हार्वेस्ट लॉस) को कम करने तथा आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उनकी आय में वृद्धि के लिए जागरूक करना था। किसानों को विभिन्न कृषि एवं भंडारण तकनीकों का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया, जिससे वे अपनी उपज की गुणवत्ता बनाए रखते हुए बाजार में बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने आधुनिक तकनीकों के प्रति गहरी रुचि दिखाई और तकनीकों का सफलतापूर्वक उपयोग कर रहे प्रगतिशील किसानों से संवाद किया। प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वैज्ञानिक खेती, उचित भंडारण एवं बेहतर प्रबंधन से उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि संभव है।

परिभ्रमण के दौरान किसानों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का कृषि विशेषज्ञों एवं अनुभवी किसानों ने विस्तार से उत्तर दिया। इससे किसानों को नई तकनीकों को अपनाने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। इस अवसर पर चोलापुर कल्याण फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के निदेशक सौरव रघुवंशी ने किसानों को नवाचार आधारित कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बदलते समय में आधुनिक तकनीकों का उपयोग ही किसानों की आर्थिक समृद्धि का आधार बन सकता है। तकनीकों के माध्यम से किसान अपनी उपज का बेहतर प्रबंधन कर अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं। आयोजकों ने बताया कि किसानों को नई तकनीकों से जोड़ने तथा उनके व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने के उद्देश्य से यह परिभ्रमण कार्यक्रम आगामी सप्ताह तक लगातार जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र के अधिक से अधिक किसान इसका लाभ उठा सकें और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें।

# मीडिया संवाद कार्यक्रम में राज्यमन्त्री सहित विधायक हुए शामिल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। सुशासन को समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा १४० करोड़ भारतीयों की निरंतर सेवा के बारह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना जी द्वारा मीडिया संवाद किया गया। जिसमें वित्त मंत्री जी ने जनपद वाराणसी की विगत 12 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियाँ भी बताई।

उन्होंने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में काशी ने अपनी प्राचीन आध्यात्मिक विरासत को आधुनिक सुविधाओं के साथ विश्व मंच पर स्थापित किया है। नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत गंगा घाटों का व्यापक पुनर्विकास, सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता एवं पर्यावरणीय संरक्षण सुनिश्चित किया गया। पंचकोशी मार्ग चौड़ीकरण पर लगभग 97 करोड़ तथा धार्मिक एवं पर्यटन विकास पर लगभग 39.30 करोड़ व्यय किए गए। पर्यटन-




आधारित अवसंरचना ने काशी को वैश्विक पहचान दिलाई है। रिंग रोड, राष्ट्रीय राजमार्गों के चौड़ीकरण, फोरलेन मार्गों, फ्लाईओवरों, रेलवे ओवरब्रिजों एवं संपर्क मार्गों के निर्माण से जनपद की यातायात व्यवस्था पूरी तरह परिवर्तित हुई है। आज वाराणसी केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे भारत के परिवर्तन, सुशासन, सांस्कृतिक पुनर्जागरण एवं समग्र विकास का प्रेरणादायी मॉडल बन चुकी है। काशी की यह विकास यात्रा "नए भारत" के निर्माण को निरंतर ऊर्जा, दिशा एवं प्रेरणा प्रदान कर रही है।

मीडिया संवाद में राज्यमन्त्री हंसराज विश्वकर्मा , भाजपा जिलाध्यक्ष रामसकल पटेल ,जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, विधायक त्रिभुवन राम, विधायक सौरभ श्रीवास्तव ,विधायक डॉ0 सुनील पटेल , डीएम सत्येन्द्र कुमार ,सीडीओ प्रखर सिंह तथा अन्य अधिकारी शामिल रहे।


# निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भंडारण योजनान्तर्गत बी.पैक्स महामलपुर, चेकसारी, कठिनई माधोपुर, मोहनपुर भवरख, पहाड़ी पचोखरा, बगहा मेडिया, दरगाह, कोलना, सहसपुरा, शेरपुर, खानजादीपुर, डोहरी जमालपुर, चौकिया, जमालपुर और पथरौर के गोदामों के सुदृढ़ीकरण व मरम्मत कार्य हेतु आगणन दर पर कार्य कराया जाना है जो पंजीकृत फर्म से निविदा दिनांक 16/06/2026 से 20/06/2026 तक समय 12:30 बजे अपरान्ह तक सम्बंधित समिति कार्यालय पर आमंत्रित किया जायेगा तथा उसी दिन 2:00 बजे अपराह्न तक सक्षम अधिकारी के समक्ष निविदा खोला' जायेगा। निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार सम्बंधित समिति/सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

**आज्ञा से**
**उपायुक्त एवं उप निबंधक/**
**सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक,**
**सहकारिता, जनपद मिर्जापुर**

# चोरी की वारदातों का पुलिस ने किया खुलासा

**समाज जागरण**

गौरेला पेंड्रा मरवाहीः जिले में बीते दिनों अलग अलग थाना क्षेत्रों में हुई चोरी की वारदातों का पुलिस ने खुलासा किया है. जीपीएम पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए लाखों रुपये मूल्य के सोने चांदी के आभूषण, वाहन, मोबाइल फोन और चोरी में प्रयुक्त उपकरण भी बरामद किए गए हैं।

**सात चोरियों में से 6 का खुलासाः** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश कुमार मिश्रा ने बताया कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार पिछले कुछ महीनों से चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं. इन मामलों में अपराध दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश की जा रही थी. जांच के दौरान कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों की जानकारी मिलने पर उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें चोरी की कई वारदातों का खुलासा हुआ।

**सभी आरोपी गौरेला पेंड्रा के रहने वालेः**

पुलिस जांच में कुल सात चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है. इनमें कोटमी थाना क्षेत्र की तीन, मरवाही थाना क्षेत्र की दो और मध्यप्रदेश के जैतहरी थाना क्षेत्र की एक चोरी की वारदात शामिल है. मामले में पेंड्रा निवासी परमिशन गोस्वामी उर्फ रवि, सूरज गोस्वामी, सुमित गोस्वामी, प्रणय पांडे, विशाल जादव तथा गौरेला के मंगली बाजार निवासी शरद काटेकर को गिरफ्तार किया गया है।

**प्रशासनिक प्रतिक्रिया :**

आरोपियों के कब्जे से करीब 40 तोला सोने के आभूषण, एक किलो चांदी, चोरी की रकम से खरीदी गई एक स्कॉर्पियो वाहन, दो मोटर साइकिल, एप्पल कंपनी के महंगे मोबाइल फोन और चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त कटर मशीन और अन्य औजार जब्त किए हैं

**चोरी के पैसों से खरीदते थे गाड़ियों और महंगा सामान**

एएसपी मिश्रा ने बताया कि आरोपियों ने चोरी से प्राप्त रकम को खर्च कर वाहन और अन्य महंगे सामान खरीदे थे. बरामदगी और पूछताछ के आधार पर पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है. सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है.

**जमुडिं एवं ऊंरा में 52 परी का खेल जोरों पर**

राजनगर। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामनगर थाना अंतर्गत जमुड़ी एवं ऊंरा में 52 परी का खेल जोर से चल रहा है। प्रत्येक दिन इस अड्डे में आसपास के जुआरी बहुतआयात में पहुंचते हैं और किस्मत आजमा रहे हैं खेलने वाले तो बर्बाद हो रहे हैं लेकिन खिलाने वाले जरूर आबाद हो रहे हैं। सूत्रों की माने तो कोई पांडे नामक युवक वामन परी खेल का संचालन कर रहा है। पुलिसिया संरक्षण में यह कारोबार पखवाड़े भर से जोर-शोर से संचालित हो रहा है।

# कटकोना में विधायक जयसिंह मरावी ने किया वृक्षारोपण, जनसंपर्क अभियान में लिया भाग

**समाज जागरण**




बुढार। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रधानमंत्री पद के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा, सुशासन एवं विकास की गाथा को जन-जन तक पहुंचाने हेतु भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत बुढार मंडल के कटकोना प्रवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कटकोना स्थित शासकीय कन्या छात्रावास परिसर में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत 5 फलदार वृक्षों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री जयसिंह मरावी जी ने सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा क्षेत्रवासियों से संवाद किया। कार्यक्रम में बुढार मंडल अध्यक्ष श्री अर्जुन सोनी जी, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती वर्षा दुबे जी एवं विद्यालय परिवार के शिक्षकगण श्री सीताराम मिश्रा, श्री दीपचंद चौरसिया, श्री सुशील कुमार पटेल, श्री अशोक कुमार शुक्ला, श्रीमती अदिति सिंह, श्रीमती राज किशोरी टोप्पो, श्रीमती रीनू शुक्ला, श्रीमती अरुणा सोनी, श्री बृजेश सिंह एवं श्री विनय सोनी उपस्थित रहे। साथ ही भाजपा नेता भागचंद सोनी दातुमल बिसनानी धर्मेंद्र जैन श्री अनिल सिंह जी, श्री पंकज सिंह जी, श्री नीलेंद्र द्विवेदी जी, श्री शिवेंद्र सिंह जी, श्री सुदीप शर्मा जी, श्री संतोष केवट जी, श्री बाल्मीकि पाण्डेय जी (मंडल महामंत्री), श्री आनंद नापित जी (मंडल कार्यालय मंत्री) एवं श्री नीलेश महरा जी (सोशल मीडिया प्रभारी) की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान जन-जन तक विकास, सुशासन एवं संगठन की विचारधारा पहुंचाने तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया गया

# विद्यालय परिसर के अंदर हो रहा 20 लख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण मामला ग्राम पंचायत सरसी का

**समाज जागरण**
**विजय तिवारी शहडोल**

एक तरफ जहां प्रदेश के मुखिया दिन रात एक करके शिक्षा दीक्षा में नौनिहाल के लिए कोई कसर न रह जाए उसके लिए दिन रात प्रयासरत हैं तो वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार पदों पर बैठे प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी नियम कानून की धज्जियां उड़ाते हुए स्कूल परिसर में ही 20 लख रुपए की लागत से स्वीकृत सामुदायिक भवन का का निर्माण कर रहे हैं ताजूब की बात तो यह है कि इसमें इस बात को भली भांति जनप्रतिनिधि और राजनीतिक दलों के कार्यकताओं ने भी चुप्पी साधी है

**यह पूरा मामला**

जनपद पंचायत गोहपारू अंतर्गत ग्राम पंचायत सरसी में 20 लख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन क्षेत्रीय विधायक के प्रयासों से क्षेत्र के विकास व ग्रामीणों की सुविधा हेतु स्वीकृत कराया गया है लेकिन उक्त भवन का निर्माण विद्यालय परिषद की बाउंड्री के अंदर मां दुर्गा के चबूतरे को तोड़कर कराया जा रहा है जहां स्थानीय जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य श्रीमती अर्चना सिंह शंकर लाल चतुर्वेदी अजय चतुर्वेदी बूथ अध्यक्ष राजू कोल सहित सभी ग्रामीणों ने निर्माण एजेंसी पर मनमानी करने का आरोप लगाया है और प्रशासन से मांग की है उक्त सामुदायिक भवन जो मतहा देवी प्रांगण जो मध्य प्रदेश शासन की भूमि पर स्थापित है वहां निर्माण कार्य जाने मांगने की है स्थानीय लोगों का कहना है सामुदायिक भवन का निर्माण मतहा मंदिर परिसर मे हो जानें से सार्वजनिक और जनहित के उपयोग में होगा किन्तु विद्यालय परिसर के अंदर निर्माण कराया जाना केवल शासन की राशि को दुरुपयोग करना होगा ग्रामीणों ने सामूहिक स्वर में इस बात का विरोध किया है ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत के उपसरपंच और उनके चाचा द्वारा यह मनमानी का कार्य बिना ग्रामीण की राय लिए बगौर कराया जा रहा है जिससे आम जनमानस में काफी रोस व्याप्त है ।गौरतलब है कि दिनांक 12.6. 2026 को क्षेत्रीय जनपद सदस्य श्रीमती अर्चना सिंह ने ऊक्त निर्माण कार्य के भूमि पूजन का भी विरोध किया था किंतु प्रशासनिक अधिकारियों मनमानी तरीके से उक्त स्थल का भूमि पूजन कर दिया ग्राम पंचायत सरसी के लिए कोई यह मामला नया नहीं है इसके पूर्व में भी वहां के स्थानीय उपसरपंच द्वारा पांचवें वित्त आयोग से नियम विरुद्ध ईदगाह में टाइल्स व फेवर ब्लॉक का निमार्ण कार्य करा ₹500000 मनमांने तरीके से तकनीकी स्वीकृत निरस्त होने के बाद भी आहरण कर लिया था उपसरपंच के मनमानी रवैया से भी आम जनमानस में काफी काफी आक्रोशहै जनमानस का यह कहना है कि उक्त सामुदायिक भवन का निर्माण मतहा मंदिरजो मध्य शासन की स्वतंत्रत भूमि मे है उस पर निर्माण कराया जाए साथ ही पांचवें वित्त आयोग से हुए निर्माण कार्य टाइल्स व पेवर ब्लॉक की विधवत जांच करा कर दोषी जनों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कराई जाए हो ताकि धार्मिक भावनाओं को अन्य वर्ग के लोगों के द्वारा ठेस न पहुंचाई जा सके अब देखने वाली बातें होगी की उक्तनिर्माण का स्थल परिवर्तन किया जाता है या फिर वही निर्माण करा दिया जायेगा

# बड़ी मां के बाद 24 घण्टे के अंदर भतीजे को निवाला बनाया टाइगर

**समाज जागरण उमरिया**

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा वन परिक्षेत्र में टाइगर का खौफ अब जानलेवा रूप लेता नजर आ रहा है।शुक्रवार को कुदरी बीट से सटे झलवार गांव की फूल बाई पति छोटे लाल सिंह को अपना शिकार बनाने के बाद उसी टाइगर ने महज 24 घंटे के भीतर शनिवार सुबह एक और खूनी हमला कर दिया। इस बार टाइगर के निशाने पर फूल बाई के 30 वर्षीय भतीजे कल्याण सिंह पिता रामकृपाल सिंह आ गए,जिनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।दो दिनों में एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है।

जिस घर में बड़ी मां की मौत का मातम पसरा था,वहां अगले ही दिन भतीजे के निधन की खबर पहुंचते ही कोहराम मच गया।परिजनों की चीख-पुकार और ग्रामीणों की आंखों में आंसू इस त्रासदी की भयावहता बयां कर रहे हैं।लगातार दूसरे दिन हुए हमले के बाद झलवार समेत आसपास के गांवों में दहशत चरम पर है।ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति नाराजगी भी देखने को मिल रही है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम उठाए गए होते तो दूसरी जान बचाई जा सकती थी।घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश, भय और असुरक्षा का माहौल है।

ग्रामीणों ने हमलावर टाइगर को तत्काल पकड़ने,प्रभावित क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।सूचना मिलते ही वन विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंच गई है तथा पूरे इलाके में निगरानी बढ़ा दी गई है।24 घंटे में दो मौतों ने एक बार फिर इंसान और वन्यजीव संघर्ष की गंभीर चुनौती को सामने ला खड़ा किया है।

# कोटरी खरीदी केंद्र में तहसीलदार ने पंहुच जब्त की अवैध गेंहू की बोरियां-जांच जारी

## कलेक्टर से शिकायत पर हुई कार्यवाही, 431 बोरी गेंहू का मामला।

**समाज जागरण विजय तिवारी**

उमरिया । जिले के मानपुर अंतर्गत सहकारी समिति मर्यादित केंद्र कोटरी का बड़ा घोटाला सामने आया है, बताया गया खरीदी केंद्र में किसानों के द्वारा लाए गई गेंहू की तौलाई 51.500 किलोग्राम की भर्ती की गई थी, जिसकी शिकायत भी कलेक्टर महोदया के यहा की गई थी, लेकिन किसानों को कार्यवाही के नाम पर केवल निराशा दिखाई दी थी, लेकिन खरीदी केंद्र कोटरी के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार का पदार्फाश हो गया है, बताया गया की दिनांक 11/06/2026 को शिकायतकर्ता, रविराज सिंह चतुर्वेदी, रामसजीवन तिवारी के द्वारा शिकायत की गई की, कोटरी खरीदी केंद्र के प्रभारी द्वारा केंद्र पर रखा हुआ 431 बोरियो को ट्रक वाहन क्रमांकः- MP-19- HA-1330 से बचा हुआ गेंहू को बाहर विक्रय हेतु ले जाने की शिकायत प्राप्त हुई, शिकायत के आधार पर तहसीलदार खरीदी केंद्र कोटरी पहुंच का शिकायत की जांच की गई, शिकायत में पाया गया की मौके पर खरीदी केंद्र के कर्मचारियों द्वारा बोरियो की तौलाई करते हुए पाए गए, वजन कांटा भी मौके पर पाया गया, व 431 बोरियो को लोडिंग करने हेतु ट्रक खड़ा पाया गया, खरीदी केंद्र के अंदर जमीन में रखा हुआ गेंहू, सड़ा हुआ पाया गया खरीदी प्रबंधक द्वारा जानकारी मांगी गई लेकिन प्रबंधक व प्रभारी द्वारा पूर्ण जानकारी उपलब्ध नही कराई गई, न ही स्टॉक रजिस्टर दिखाया गया, जिससे स्पष्ट होता है की कोटरी खरीदी केंद्र में कितना बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है, जिसकी जांच कर मौका पंचनामा तहसीलदार व हल्का पटवारी द्वारा किया गया है।

## प्राकृतिक खेती संबंधित कार्यशाला हेतु की गई चर्चा

**समाज जागरण**

शहडोल। प्रदेश से प्राप्त एवं जिले से प्राप्त निर्देशन अनुसार शहडोल जिले के किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुरेश चतुर्वेदी एवं उनकी जिला टोली के टीम के लोग उप संचालक कृषि विभाग शहडोल यादव से प्राकृतिक खेती संबंधित कार्यशाला हेतु विस्तृत चर्चा की गई एवं जिले में होने वाले प्रति विधानसभा में जो कार्यशाला में किसानों के लिए प्रदर्शनी एवं प्राकृतिक




खेती औषधि खेती करने वालों की पहचान करने के लिए रजिस्ट्रेशन के लिए चर्चा की गई उपसंचालक द्वारा बताया गया कि जल्द ही स्थान का चयन कर लिया जाएगा कलेक्टर महोदय एवं प्रभारी मंत्री से चर्चा करके स्थान का चयन किया जाएगा। इस अवसर पर सुरेश चतुर्वेदी किसान मोर्चा के अध्यक्ष ने कहा कि पूरे जिले के किसानों को अधिक से अधिक कैसे लाभ मिले और कैसे प्राकृतिक खेती के प्रति उनका रुझान हो इस संबंध में शासन एवं जन प्रतिनिधि आगे आए।

## जमुडिं एवं ऊंरा में 52 परी का खेल जोरों पर

**समाज जागरण**

राजनगर। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामनगर थाना अंतर्गत जमुड़ी एवं ऊंरा में 52 परी का खेल जोर से चल रहा है। प्रत्येक दिन इस अड्डे में आसपास के जुआरी बहुतआयात में पहुंचते हैं और किस्मत आजमा रहे हैं खेलने वाले तो बर्बाद हो रहे हैं लेकिन खिलाने वाले जरूर आबाद हो रहे हैं। सूत्रों की माने तो कोई पांडे नामक युवक वामन परी खेल का संचालन कर रहा है। पुलिसिया संरक्षण में यह कारोबार पखवाड़े भर से जोर-शोर से संचालित हो रहा है।

# भाजपा कार्यकताओं की सक्रियता ही संगठन की शक्ति हैः पवन पाटीदार

**समाज जागरण**




उमरिया। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार जिला सम्मेलन में शामिल होने उमरिया के भरौली स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे हुए थे,जहां पर प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का भाजपा कार्यकताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गयाम इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल, महामंत्री दीपक छतवानी, हरीश विश्वकर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुजा पटेल और महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष नम्रता यादव मौजूद रही।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवन पाटीदार ने कहा कि भाजपा की संगठनात्मक शक्ति कार्यकताओं की सक्रियता निष्ठा और समर्पण से निर्मित हुई है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने तथा उनकी समस्याओं को शासन प्रशासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाता है। उन्होंने कार्य कताओं से केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योज नाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने का आवाहन किया है। इसके अलावा श्री पाटीदार ने संगठनात्मक गतिविधियों सामाजिक सहभागिता एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकताओं से चर्चा की है। उमरिया जिला आगमन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्री पाटीदार का चंदिया में अपने निवास पर भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने स्वागत किया और चंदिया में ही श्री पाटीदार ने मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कारीगरों से मुलाकात कर संवाद किया है। तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष भाजपा कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने जिला सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा उपाध्यक्ष अमित सिंह सहित काफी संख्या में पिछड़ा वर्ग समाज से जुड़े लोग और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दो महीने से वेतन बंद, बोनस भी गायब – वीनस इंजीनियरिंग पर श्रमिकों का फूटा गुस्सा!

## मजदूरी नहीं मिली तो होगा उग्र आंदोलन – संविदा श्रमिक संगठन की चेतावनी

**ओबरा में श्रमिकों का बड़ा विरोध, CM योगी तक पहुंची शिकायत**

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



ओबरा/ सोनभद्र। ओबरा परियोजना की संविदाकार कंपनी वीनस इंजीनियरिंग के खिलाफ श्रमिकों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। कंपनी के दर्जनों श्रमिक अपनी समस्याओं को लेकर भारतीय संविदा श्रमिक संगठन के मंत्री उमेश पटेल के आवास पर पहुंचे और अपनी पीड़ा बताते हुए प्रार्थना पत्र सौंपा। प्रार्थना पत्र प्राप्त करने के बाद भारतीय संविदा श्रमिक संगठन ने वीनस इंजीनियरिंग के खिलाफ मोर्चा तेज कर दिया। श्रमिकों ने आरोप लगाया कि कंपनी द्वारा दो महीने से मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है, साथ ही बोनस भी नहीं दिया जा रहा, जिससे श्रमिकों और उनके परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए संगठन अध्यक्ष श्री मणि शंकर पाठक ने माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ, जिलाधिकारी, लेबर कमिश्नर तथा मुख्य महाप्रबंधक को शिकायती पत्र भेजकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

संगठन ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि वीनस इंजीनियरिंग द्वारा श्रमिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो संगठन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। संगठन का कहना है कि वह लगातार श्रमिक हितों की आवाज उठाता रहा है, लेकिन कंपनी प्रबंधन द्वारा समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। मौके पर संगठन के उपाध्यक्ष रणजीत तिवारी, कृष्ण कुमार पाठक, नॉलेश वर्मा सहित श्रमिक छोटू कुमार, चंद्रभान, सुरेंद्र कुमार, कन्हैया लाल, इंद्र कुमार यादव, राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन और संबंधित अधिकारी इस गंभीर मामले पर कितनी जल्दी कार्रवाई करते हैं, क्योंकि श्रमिकों का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है।

# मजदूरी भुगतान में हर महीने हो रहे करोड़ों के वारे न्यारे

**समाज जागरण**

सूत्रों की माने तो 50% से ज्यादा मजदूरों की मजदूरी का भुगतान के अर्थ कंपनी द्वारा एचपीसी दर के अनुसार नहीं किया जा रहा है गौरतलब कंपनी मे लगभग 200 कर्मचारी कार्यरत है जिनमें से 100 से अधिक कर्मचारियों का वेतन भुगतान आधा अधूरा ही किया जाता है कंपनी में कार्यरत एक मजदूर के जून माह की ताजी पेमेंट स्लिप के अनुसार महीने भर का मजदूरी भुगतान मात्र 16900 रुपए स्टेट बैंक के माध्यम से खाते में किया गया है एचपीसी सूची के अनुसार न्यूनतम दैनिक मजदूरी भुगतान 1320 रुपए कोल इंडिया द्वारा तय किए गए हैं लेकिन मजदूर को किए गए भुगतान 16900 के हिसाब से यह आंकड़े ₹600 से भी कम की दैनिक मजदूरी का हो जाता है ऐसे में कंपनी द्वारा किया जा रहा है भुगतान यदि एक मजदूर से ₹700 के दर से मजदूरी हिसाब से कटौती करने पर 100 x700 = ₹70000 रोज के मजदूरी भुगतान का भ्रष्टाचार किया जा रहा है अर्थात महीने का 2 करोड़ 10 लाख रुपए' आखिर कार इतने बड़े पैमाने में मजदूरों के खून पसीने की गाड़ी कमाई पर भ्रष्टाचार की काली छाया किस जिम्मेदार अधिकारी के संरक्षण पैर पसार रही है बड़ा सवाल यह है कि क्या सुहागपुर प्रबंधन कि

मिली भगत से यह सारा खेल खेला जा रहा है और यदि ऐसा नहीं है तो जिम्मेदारों की आखिर मौन सहमति क्यों है शहडोल / सुहागपुर एरिया अंतर्गत शारदा ओपन कास्ट कोयला खदान में ओवर बर्डन हटाकर कोयला निकलने का काम कर रही निजी कंपनी आर के अर्थ रिसोर्स प्राइवेट लिमिटेड स्थानीय मजदूर तथा नवीन कर्मचारीयो का जमकर घशोषण कर रही है कपनी मे पदस्थ कर्मचारियों की मजदूरी भुगतान के नाम पर आधा अधूरा वेतन का भुगतान ही किया जा रहा है कोल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा तय एचपीसी दर के नियम अनुसार कोल इंडिया में काम कर रहे कर्मचारियों को चार श्रेणी में वेतन भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया गया है अ कुशल " अर्ध कुशल" कुशल पूर्ण कुशल कोल इंडिया द्वारा जारी 1 अप्रैल 2026 की नवीन दर सूची के अनुसार सबसे न्यूनतम आ कुशल 1320 रुपए के दर से प्रतिदिन अर्ध कुशल 1354 रुपए कुशल 1387 रुपए पूर्ण कुशल 1421 के हिसाब से मजदूरी भुगतान करने का प्रावधान है लेकिन कोल इंडिया के सभी नियमों को शिथिल करते हुए कंपनी के साइड इंचार्ज रामेश्वर यादव मजदूरों का शोषण करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं अन्य क्षेत्रों से आए कॉरपोरेट के अधिकारी कभी नौकरी भर्ती के नाम पर दलाली तो कभी मजदूरों के वेतन पर ढाका आखिर यह सब किसके संरक्षण हो रहा है आखिरकार कहां है क्षेत्र बुद्ध जीवी एवं जागरूक वर्ग क्यों नदारत है कानून का पालन करवाने वाले संबंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधि.?

**उपाध्यक्ष ने कराया था अवगत**

कंपनी मे हो रहे गरीब मजदूरों के शोषण के संबंध एवं आर के अर्थ रिसोर्स प्राइवेट लिमिटेड की मजदूर विरोधी नीति एवं कंपनी की सारी अनैतिक गतिविधियों के विरोध में मोर्चा खोलते हुए संपूर्ण जानकारी क्षेत्र के नगर परिषद उपाध्यक्ष वैभव विक्रम सिंह ने कोल माइंस की संबंधित अधिकारी खान प्रबंधक तथा उप क्षेत्रीय प्रबंधक को मुहैया करते हुए न सिर्फ लिखित रूप से अवगत कराया था बल्कि पूरे मामले की जानकारी लगातार अधिकारियो के संज्ञान में तीन महीने पूर्व से ही दी गई थी लेकिन सारे मामले से अवगत जिम्मेदार अधिकारि कुंभ कर्णी निंद्रा में लीन है

या फिर अधिकारियों की गैर जिम्मेदार ना हरकत इस और भी इशारा करती है कि सारा कुछ मैनेज है तभी तो कंपनी के साइड इंचार्ज रामेश्वर यादव डंके की चोट नगर के चौक चौराहे पर कहता फिरता है कि शासन प्रशासन मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते क्योंकि सब कुछ मैनेज है

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के पटवध ग्राम पंचायत स्थित दुर्गा मंदिर के समीप शनिवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में सविता भारती (16वर्ष) पुत्री राम



अवध भारती घर में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।सूचना को पहुंची पुलिस ने मृतक किशोरी के शव को अपने कब्जे में लेते हुए आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मृतक युवती ने किन परिस्थितियों में फांसी का फंदा लगाया समाचार लिखे जाने तक ज्ञात नहीं हो सका था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही ज्ञात हो सकेगा।

# भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स इंदौर डिक्लेरेशन, वैश्विक कृषि सहयोग का नया घोषणापत्र; केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी

## कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में जारी हुआ ब्रिक्स देशों का ऐतिहासिक कृषि घोषणा - पत्र

किसान केंद्र में, दुनिया साथ मेंः केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान इंदौर से दुनिया को संदेशः लैब से खेत तक नवाचार, हर छोटे किसान तक पहुंचेगा लाभ- श्री चौहान प्राकृतिक खेती से डिजिटल एग्रीकल्चर तक, चार नए वैश्विक नेटवर्क पर सहमत ब्रिक्स देश- श्री शिवराज सिंह छोटे किसान, महिलाएं और युवाओं पर फोकस, इंदौर बैठक में बना व्यापक रोडमैप- केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान खाद्य सुरक्षा, जलवायु संकट और कृषि व्यापार पर ब्रिक्स देशों की साझा प्रतिबद्धता- श्री शिवराज सिंह देशी बीजों की सुरक्षा से कार्बन क्रेडिट तक, इंदौर में तय हुई नई वैश्विक दिशा- श्री शिवराज सिंह महंगी खाद के बीच भी किसानों को सस्ती उर्वरक, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा बोझ केंद्र सरकार उठा रही- श्री शिवराज सिंह इंदौर में आयोजित ब्रिक्स (BRICS) देशों की कृषि मंत्रिस्तरीय और अधिकारी स्तरीय बैठकों का समापन आज एक सर्वसम्मत इंदौर डिक्लेरेशन के साथ हुआ जिसमें खाद्य सुरक्षा, किसान कल्याण, जलवायु-सहनीय खेती, कृषि व्यापार और डिजिटल एग्रीकल्चर को नई दिशा देने वाले कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि वैश्विक संकट और अनिश्चितताओं के बीच ब्रिक्स देशों की यह बैठक पूरी दुनिया के लिए आशा, विश्वास और सामूहिक जिम्मेदारी का सशक्त संदेश लेकर आई है।

**बैठक का स्वरूप, ताकत और संदर्भ**

केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने सहयोगी मंत्रियों श्री रामनाथ ठाकुर और श्री भागीरथ चौधरी तथा वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में मीडिया से चर्चा में कहा कि कृषि समूह की मंत्री स्तरीय तथा उससे पहले अधिकारी स्तरीय, दोनों बैठकें सानंद, सार्थक और सफलतापूर्वक संपन्न हुई हैं। उन्होंने बताया कि सदस्य और सहयोगी देशों के लगभग 60 विदेशी प्रतिनिधियों सहित कुल लगभग 100 प्रतिनिधियों ने इस बैठक में भाग लिया जिससे यह स्पष्ट होता है कि कृषि और खाद्य सुरक्षा के प्रश्न पर ब्रिक्स देशों के बीच कितना गहरा जुड़ाव और गंभीरता है। केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ब्रिक्स देश दुनिया की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं, इनके पास वैश्विक कृषि भूमि का करीब 42 प्रतिशत हिस्सा है और विश्व के खाद्यान्न उत्पादन में भी लगभग 42 प्रतिशत योगदान इन्हीं देशों का है, इसलिए इनकी सामूहिक आवाज वैश्विक मंच पर एक प्रभावी शक्ति के रूप में उभरी है। उन्होंने इस बात पर भी गर्व व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस बार ब्रिक्स की अध्यक्षता भारत के पास है और ब्रिक्स के कृषि समूह की दोनों बैठकें- अधिकारी स्तर और मंत्री स्तर, इसी परिप्रेक्ष्य में इंदौर में संपन्न हुई हैं। चार मुख्य प्राथमिकताएंः किसान, खाद्य सुरक्षा और जलवायु श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में चार प्रमुख प्राथमिकताओं पर गहन विमर्श हुआ- दुनिया और ब्रिक्स देशों की खाद्य सुरक्षा (फूड सिक्योरिटी) और पौष्टिक आहार, ब्रिक्स देशों के बीच कृषि व्यापार और सहयोग को बढ़ावा, जलवायु परिवर्तन की चुनौती के बीच रीजेनेरेटिव फार्मिंग, जलवायु अनुकूल और सतत कृषि पद्धतियाँ, खाद्य प्रणालियों और कृषि क्षेत्र में नवाचार, तकनीक और साझेदारी को मजबूत करना। उन्होंने विशेष रूप से रेखांकित किया कि भरपूर अनाज उपलब्ध हो, साथ ही पोषणयुक्त भोजन भी सभी तक पहुंचे और जो अन्नदाता किसान दुनिया को भोजन देता है

# विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में सीआईएसएफ इकाई OTHPP ओबरा में किया गया रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

**विजय कुमार अग्रहरी/ ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**



सोनभद्र। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ( CISF) इकाई, OTHPP ओबरा द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व एवं मानव सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए दिनांक 13.06.2026 को ओबरा स्थित सीआईएसएफ कैंप में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य रक्त की आवश्यकता से जूझ रहे मरीजों/ जरूरतमंदों की सहायता करना तथा समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था ' सीआईएसएफ द्वारा देशभर में समय-समय पर ऐसे रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते रहे हैं। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ सीआईएसएफ कमांडेंट सतीश कुमार सिंह के द्वारा स्वयं रक्तदान करके किया गया ' उक्त रक्तदान शिविर जिला संयुक्त चिकित्सालय सोनभद्र के सौजन्य से डॉक्टर प्रखर केसरी तथा डॉक्टर रविंद्र प्रसाद के द्वारा आयोजित की गई। विश्व स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के शुभ अवसर पर आरक्षित निरीक्षक राकेश कुमार, उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह यादव सहित इकाई के अन्य अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। रक्तदाताओं को रक्तदान के महत्व एवं इसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। अपने संबोधन में कमांडेंट श्री सिंह ने बताया कि रक्तदान एक महादान है, जिससे अनेक जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने सभी स्वस्थ नागरिकों से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की। शिविर के सफल आयोजन में उप कमांडेंट सदा राम यादव , सहायक कमांडेंट जे टोप्पो , निरीक्षक महेश सिंह यादव , चिकित्सा दल एवं सहयोगी संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सीआईएसएफ इकाई OTHPP ओबरा की यह पहल न केवल सामाजिक सरोकारों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, बल्कि जनसेवा और मानव कल्याण के प्रति उसके समर्पण को भी रेखांकित करती है। सीआईएसएफ की विभिन्न इकाइयाँ राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ जनहित एवं मानवीय कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं।

# रात चौपाल में प्रभारी मंत्री ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

## ग्रामीणों से सीधे संवाद कर प्रभारी मंत्री, विधायक व जिलाधिकारी ने जानीं जनसमस्याएं

**विजय कुमार अग्रहरी/ ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**



सोनभद्र। केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालित "सरकार आपके द्वार" अभियान के अंतर्गत विकास खंड सदर के बहु आर गांव में शनिवार को आयोजित रात्रि चौपाल में प्रदेश सरकार के लघु एवं सूक्ष्म उद्योग मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री श्री हंसराज विश्वकर्मा ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर घोरावल विधायक डॉ. अनिल कुमार मौर्य, जिलाधिकारी चर्चित गौड़, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। रात्रि चौपाल के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, विद्युत आपूर्ति, आवास, पेंशन, राशन कार्ड, राजस्व, स्वास्थ्य एवं अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याएं एवं सुझाव प्रस्तुत किए। प्रभारी मंत्री, विधायक एवं जिलाधि कारी ने एक-एक ग्रामीण की बात गंभीरता से सुनी तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि प्रशासन स्वयं गांवों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करे।

प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास एवं जनक ल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि "सरकार आपके द्वार" अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर जनता से सीधा संवाद स्थापित करना, उनकी समस्याओं को समझना तथा पात्र व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चौपाल में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर समयबद्ध एवं संतोष जनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी एवं जनजागरूकता स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन, लाभार्थियों की संख्या एवं जनहित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही निर्देश दिए कि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सदर अजीत रावत, जिला विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमित शरण सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। रात्रि चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए अपनी समस्याओं के समाधान की अपेक्षा जताई।

# गांधी मैदान में राष्ट्रीय नवनिर्माण सेना ट्रस्ट की विशेष योग कक्षा आयोजित

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



ओबरा/ सोनभद्र। राष्ट्रीय नवनिर्माण सेना ट्रस्ट की योग सेना द्वारा गांधी मैदान में विशेष योग कक्षा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय योग गुरु श्री झलल्न शर्मा जी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय योग संरक्षक धनराज सिंह ने किया तथा उपस्थित योग साधकों को योग के महत्व, उसकी आवश्यकता एवं दैनिक जीवन में उसके लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

श्री धनराज सिंह ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को स्वस्थ एवं संतुलित रखने की वैज्ञानिक पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति अनेक रोगों से बच सकता है तथा मानसिक तनाव पर नियंत्रण प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि योग सेना द्वारा गांधी मैदान में 365 दिन निःशुल्क योग कक्षाएं संचालित की जाती हैं, जिससे समाज के सभी वर्ग लाभान्वित हो रहे हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आनन्द पटेल 'दयालु', राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय नवनिर्माण सेना ट्रस्ट ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। योग सेना द्वारा वर्ष के 365 दिन संचालित यह अभियान समाज को स्वस्थ, जागरूक और सकारात्मक दिशा प्रदान कर रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय योग गुरु श्री झलल्न शर्मा जी एवं राष्ट्रीय योग संरक्षक श्री धनराज सिंह जी को साधुवाद देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में ओबरा क्षेत्र में योग के प्रति लोगों का रुझान लगातार बढ़ रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय योग गुरु श्री झलल्न शर्मा जी ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन का आधार है। योग व्यक्ति को शारीरिक रूप से सशक्त, मानसिक रूप से शांत और आध्यात्मिक रूप से जागरूक बनाता है। उन्होंने कहा कि योग सेना का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति तक योग पहुंचाना और स्वस्थ समाज का निर्माण करना है। उन्होंने सभी लोगों से प्रतिदिन योग करने तथा अपने परिवार और समाज को भी योग के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष योग सेना श्री राम सिंह यादव, श्री राजन शर्मा, श्री विनोद कुमार चौहान, श्री लाल बहादुर यादव, श्री बिहारी लाल, श्री राम बाबू सोनकर, कुमारी चंचला चौबे एवं कुमारी श्रीजी राय सहित अनेक योग साधक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन सामूहिक योगाभ्यास एवं स्वस्थ जीवन के संकल्प के साथ हुआ। योग सेना द्वारा संचालित यह अभियान क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता एवं योग संस्कृति के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# वोर्टेक्स कप 2026 ग्लैम 11 ओबरा ने 11 स्टार को 6 विकेट से हराया, शोभित बने मैन ऑफ द मैच

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



ओबरा/ सोनभद्र। स्थानीय खेल मैदान पर खेले जा रहे भव्य रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता वोर्टेक्स कप 2026 के आठवें दिन एक बेहद रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। यह मैच ग्लैम 11 ओबरा बनाम 11 स्टार ओबरा के बीच खेला गया, जिसमें ग्लैम 11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 विकेट से जीत दर्ज की। मैच की शुरूआत में टॉस जीतकर 11 स्टार ओबरा के कप्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। निर्धारित 8 ओवरों के इस सीमित मैच में 11 स्टार की टीम ने संभलकर खेलते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 73 रन बनाए और विपक्षी टीम के सामने जीत के लिए 74 रनों का लक्ष्य रखा। 74 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्लैम 11 ओबरा की शुरूआत बेहद आक्रामक रही। टीम के बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ शॉट लगाए और मैच को एकतरफा कर दिया। ग्लैम 11 ने मात्र 5.5 ओवरों में ही 4 विकेट खोकर इस लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया और 6 विकेट से एकतरफा जीत अपने नाम की। ग्लैम 11 ओबरा के खिलाड़ी शोभित को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दलवीर समरा और मुजफ्फर खान की तरफ से मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। इस हाई-वोल्टेज मुकाबले के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में नरेंद्र राम (तहसीलदार, ओबरा) एवं रजनीश यादव (नायाब तहसीलदार) मौजूद रहे। मैच शुरू होने से पहले अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से पिच पर मुलाकात कर उनका परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजन अध्यक्ष राजेश पंडित और आयोजन सचिव प्रदीप शर्मा की देखरेख में पूरी टीम जुटी रही। प्रतियोगिता मीडिया प्रभारी अजीत सिंह, प्रबंधन समिति सोनू राय, विमलेश दीक्षित, फैजल खान, शुभम जायसवाल, आयुष माली, सिद्धार्थ गौतम, शुभम सिंह और आबिद खान। निर्णायक (अंपायर्स) रोशन सिंह एवं प्रवीण सिंह (जिन्होंने मैच में निष्पक्ष भूमिका निभाई)। स्कोरर हिमांशु कुशवाहा (जिन्होंने मैच के पल-पल के आंकड़ों को दर्ज किया) रात्रिकालीन इस टूर्नामेंट को देखने के लिए स्थानीय खेल प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ रही है, और इस जीत के साथ ही ग्लैम 11 ओबरा ने अगले दौर के लिए अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

# विश्व हिंदू महासंघ ने सत्य प्रकाश पाण्डेय को बनाया प्रदेश मंत्री , कार्यकताओं में हर्ष

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



ओबरा/ सोनभद्र। विश्व हिंदू महासंघ ने बड़ा संगठनात्मक फैसला लेते हुए जनपद सोनभद्र के ओबरा निवासी सत्य प्रकाश पाण्डेय को प्रदेश नेतृत्व में प्रदेश मंत्री नियुक्त किया है। यह नियुक्ति शुक्रवार को जनपद सोनभद्र के रावटसगंज में महासंघ द्वारा संगठन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति द्वारा घोषणा करते हुए नियुक्ति पत्र देकर की गई है। प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने बताया कि सत्य प्रकाश पाण्डेय संगठन के प्रति विगत दो दशक से समर्पित हैं। श्री पाण्डेय की कर्तव्य और निष्ठा को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है।

उक्त घोषणा होते ही जनपद सोनभद्र सहित नगर के पदाधिकारी व कार्यकताओं में उत्साह बढ़ गया। सभी पदाधिकारी व कार्यकताओं ने उन्हें फूल माला पहनाकर शुभ कामनाएं एवं बधाई दी। वहीं नव नियुक्त प्रदेश मंत्री सत्य प्रकाश पाण्डेय ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि संगठन हिंदुत्व के लिए सदैव समर्पित रहा है। शीर्ष नेतृत्व द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका पूरी निष्ठा से पालन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष गणेश श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष (मातृ शक्ति) सुमन पटेल, प्रदेश महामंत्री राजू सिंह प्रधान, प्रदेश मंत्री (मीडिया) नूतन सिंह, प्रदेश मंत्री नागेश्वर प्रसाद गौड़,

जिलाध्यक्ष विजय यादव, जिलाध्यक्ष (मीडिया) चंदन सोनी, नगर अध्यक्ष सर्वेश दुबे, नंदकेश्वर खरवार, अमित तिवारी, मनोज चौहान आदि सैकडो कार्य कर्ता मौजूद रहे।

# रात के अंधेरे में 'कारखास' का खेल ! चौकी की गाड़ी से लेकर निजी वाहनों तक गोलमाल की चर्चा तेज

**बीजेपी की सरकार में समाजवादी विचार धारा के सिपाहियों का कब्जा**

**दैनिक समाज जागरण**




डाला/ सोनभद्र। क्षेत्र में कथित तौर पर "कारखास" व्यवस्था को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है। स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा जोरों पर है कि रात्रि के समय कभी चौकी की बोलेरो, तो कभी निजी साधनों और कभी प्राइवेट चार पहिया वाहन के माध्यम से कारखासी का कार्य संचालित किया जाता है।

चचाओं के अनुसार, क्षेत्र में तैनात कुछ कर्मियों की पोस्टिंग केवल कारखासी के उद्देश्य से होने की बात कही जा रही है। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि कोई अवैध रूप से संचालित टिपरों की निगरानी में लगा है, तो कोई ट्रकों की आवाजाही पर नजर रखता है। वहीं कुछ लोगों के बारे में यह भी चर्चा है कि वे निजी बसों से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में इन गतिविधियों को लेकर तरह-तरह की चचाएं चल रही हैं। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और न ही संबंधित विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने आया है।

यदि इन चचाओं में सच्चाई जानना है, तो मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच सभी चिन्हित खारखासों की उऊफ़जांच के माध्यम से की जाय जिससे वास्तविक स्थिति सामने आ जाय, ताकि कानून व्यवस्था और प्रशासनिक पारदर्शिता पर जनता का विश्वास बना रहे।

# क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय को पुलिस लाइन में दी गई भावभीनी विदाई

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। जनपद में क्षेत्राधिकारी ओबरा के पद पर कार्यरत अमित कुमार के जनपद मिजार्पुर तथा क्षेत्राधिकारी घोरावल के पद पर कार्यरत राहुल पाण्डेय के जनपद पीलीभीत स्थानान्तरण होने के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान दोनों अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यकाल, कर्त व्यनिष्ठा एवं जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा दोनों अधिकारियों को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं भावी दायित्वों के सफल निर्वहन हेतु शुभकामनाएं प्रदान की गईं। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्म चारियों ने भी पुष्पमालाएं पहनाकर उन्हें सम्मानित किया तथा जनपद सोनभद्र में उनके कार्यकाल के दौरान कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध नियंत्रण एवं जनसामान्य के प्रति उनके संवेदनशील एवं समर्पित कार्यों की सराहना की। विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि दोनों अधिकारियों ने अपने कार्यकाल के दौरान निष्ठा, ईमानदारी एवं उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता का परिचय देते हुए पुलिस विभाग की गरिमा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया है। उनके कार्य एवं व्यवहार की मधुर स्मृतियां सदैव जनपद परिवार के साथ जुड़ी रहेंगी।

कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा, क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय, मुख्य अग्निशमन अधिकारी ( CFO), प्रतिसार निरीक्षक मो० नदीम सहित जनपद के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जनपद के समस्त थानों पर आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस, शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर दिया गया विशेष बल

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं थाना प्रभारीगण द्वारा संबंधित थानों पर उपस्थित होकर जनसामान्य की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। थाना समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों में से अनेक प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि भूमि संबंधी समस्त विवादों एवं प्रकरणों का निस्तारण पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा आपसी समन्वय स्थापित करते हुए किया जाए, जिससे फरियादियों को अनावश्यक रूप से विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा प्रकरणों का त्वरित, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।

जनपद में पूर्व से पुलिस विभाग से संबंधित 23 तथा राजस्व विभाग से संबंधित 111 प्रार्थना पत्र लंबित थे। आज आयोजित थाना समाधान दिवस में पुलिस विभाग से संबंधित कुल 05 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए तथा कुल 14 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं राजस्व विभाग से संबंधित कुल 222 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए तथा 84 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे नियमानुसार आवश्यक कार्य वाही करते हुए शिकायतों का शीघ्र, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

# घोरावल पुलिस द्वारा दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के अभियोग से संबंधित एक वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक घोरावल श्री बृजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना घोरावल पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना घोरावल पुलिस द्वारा दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट से संबंधित घटना का सफल अनावरण करते हुए एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 12.06.2026 को वादिनी द्वारा थाना घोरावल पर सूचना दी गयी कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ उसके पिता द्वारा दुष्कर्म किया गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना घोरावल पर मु0अ0सं0 130/2026 धारा 64(2)(एफ), 65(1) बीएनएस व 5N/6 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। उक्त निर्देश के क्रम में थाना घोरावल पुलिस द्वारा सक्रिय सुरागरसी एवं पतारसी करते हुए दिनांक 13.06.2026 को मुखबिर खास की सूचना पर मुक्खा मोड़ तिराहा, घोरावल के पास से मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त रामविलास पुत्र कल्लू को समय 08:35 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही उपरांत माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

# जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के नेतृत्व में निर्धारित तिथि से पूर्व शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण

## जिलाधिकारी ने अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया एवं जनता का जताया आभार

**विजय कुमार अग्रहरी/ ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**



सोनभद्र। जनगणना-2027 के प्रथम चरण "मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य" में जनपद सोनभद्र ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है यह उपलब्धि जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के कुशल नेतृत्व, प्रभावी मॉनिटरिंग एवं सभी संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। विशेष बात यह रही कि जनपद ने यह कार्य निर्धारित अंतिम तिथि 20 जून, 2026 से काफी पहले शत-प्रतिशत पूर्ण कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी , जनगणना निदेशालय की प्रतिनिधि प्रियासा सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, सभी चार्ज अधिकारी, सूचना विज्ञान अधिकारी, अर्थ एवं संख्याधिकारी, सूचना अधिकारी, समस्त अपर जनगणनाधिकारी तथा इस कार्य में लगे शिक्षकों, राजस्व कर्मियों, हिंडालको एवं ग्रासिम इंडस्ट्रीज के स्टाफ सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों को हार्दिक बधाई दी। जिलाधिकारी ने जनपद के मीडिया प्रतिनिधियों, पत्रकार बंधुओं, प्रबुद्ध नागरिकों एवं आमजन द्वारा प्रदान किए गए व्यापक सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सोनभद्र की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद यह सफलता जनपदवासियों की सहभागिता, टीम भावना और प्रशासनिक प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

# अनियंत्रित बाइक ट्री गार्ड से टकराई, सवार गंभीर रूप से घायल , जिला अस्पताल रेफर

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



दुद्धी/ सोनभद्र। कोतवाली क्षेत्र के जाबर-शाहपुर गाँव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-39 पर शुक्रवार शाम करीब 6 बजे एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे ट्री गार्ड से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार जुम्मन शाह (60) पुत्र स्व. सफीक मोहम्मद निवासी कस्बा वार्ड नंबर 7 कल्लीबहरा गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों व ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार जुम्मन शाह महुली से दुद्धी की ओर बाइक से आ रहे थे। कनहर पुल से पहले नए बैरियर के समीप उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे ट्री गार्ड से टकरा गई। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग और राहगीर तुरंत घटनास्थल पर जमा हो गए और घटना की सूचना 112 पुलिस टीम व परिजनों को दी गई। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस व परिजन घायल को तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी दुद्धी ले गए। सीएचसी की चिकित्सक डॉ. वरुणा निधि ने बताया कि जुम्मन शाह के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# मशहूर शूटर जसपाल राणा का मणिकर्णिका घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। भारत के महानतम निशानेबाजों में शुमार और पेरिस ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर के कोच रहे पद्मश्री जसपाल राणा (49) का पार्थिव शरीर शनिवार को विशेष चार्टर विमान से वाराणसी एयरपोर्ट लाया गया। दिल्ली के अस्पताल में अंतिम सांस लेने के बाद उनके पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी लाया गया है। हवाई अड्डे पर मौजूद खेल जगत से जुड़े लोगों, प्रशंसकों और अधिकारियों ने उन्हें अश्रुपूरित विदाई दी।पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, जसपाल राणा ने अपने जीवनकाल में कई बार यह इच्छा जताई थी कि उनका अंतिम संस्कार मोक्षदायिनी काशी के मणिकर्णिका घाट पर किया जाए। उनकी इसी अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए परिवार ने देहरादून या दिल्ली के बजाय वाराणसी में उनका अंतिम संस्कार करने का फैसला लिया। हवाई अड्डे से उनके पार्थिव शरीर को सीधे मणिकर्णिका घाट ले जाया जा रहा है।जसपाल राणा पिछले कुछ दिनों से दिल्ली के मैक्स साकेत अस्पताल में भर्ती थे, जहाँ उन्होंने शुक्रवार सुबह अंतिम सांस ली। बताया जा रहा है कि जर्मनी से भारत लौटते समय फ्लाइट में ही उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनके दिल में स्टेंट भी डाला गया था, लेकिन तमाम कोशिशों के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका।

# खड़ी बस में बाइक सवार ने मारी टक्कर

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। जंसा थाना क्षेत्र के बड़ौरा बाजार में शनिवार दोपहर करीब 1 बजे एक बाइक सवार युवक खड़ी बस से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वाराणसी के लल्लापुरा निवासी दिलशाद पुत्र मुस्लिम किसी कार्य से भदोही गया था। वहां से वापस लौटते समय बड़ौरा बाजार में सड़क किनारे खड़ी बस में उनकी बाइक पीछे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि इलेक्ट्रिक बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसा होते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और तत्काल डायल 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाथी पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

# लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर आधारित राष्ट्रकथा आज से

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन पर आधारित तीन दिवसीय जय श्री वल्लभ राष्ट्रकथा का आयोजन 14 से 16 जून तक किया जाएगा।

यह राष्ट्रकथा वाराणसी के सिंधोरा मार्ग स्थित एलेक्स चिकित्सालय, सूतबलपुर द्वार परिसर में आयोजित होगी। कार्यक्रम में गुजरात से पधारे राष्ट्रकथावाचक हरिभाई पटेल बल्लभानंद जी महराज अपने मुखारविंद से सरदार पटेल के जीवन, व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान का वर्णन करेंगे।

राष्ट्रकथा का शुभारंभ 14 जून को सायंकाल 4 बजे पूर्व सांसद बालकुमार पटेल तथा राष्ट्रकथा संरक्षक सदस्य प्रमोद सिंह पटेल द्वारा आरती के साथ किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, तीनों दिनों में विभिन्न विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य व्यक्तियों के साथ पूर्व एवं वर्तमान विधायक, सांसद तथा मंत्रियों के भी शामिल होने की संभावना है।

कार्यक्रम के संयोजक विजय कुमार पटेल ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर राष्ट्रकथा का श्रवण करने की अपील की है।

# श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के अनुरोध पर एसआईटी का गठन

## तीन सदस्यीय दल करेगा आरोपों की गहन जांच

**समाज जागरण**

लखनऊ, 13 जून। योगी सरकार ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुरोध पर विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। यह दल तीर्थ क्षेत्र में दानपात्रों को लेकर लगाए जा रहे आरोपों की जांच कर शासन को अपनी रिपोर्ट देगा। लखनऊ के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, आईजी रेंज किरण एस. तथा विशेष सचिव (वित्त) नील रतन कुमार को एसआईटी का सदस्य बनाया गया है।

गौरतलब है कि अयोध्या स्थित तीर्थ क्षेत्र में दान पात्रों को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों को गंभीरता से लेते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विशेष जांच दल गठित किए जाने का अनुरोध किया था। ट्रस्ट के अनुसार, अफवाहों पर रोक लगाने और मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए इसकी गहन जांच आवश्यक है। यह तीर्थ क्षेत्र की छवि और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था को चोट पहुंचाने की गहरी साजिश है, जिसका पदार्फाश होना बेहद जरूरी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्रस्ट के इस अनुरोध को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से तीन वरिष्ठ अधिकारियों के विशेष जांच दल का गठन किया है। यह टीम पूरे प्रकरण की गहन छानबीन कर अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेगी।

# तम्बाकू फैक्ट्री में कर्मचारियों की मिलीभगत से लाखों की चोरी

## गोदाम से गायब हुई 20 बोरी तम्बाकू, तीन नामजदों पर मुकदमा

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।चोलापुर थाना क्षेत्र के असेटुआ,हरहुआ गांव स्थित एक तम्बाकू पैकेजिंग फैक्ट्री में कर्मचारियों और स्थानीय व्यक्ति की कथित मिलीभगत से लाखों रुपये की तम्बाकू चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। फैक्ट्री संचालक की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है, क्योंकि आरोप सीधे फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारियों पर लगाया गया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम असेटुआ, पोस्ट मुर्दहा बाजार निवासी रवि कुमार यादव पुत्र विजय लाल यादव आरके इंटरप्राइजेज नामक प्रतिष्ठान का संचालन करते हैं, जहां सादी तम्बाकू की पैकेजिंग का कार्य किया जाता है। रवि यादव ने चोलापुर पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उनकी कंपनी में कार्यरत कर्मचारी रणधीर निवासी परचल, रसूलपुर जनपद हरदोई तथा लवकुश राजभर निवासी सलारपुर, वाराणसी ने कंपनी के निकट रहने वाले सुरेन्द्र पटेल निवासी ग्राम अईली, पोस्ट तिवारीपुर, थाना चौबेपुर के साथ मिलकर सुनियोजित तरीके से फैक्ट्री से तम्बाकू चोरी करने का काम शुरू कर रखा था। पीड़ित के अनुसार, पिछले कुछ समय से फैक्ट्री के स्टॉक में लगातार कमी देखने को मिल रही थी। शुरूआत में इसे हिसाब-किताब की त्रुटि समझा गया, लेकिन जब नुकसान बढ़ने लगा तो आंतरिक स्तर पर जांच की गई। जांच के दौरान संदेह गहराने पर चोरी की आशंका प्रबल हुई। आरोप है कि संबंधित लोग फैक्ट्री से तम्बाकू निकालकर स्थानीय बाजार में बेच रहे थे, जिससे कंपनी को लगातार आर्थिक नुकसान हो रहा था। रवि यादव ने तहरीर में बताया कि गोदाम का निरीक्षण करने पर 20 बोरी तम्बाकू गायब मिली। चोरी हुई तम्बाकू की अनुमानित कीमत करीब एक लाख रुपये बताई गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए चोलापुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि चोरी की घटनाएं कब से चल रही थीं और अब तक कितनी मात्रा में तम्बाकू गायब की जा चुकी है। साथ ही चोरी के माल की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रभारी निरीक्षक चोलापुर सधुबन राम गौतम ने बताया कि फैक्ट्री संचालक की तहरीर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305 एवं 331(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

# योग से शरीर व मष्तिष्क दोनो स्वस्थ होते है, इसे अपनाकर स्वस्थ जीवन का आनन्द मिलता है

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को विकास खंड कार्यालय हरहुआ प्रांगण में योग एवं प्राणायाम कार्यक्रम आयोजित किया गया।

योग कार्यक्रम में द्वय प्रशिक्षकों डॉ0 अशोक मिश्रा, एस मिश्रा ने प्राणायाम ,बज्रासन,अनुलोम विलोम, भ्रस्तका, सुर्दशन क्रिया व आसन सहित कई योगासन कराया। कहा कि मन ,चित्त ,वाणी को साधना ही योग है। 100 साल तक जीने के लिए चार प्रमुख नुख्से पहला संतुलित आहार , दूसरा व्यायाम ,तीसरा मानसिक - आध्यात्मिक जीवन शैली और चौथा सामाजिक सम्बन्ध।अगर जिंदगी का पूरा मजा उठाना है तो सिर्फ जीवन शैली में बदलाव लाना होगा।योग और प्राणायाम में नियमितता सबसे महत्वपूर्ण है। इसका निरंतर अभ्यास कई गंभीर बीमारियों से बचाव करने के साथ शरीर व मस्तिष्क दोनो स्वस्थ होते हैं।

बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि दिन भर सरकारी व गैर सरकारी कर व्यक्ति थक जाता है। ऐसे में हर ब्लाक कर्मचारी को व्यस्त समय से वक्त निकालकर योग की क्रिया जीवन मे अपनाए।

कार्यक्रम में एडीओ पंचायत कमलेश कुमार सिंह, सचिव रवि सिंह ,एडीओ एस टी शैलेन्द्र सिंह ,लिपिक रविन्द्र यादव ,सफाई कर्मी दिनेश राजभर ,संजय यादव,राजकुमार यादव सहित अन्य ब्लॉक कर्मियों ने योग के गुणों को सीखा।

# शिक्षा से संवर रहा भविष्य: योगी सरकार दे रही अनाथ बच्चों के सपनों को नई उड़ान

**समाज जागरण**

लखनऊ, 13 जूनः कोविड महामारी में अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों के लिए योगी सरकार अभिभावक की भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के तहत अनाथ और बेसहारा बच्चों को न केवल आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, बल्कि उनके बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा को भी प्राथमिकता दी गई है। महिला कल्याण विभाग के द्वारा सरकार 8085 बच्चों को लैपटॉप वितरित कर उन्हें डिजिटल शिक्षा से जोड़ चुकी है। डिजिटल युग में यह पहल बच्चों के लिए ज्ञान और अवसरों के नए द्वार खोल रही है। इससे वो ऑनलाइन अध्ययन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और तकनीकी दक्षता हासिल करने में सक्षम हो रहे हैं।

वहीं 11 से 18 वर्ष तक के बच्चों को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और अटल आवासीय विद्यालयों में कक्षा 12 तक निःशुल्क प्रदान कर रही हैं। योजना के अंतर्गत प्रत्येक बच्चे को प्रतिमाह उसकी शिक्षा जारी रखने के लिए 4 हजार रुपये प्रतिमाह की सहायता भी दी जा रही है। यह पहल बच्चों के सपनों को नई उड़ान देने का माध्यम बन रही है।

**निःशुल्क शिक्षा के साथ आर्थिक संबल**

योगी सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि संसाधनों के अभाव में कोई भी बच्चा अपनी पढ़ाई अधूरी न छोड़े। योजना के अंतर्गत 11 से 18 वर्ष तक के बच्चों को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों और अटल आवासीय विद्यालयों में कक्षा 12 तक निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही प्रत्येक पात्र बच्चे को 4 हजार रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता भी प्रदान की जा रही है। यह सहायता बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इससे किताबें, स्टेशनरी और अन्य जरूरी शैक्षिक संसाधन जुटाने में मदद मिलती है। सरकार का यह प्रयास सामाजिक सुरक्षा और शिक्षा के समन्वित मॉडल के रूप में सामने आया है।

**प्रतिस्पर्धी माहौल से जुड़ रहे बच्चे**

लैपटॉप वितरण और आधुनिक शैक्षिक सुविधाओं के माध्यम से बच्चों को प्रतिस्पर्धी माहौल से जोड़ने की दिशा में भी प्रभावी कार्य किया जा रहा है। शिक्षा आधारित यह मॉडल बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए भी तैयार कर रहा है।

**योगी सरकार का प्रयास है कि ये बच्चे आत्मनिर्भर बनेः निदेशक**

योगी सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि महामारी से प्रभावित कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। निःशुल्क शिक्षा, आर्थिक सहायता और डिजिटल संसाधनों के माध्यम से बच्चों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।

# चेन स्नेचरों का आतंक: कुकर क्लीनर बेचने के बहाने पहुंचे बदमाश, वृद्धा के गले से झपटी सोने की चेन

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।चोलापुर थाना क्षेत्र में चेन स्नेचरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामला चंदापुर चौकी क्षेत्र के साई गांव ,हरहुआ का है, जहां दिनदहाड़े दो बाइक सवार बदमाशों ने कुकर साफ करने वाला पाउडर बेचने के बहाने पहुंचकर एक वृद्धा के गले से सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार साई गांव निवासी लाल बहादुर कन्नौजिया ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके घर के पास कुकर साफ करने वाला पाउडर बेचने वाला एक व्यक्ति पहुंचा था। इसी दौरान आसपास की एक महिला ने पाउडर खरीदने से इनकार कर दिया। तभी लाल बहादुर की मां भी घर से बाहर निकलकर वहां खड़ी हो गईं। आरोप है कि इसी बीच बाइक सवार दो बदमाश मौके का फायदा उठाकर वृद्धा के गले से सोने की चेन झपटकर फरार हो गए। घटना इतनी तेजी से हुई कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही बदमाश आंखों से ओझल हो चुके थे। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित परिवार ने चंदापुर चौकी पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। प्रभारी निरीक्षक चोलापुर सधुवन राम गौतम ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 304(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है तथा आरोपितों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।दिनदहाड़े हुई इस वारदात से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि गांवों में बाहरी लोगों की गतिविधियां बढ़ने से इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं।

# घर में घुसकर विधवा महिला की अस्मिता पर हमला, दरवाजे तोड़कर घुसे देवर समेत दो पर मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।चोलापुर थाना क्षेत्र में एक विधवा महिला के घर में जबरन घुसकर उसके साथ अभद्रता और जानलेवा धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर शुक्रवार को पुलिस ने देवर समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की एक विधवा महिला ने आरोप लगाया कि बीते 10 जून की रात वह अपनी बच्चियों के साथ घर में सो रही थी। देर शाम अचानक उसके दरवाजे पर जोर-जोर से पीटने की आवाज आने लगी। महिला ने बताया कि वह जाग गई और अपनी बड़ी बेटी को भी जगा दिया, लेकिन किसी अनहोनी की आशंका से दरवाजा नहीं खोला। आरोप है कि इसके बाद उसका देवर और एक अज्ञात व्यक्ति घर के आंगन में कूद गए तथा दरवाजा खोलने का दबाव बनाने लगे। जब महिला ने दरवाजा नहीं खोला तो आरोपियों ने घर का मुख्य दरवाजा और आंगन का दरवाजा क्षतिग्रस्त कर दिया। महिला का आरोप है कि घर में घुसने के बाद आरोपियों ने उसकी अस्मिता को ठेस पहुंचाने तथा उसे नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। महिला के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़िता ने तत्काल डायल-112 पर सूचना दी, लेकिन बारिश के कारण समय पर सहायता नहीं पहुंच सकी। पीड़िता ने अपनी जान को खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा और कठोर कार्रवाई की मांग की है।

प्रभारी निरीक्षक चोलापुर सधुबन राम गौतम ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 333, 351(3) एवं 324(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# योगी सरकार में तेजी से आकार ले रहा गोरखपुर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, पूर्वांचल को मिलेगी नई पहचान

**- चंद दिनों में ही लगभग 6.73 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा, 30 हजार दर्शकों के बैठने की होगी व्यवस्था**

**- खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस होगा स्टेडियम परिसर**

**- 392.94 करोड़ की लागत से बन रहा विश्वस्तरीय क्रिकेट स्टेडियम, 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य**

**समाज जागरण**

लखनऊ 13 जूनः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश खेल अवसंरचना के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इसी क्रम में गोरखपुर में निमार्णाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम तेजी से आकार ले रहा है। लगभग 392.94 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का करीब 6.73 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। आधुनिक सुविधाओं से लैस यह स्टेडियम न केवल पूर्वांचल बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**करीब 46 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगा, दर्शकों की क्षमता 30 हजार होगी**

योगी सरकार का यह ड्रीम प्रोजेक्ट गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलने वाला साबित होगा। स्टेडियम का 16 मई 2026 को भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम हुआ था। इसके बाद से निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। मिट्टी भरने का काम पूरा हो गया है। पाइलिंग का काम चल रहा है। खेल निदेशालय के मुताबिक, वर्तमान में स्टेडियम का भौतिक निर्माण कार्य लगभग 6.73 प्रतिशत पूरा हो चुका है और कार्य निर्धारित समय सीमा के अनुसार आगे बढ़ रहा है। सरकार का लक्ष्य 23 दिसंबर 2027 तक इस महत्वाकांक्षी परियोजना को पूर्ण करना है। करीब 46 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाला यह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम 30 हजार दर्शकों की क्षमता वाला होगा।

**खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए होंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं**

गोरखपुर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण के लिए वित्तीय संसाधनों की भी मजबूत व्यवस्था की गई है। इस परियोजना हेतु पेट्रोलियम मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने सीएसआर फंड से 100 करोड़ रुपये उपलब्ध कराने पर सहमति दी है। शेष राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जा रही है। परियोजना को गति देने के लिए राज्य सरकार ने प्रथम किस्त के रूप में 63 करोड़ 39 लाख रुपये की धनराशि भी स्वीकृत कर दी है। इस खेल परिसर में खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। स्टेडियम का निर्माण ग्राउंड प्लस टू फ्लोर मॉडल पर किया जा रहा है।

**अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप लगेंगी लाइट्स**

मुख्य मैदान में खिलाड़ियों के लिए सात प्लेइंग पिच और चार प्रैक्टिस पिच बनाई जाएंगी। रात्रिकालीन मुकाबलों के आयोजन को ध्यान में रखते हुए स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप चार हाई मास्ट फ्लड लाइट्स लगाई जाएंगी। इससे दिन-रात दोनों समय मैच आयोजित किए जा सकेंगे। स्टेडियम के निर्माण से क्षेत्र के युवाओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की मेजबानी का अवसर भी प्राप्त होगा। इससे गोरखपुर की पहचान केवल धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी के रूप में ही नहीं, बल्कि एक प्रमुख खेल केंद्र के रूप में भी स्थापित होगी।

**क्रिकेट हब के रूप में तैयार हो रहा उत्तर प्रदेश- खेल सचिव**

खेल सचिव सुहास एल.वाई. ने बताया कि उत्तर प्रदेश देश में क्रिकेट हब के रूप में डवलप हो रहा है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम वाराणसी का काम पूरा होने की स्टेज पर है। इसी तरह गोरखपुर में निर्माण कार्य तेजी पर है और अयोध्या का स्टेडियम बनकर तैयार है। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में आईपीएल मैच हो रहे हैं। खेल निदेशक आरपी सिंह ने कहा कि गोरखपुर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण से पूर्वांचल में खेलों को नई दिशा मिलेगी। गोरखपुर और आसपास के जिलों में क्रिकेट समेत अन्य खेलों की सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय खिलाड़ियों को अब अपनी प्रतिभा निखारने के लिए बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

# 15 जून से उड़ान भरेगा उत्तर प्रदेश का भविष्य, शुरू होगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से विमानों का संचालन

**- लखनऊ से पहली उद्घाटन उड़ान पहुंचेगी जेवर, इंडिगो बनेगी पहली लॉन्च कैरियर**

**- प्रधानमंत्री मोदी ने किया था देश की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट परियोजनाओं में शामिल जेवर एयरपोर्ट का शुभारंभ**

**- योगी सरकार के इंफ्रास्ट्रक्चर विजन को मिलेगी नई उड़ान, भविष्य में 22.5 करोड़ यात्रियों की क्षमता वाले वैश्विक एविएशन हब के रूप में होगा विकसित**





**समाज जागरण**

लखनऊ/नोएडा, 13 जून। उत्तर प्रदेश के विकास इतिहास में 15 जून 2026 एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में शामिल नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) से वाणिज्यिक उड़ान सेवाओं की शुरूआत होने जा रही है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश देश के सबसे बड़े एविएशन, लॉजिस्टिक्स और कनेक्टिविटी हब के रूप में अपनी नई पहचान की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाएगा।

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो 15 जून से एयरपोर्ट पर अपनी सेवाएं शुरू करेगी और इस एयरपोर्ट की पहली लॉन्च कैरियर बनेगी। उद्घाटन दिवस पर पहली उड़ान सुबह 7:05 बजे लखनऊ से रवाना होकर 8:05 बजे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचेगी। इसके बाद नोएडा से बेंगलुरु के लिए पहली नियमित वाणिज्यिक उड़ान संचालित की जाएगी।

**प्रधानमंत्री मोदी ने किया था उद्घाटन**

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट परियोजना को केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित विकास मॉडल का भी प्रतीक माना जा रहा है। एयरपोर्ट के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर भारत की कनेक्टिविटी, व्यापार और आर्थिक विकास के लिए ऐतिहासिक परियोजना बताया था। प्रधानमंत्री ने कहा था कि जेवर एयरपोर्ट विकसित भारत के संकल्प को गति देने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश, लॉजिस्टिक्स और पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकसित यह परियोजना आज प्रदेश के तेजी से बदलते इंफ्रास्ट्रक्चर परिदृश्य की पहचान बन चुकी है।

**योगी सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में शामिल जेवर एयरपोर्ट**

गौतमबुद्ध नगर जिले में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को उत्तर प्रदेश सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी आधारभूत संरचना परियोजनाओं में शामिल किया जाता है। एयरपोर्ट के लिए लगभग 1334 हेक्टेयर (करीब 3300 एकड़) भूमि का अधिग्रहण किया गया। परियोजना को तेजी से आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार ने विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों से आवश्यक अनुमतियां प्राप्त कर निर्धारित समय में निर्माण कार्य पूरा कराया।

**पहले चरण में 1.2 करोड़ यात्रियों की क्षमता**

एयरपोर्ट का पहला चरण पूरी तरह तैयार हो चुका है। पहले चरण में यह एयरपोर्ट प्रतिवर्ष 1.2 करोड़ यात्रियों को संभालने की क्षमता रखेगा। डीजीसीए द्वारा 6 मार्च 2026 को एयरपोर्ट को एयरोड्रोम लाइसेंस भी जारी किया जा चुका है। वर्तमान चरण में एक रनवे, अत्याधुनिक टर्मिनल भवन और एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर सहित सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित की गई हैं।

**भविष्य में बनेगा दुनिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट्स में से एक**

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का विकास चार चरणों में किया जा रहा है। वर्ष 2031 तक इसकी क्षमता बढ़ाकर तीन करोड़ वार्षिक यात्रियों की जाएगी। वर्ष 2036 तक यह क्षमता पांच करोड़ और वर्ष 2040 तक सात करोड़ यात्रियों तक पहुंच जाएगी। अंतिम विस्तार के बाद एयरपोर्ट पर पांच रनवे होंगे और इसकी कुल क्षमता 22.5 करोड़ यात्रियों तक पहुंच जाएगी, जो इसे दुनिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट्स में शामिल करेगी।

**पश्चिमी यूपी और एनसीआर का नया एविएशन गेटवे**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के तीसरे एयरपोर्ट के रूप में विकसित यह प्रोजेक्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, राजस्थान और उत्तराखंड के लाखों यात्रियों के लिए नया विकल्प बनेगा। इंडिगो चरणबद्ध तरीके से एयरपोर्ट को लखनऊ, बेंगलुरु, हैदराबाद, अमृतसर, चंडीगढ़, धर्मशाला, जयपुर, नवी मुंबई, पंतनगर और श्रीनगर सहित 16 से अधिक शहरों से जोड़ेगी।

**एक लाख रोजगार और निवेश का नया केंद्र**

राज्य सरकार के अनुसार एयरपोर्ट परियोजना से लगभग एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। एयरपोर्ट के आसपास औद्योगिक, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग, हॉस्पिटैलिटी और सेवा क्षेत्र में बड़े निवेश की संभावनाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। आने वाले वर्षों में जेवर क्षेत्र उत्तर भारत के सबसे बड़े औद्योगिक और सेवा क्षेत्र केंद्र के रूप में विकसित होगा।

# खाद्य प्रसंस्करण में नंबर-1 बना उत्तर प्रदेश, देश का सबसे बड़ा फूड प्रोसेसिंग हब

**- 3.50 लाख से अधिक इकाइयों के साथ यूपी ने हासिल किया पहला स्थान**

**- योगी सरकार की नीतियों, कृषि समृद्धि और निवेश ने बढ़ाई रफ्तार**

**- मजबूत लॉजिस्टिक्स और कुशल कार्यबल से उद्योग को मिल रही नई ऊंचाई**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 13 जून। उत्तर प्रदेश ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में देशभर में अपनी मजबूत पहचान स्थापित की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश में 3,50,883 खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां संचालित हो रही हैं, जिससे यूपी इस क्षेत्र में देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है। समृद्ध कृषि आधार और प्रचुर मात्रा में कच्चे माल की उपलब्धता ने उद्योग को मजबूती प्रदान की है। निवेशक-अनुकूल नीतियां, बेहतर बुनियादी ढांचा और मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क प्रदेश को खाद्य प्रसंस्करण का प्रमुख केंद्र बना रहे हैं। कुशल एवं अर्धकुशल कार्यबल की उपलब्धता से उत्तर प्रदेश तेजी से देश के खाद्य प्रसंस्करण महाशक्तिस्थल के रूप में उभर रहा है।

**यूपी में 3.5 लाख से अधिक इकाइयां**

उत्तर प्रदेश ने महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश में कृषि आधारित कच्चे माल की प्रचुर उपलब्धता, मजबूत नीतिगत समर्थन और निवेश के अनुकूल वातावरण ने इस क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। यूपी में जहां 3,50,883 कुल इकाइयां है वहीं महाराष्ट्र में 2,29,372 पश्चिम बंगाल में 3,22, 590 तमिलनाडु में 1,78,527 कर्नाटक में 1,27, 458 बिहार में 1,45,300 आंध्रप्रदेश में 1,54,330 गुजरात में 94,066 राजस्थान में 1,01, 666 और तेलंगाना में 80,392 यूनिट है। इस तरह कुल 24.59 लाख यूनिट है।

**यूपी के 2.5 लाख से ज्यादा श्रमिक दे रहे योगदान**

योगी सरकार की उद्योग और कृषि हितैषी नीतियों का असर रोजगार के क्षेत्र में भी दिखाई दे रहा है। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े उद्योगों के विस्तार से लाखों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। दूध उत्पादन, गन्ना और सब्जियों के उत्पादन में भी उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी बना हुआ है, जिससे उद्योगों को पर्याप्त कच्चा माल उपलब्ध हो रहा है। वहीं कुल उद्यमों में उत्तर प्रदेश की 14 से 15 फीसदी तक हिस्सेदारी है जो अन्य राज्यों की तुलना में सबसे अधिक है। इसी प्रकार रोजगार के क्षेत्र में भी यूपी के 2.5 लाख से ज्यादा श्रमिक योगदान दे रहे हैं। कृषि कच्चे माल के मामले में उत्तर प्रदेश का स्थान भारत में सबसे ऊंचा है। यूपी देश में खाद्य प्रसंस्करण की सबसे बड़ी संभावनाओं वाला राज्य है।

**फल और सब्जी उत्पादन में यूपी का दबदबा, 9 फसलों में देश में नंबर-1**

फलों और सब्जियों की पैदावार ने उत्तर प्रदेश को देश का कृषि प्रधान बना दिया है। आम, अमरूद, आलू, मटर, लौकी, सिंघाड़ा, तरबूज, खरबूजा और शिमला मिर्च के उत्पादन में उत्तर प्रदेश ने देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। देश में आम का कुल उत्पादन 336.21 लाख मीट्रिक टन है, जिसमें से अकेले उत्तर प्रदेश 61.94 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन कर रहा है। अमरूद के मामले में भी प्रदेश अग्रणी है।

# तीन मंजिला मकान से गिरकर लोजपा नेता वीरेंद्र तिवारी का निधन, शहर में शोक की लहर

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

13 जून। नगर परिषद क्षेत्र स्थित लाइन मोहल्ला निवासी एवं लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के नेता तथा समाजसेवी वीरेंद्र तिवारी (40 वर्ष) का शनिवार को अपने तीन मंजिला निजी आवास से गिरकर निधन हो गया। घटना शनिवार दोपहर करीब एक बजे की बताई जा रही है। इस दुखद हादसे से पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, वीरेंद्र तिवारी अपने आवास पर मौजूद थे। इसी दौरान किसी कारणवश वे तीन मंजिला भवन से नीचे गिर गए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों एवं परिजनों ने उन्हें बचाने का हरसंभव प्रयास किया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार घटना के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

वीरेंद्र तिवारी राजनीति के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाते थे। वे आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहते थे और क्षेत्र में एक मिलनसार एवं लोकप्रिय नेता के रूप में जाने जाते थे। हॉस्पिटल रोड स्थित उनकी हार्डवेयर की दुकान थी, जहां उनका प्रतिदिन लोगों से संपर्क बना रहता था। सामाजिक एवं जनहित के कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी के कारण वे लोगों के बीच काफी सम्मानित थे।

उनके असामयिक निधन से राजनीतिक, सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र को गहरा आघात पहुंचा है। वे अपने पीछे एक पुत्र सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकताओं, व्यापारियों एवं शुभचिंतकों का उनके आवास पर पहुंचना शुरू हो गया। सभी ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

# चार दिनों से अंधेरे में मानिकपुर, बिजली विभाग की घोर लापरवाही से उबल पड़ा ग्रामीणों का गुस्सा

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

13 जून। ठाकुरगंज। सरकार भले ही गांव-गांव तक निर्बाध बिजली पहुंचाने के दावे कर रही हो, लेकिन कनकपुर पंचायत के मानिकपुर गांव की हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। पिछले चार दिनों से पूरा गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। ट्रांसफॉर्मर खराब होने के कारण बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है, लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाह रवैये के कारण अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।



ग्रामीणों का कहना है कि मानिकपुर में बिजली संकट कोई नई बात नहीं है। पिछले एक महीने से लगातार बिजली की आंख-मिचौली जारी है। बार-बार आपूर्ति बाधित होने से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई बार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद विभाग के जिम्मेदार अधिकारी केवल आश्वासन देने तक सीमित हैं, जबकि जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। चार दिनों से बिजली गुल रहने के कारण बच्चों की पढ़ाई चौपट हो गई है। भीषण गर्मी में लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने से ग्रामीणों को अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मोबाइल फोन तक चार्ज नहीं हो पा रहे हैं और रोजमर्रा के कामकाज बुरी तरह प्रभावित हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि जब संबंधित जूनियर इंजीनियर (जेई) से संपर्क किया गया तो उन्होंने बिजली बहाल होने में दो-तीन दिन और लगने की बात कहकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। इस जवाब ने लोगों के गुस्से को और भड़का दिया है।

ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि आखिर बिजली विभाग किस घटना का इंतजार कर रहा है? यदि ट्रांसफॉर्मर खराब था तो उसे तत्काल बदलने की व्यवस्था क्यों नहीं की गई? लोगों का आरोप है कि विभाग की लापरवाही और सुस्त कार्यप्रणाली के कारण हजारों ग्रामीण बुनियादी सुविधा से वंचित हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी कोई चिंता नहीं है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों से अविलंब हस्तक्षेप कर नया ट्रांसफॉर्मर लगाने और बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग और प्रशासन की होगी।

# पटना के मसौढ़ी में पुलिस मुठभेड़ के दौरान कुख्यात हैदर घायल

## आठ घंटे तक इलाज के लिए दर-दर भटका, अंततः मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के मनीचक गांव में शुक्रवार देर शाम पुलिस और अपराधियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में गोली लगने से घायल कुख्यात अपराधी मोहम्मद हैदर की इलाज के अभाव में मौत हो गई। घटना के बाद हैदर के साथी उसे बचाने के लिए रात भर शहर के एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल भटकते रहे, लेकिन पुलिस केस के डर से कहीं भी उसे भर्ती नहीं कराया गया। आखिरकार शनिवार अहले सुबह उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार शाम करीब 7:30 बजे मनीचक गांव में अपहरण की एक घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।




जवाबी कार्रवाई में कुख्यात मोहम्मद हैदर गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके साथी उसे लेकर पहले पुनपुन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहाँ से उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। हालांकि, कानूनी पचड़ों और गिरफ्तारी के डर से उसके साथी उसे सरकारी अस्पताल ले जाने के बजाय कंकड़बाग स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। वहां से भी इलाज नहीं मिलने पर वे उसे बाईपास स्थित दूसरे निजी अस्पताल ले गए। पूरी रात इलाज के लिए शहर भर में भटकने के बाद शनिवार की तड़के करीब तीन बजे उसे पारस अस्पताल ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत घोषित होते ही उसके साथी शव को वहीं छोड़ फरार हो गए। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि पूरी साजिश एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा थी। अपराधियों ने डछ पर मोबाइल खरीदने-बेचने का झांसा देकर एक युवक को मनीचक गांव बुलाया था। वहां पहुंचते ही आधा दर्जन अपराधियों ने युवक को बंधक बना लिया, उसके साथ मारपीट की और लूटपाट के बाद उसकी हत्या की योजना बना रहे थे। इसी बीच सूचना पाकर मसौढ़ी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।पुलिस को देखते ही अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस हमले में मसौढ़ी थाना के अतिरिक्त थानाध्यक्ष (अधिवक्ता) राहुल कुमार के पैर में गोली लगी, जबकि एएसआई संजय कुमार के हाथ को छूते हुए गोली निकल गई। घायल होने के बावजूद पुलिस टीम ने मोर्चा संभाले रखा और जवाबी कार्रवाई में हैदर को ढेर कर दिया, जबकि उसके अन्य साथी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने अपहृत युवक को सकुशल बरामद कर लिया है और घायल पुलिसकर्मियों का इलाज एम्स में चल रहा है। पूर्वी पटना के पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने बताया कि मृतक हैदर एक पुराना अपराधी था, जिस पर पूर्व में हत्या समेत कई मामले दर्ज थे। वह कुछ माह पूर्व ही जेल से जमानत पर बाहर आया था। पुलिस ने इस मामले में अपहरण, पुलिस पर जानलेवा हमला और आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। एसपी के अनुसार, फरार हुए अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए मसौढ़ी, पुनपुन और आसपास के क्षेत्रों में छापेमारी तेज कर दी गई है। पुलिस ने दावा किया है कि इस गिरोह के सभी सदस्यों को जल्द ही सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

# पटना में फुटपाथी दुकानदारों को मिलेगा स्थायी ठिकाना

## 124.4 करोड़ की लागत से बनेंगे 19 आधुनिक वेंडिंग जोन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी की सड़कों पर अतिक्रमण और यातायात की समस्या को दूर करने के साथ ही फुटपाथी दुकानदारों को सम्मान जनक रोजगार उपलब्ध कराने के लिए पटना नगर निगम ने बड़ी पहल की है। कदम कुआं वेंडिंग जोन की तर्ज पर अब शहर के विभिन्न हिस्सों में 124.4 करोड़ रुपये की लागत से 19 आधुनिक वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे। इस परियोजना से करीब 4400 फुटपाथी दुकानदारों को अब सड़क किनारे दुकान लगाने की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी। नगर निगम ने इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए कुल 760.81 डिसमिल जमीन चिह्नित कर ली है। प्रत्येक वेंडिंग जोन में 200 से 235 दुकानें व्यवस्थित तरीके से स्थापित की जाएंगी। योजना का विस्तार करते हुए भविष्य में कुल 31 वेंडिंग जोन बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे कुल 7200 वेंडरों को स्थायी व्यावसायिक स्थल प्राप्त होगा।परियोजना के क्रियान्वयन के लिए 200 करोड़ रुपये का 'म्यूनिसिपल बॉन्ड' जारी किया जाएगा। नगर निगम का यह प्रस्ताव अब अंतिम चरण में है और अगले दो माह के भीतर बॉन्ड जारी होने की पूरी उम्मीद है। इन वेंडिंग जोनों को जी प्लस वन और जी प्लस टू जैसी संरचनाओं के साथ आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा।




सर्वाधिक आठ वेंडिंग जोन नूतन राजधानी अंचल में बनाए जाएंगे। इसके अलावा पाटलिपुत्र, बांकीपुर, अजीमाबाद और पटना सिटी अंचल में भी आधुनिक वेंडिंग परिसर तैयार किए जाएंगे। नगर निगम का मानना है कि इन जोनों के बनने से शहर का यातायात सुगम होगा और फुटपाथ अतिक्रमण से मुक्त होंगे। हालांकि, शहर में पंजीकृत वेंडरों की संख्या 20,862 है, लेकिन पिछले करीब दस वर्षों से नए वेंडर कार्ड जारी नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में दुकानदार आज भी पहचान पत्र से वंचित हैं। निगम की इस पहल से उम्मीद जगी है कि आने वाले समय में इन दुकानदारों के लिए भी कोई सकारात्मक कदम उठाया जाएगा।

# पटना में बारात गया था परिवार, पीछे से चोरों ने घर खंगाला, 10 लाख नकद और लाखों के जेवर चोरी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ थाना अंतर्गत कसाई मोहल्ला में शादी समारोह का फायदा उठाकर चोरों ने एक घर को अपना निशाना बनाया। परिवार जब बेटे की बारात से वापस लौटा तो घर का सारा सामान बिखरा हुआ था और लाखों रुपये के नकद व कीमती गहने गायब थे। पीड़ित मोहम्मद जाकिर कुरैशी ने बताया कि उनके बेटे मोहम्मद फैजान की शादी मुजफ्फरपुर में थी। 12 जून को पूरा परिवार बारात में शामिल होने के लिए मुजफ्फरपुर गया हुआ था। शनिवार सुबह करीब चार बजे जब परिजन दुल्हन के साथ घर लौटे, तो घर का मुख्य द्वार सही था, लेकिन अंदर प्रवेश करते ही होश उड़ गए। अलमारी, पेटी और बक्सों के ताले टूटे हुए थे और सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित के अनुसार, चोरों ने करीब 10 लाख रुपये नकद के साथ-साथ सोने-चांदी के गहनों पर हाथ साफ किया है। इनमें बेटी की आगामी शादी के लिए खरीदी गई सोने की चेन, नेकलेस, झुमके, टीका, अंगूठियां और चांदी के विभिन्न जेवरात शामिल थे। आशंका जताई जा रही है कि चोर खिड़की की सलाखें तोड़कर अंदर घुसे थे।



घटना की सूचना मिलते ही फुलवारी शरीफ पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया, जिन्होंने साक्ष्य जुटाए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। स्थानीय लोगों के बीच इस बात की चर्चा है कि इस वारदात के पीछे किसी स्थानीय व्यक्ति की जानकारी हो सकती है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस वैज्ञानिक तरीके से मामले की जांच कर रही है और संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 11 हजार वोल्ट बिजली की चपेट में आने से बिजली कर्मी गंभीर रूप से झुलसा

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)बिजली विभाग की लापरवाही एक बार फिर एक मजदूर की जान पर भारी पड़ गई। कुटुंबा थाना क्षेत्र के कासिमपुर गांव निवासी महमूद आलम रविवार को 11 हजार वोल्ट करंट की चपेट में आकर बुरी



तरह झुलस गया। घायल को आनन-फानन में नवीनगर के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज किया गया है।जानकारी के अनुसार महमूद आलम नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत टंडवा बाजार के समीप बिजली के पोल पर मरम्मत कार्य कर रहा था। मिली जानकारी के अनुसार महमूद आलम बिजली विभाग के संवेदक अनिल सिंह के अंडर में काम करता था। कार्य के दौरान अचानक 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। तेज करंट लगते ही वह पोल से लटक गया और उसका हाथ बुरी तरह जल गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत बिजली बंद कराकर उसे नीचे उतारा।घटना के बाद स्थानीय लोगों और साथी मजदूरों की मदद से महमूद आलम को नवीनगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।ग्रामीणों का आरोप है कि बिना सुरक्षा उपकरण और शटडाउन लिए ही लाइनकर्मियों से काम कराया जा रहा था। संवेदक अनिल सिंह के अंडर में काम करने वाले महमूद को कोई सेफ्टी किट नहीं दी गई थी। इस लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ।

# पटना में ज्वेलरी दुकान में छात्राओं ने की लूट की कोशिश, स्प्रे से किया हमला, फिर चढ़ीं पुलिस के हत्थे

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दीघा थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े लूट की एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ दो नाबालिग छात्राओं ने एक ज्वेलरी दुकान को निशाना बनाया। युवतियों ने दुकानदार पर नशीला स्प्रे छिड़कर गहने लूटने की कोशिश की, लेकिन दुकानदार की तत्परता और स्थानीय लोगों की मदद से उनकी साजिश नाकाम हो गई। पुलिस ने दोनों छात्राओं को गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के अनुसार, दोनों लड़कियां ग्राहक बनकर दीघा स्थित राजेश कुमार की ज्वेलरी दुकान में पहुंचीं। उन्होंने दुकानदार से पहले गहने और फिर सोने के टॉप्स दिखाने को कहा। जैसे ही दुकानदार टॉप्स निकालकर काउंटर पर रखा, युवतियों ने अंगूठी देखने की मांग कर उनका ध्यान भटकाया। दुकानदार जैसे ही अंगूठी निकालने के लिए मुड़ा, एक लड़की ने बैग से नशीला स्प्रे निकालकर उनके चेहरे पर छिड़क दिया। स्प्रे के प्रभाव के बावजूद दुकानदार राजेश कुमार ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने तुरंत गहनों को सुरक्षित किया और दुकान से बाहर निकलकर शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। भीड़ को देखकर दोनों लड़कियां भागने लगीं, जिनमें से एक को लोगों ने दबोच लिया और उसकी धुनाई कर दी। सूचना मिलते ही दीघा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे हिरासत में ले लिया। बाद में पुलिस ने छापेमारी कर दूसरी फरार छात्रा को भी गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में पता चला है कि दोनों छात्राएं इंटरमीडिएट पास हैं और कोचिंग करती हैं। उन्होंने आर्थिक तंगी को लूट का कारण बताया है। थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। शुरूआती जानकारी में पता चला है कि पकड़ी गई एक लड़की के पिता का आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस यह पता लगा रही है कि इस घटना के पीछे किसी गिरोह या अन्य व्यक्ति का हाथ तो नहीं है।



# पटना के गांधी मैदान इलाके में स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद, तस्कर फरार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना में मद्य निषेध विभाग की टीम ने शनिवार शाम बड़ी कार्रवाई करते हुए गांधी मैदान थाना क्षेत्र के रामगुलाम चौक के समीप से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब जब्त की है। शराब को एक स्कॉर्पियो वाहन में छिपाकर रखा गया था। हालांकि, छापेमारी की भनक लगते ही चालक और तस्कर मौके से भागने में सफल रहे।मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम करीब 7:30 बजे मद्य निषेध विभाग की टीम गश्त पर थी। इसी दौरान रामगुलाम चौक के पास सड़क किनारे एक संदिग्ध स्कॉर्पियो (संख्याः BR-21P-7001) खड़ी देखी गई। टीम ने जब वाहन की तलाशी ली, तो उसमें भारी मात्रा में शराब मिली। तलाशी के दौरान वाहन के भीतर से '8 पीएम प्रीमियम ब्लैक व्हिस्की' के 15 कार्टन बरामद किए गए। प्रत्येक कार्टन में 180 मिलीलीटर की 48 बोतलें थीं। इस प्रकार, कुल 129.6 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई है। विभाग के अनुसार, बरामद शराब का अनुमानित बाजार मूल्य करीब एक लाख 56 हजार रुपये आंका गया है। छापेमारी के दौरान वाहन चालक और तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया है और वाहन नंबर के जरिए मालिक की पहचान करने में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वाहन मालिक की पहचान होते ही नेटवर्क के अन्य सदस्यों को भी दबोच लिया जाएगा। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।इस सफल छापेमारी में मद्य निषेध विभाग के अवर निरीक्षक अजीत कुमार, सोनम कुमारी, डब्लू कुमार, विनिता कुमारी, अभिजीत कुमार सहित सिपाही रुद्र यादव, राजकुमार शाह, संदीप कुमार सिंह और प्रदीप कुमार की मुख्य भूमिका रही। फिलहाल, पूरे इलाके में तस्करों की धर-पकड़ के लिए छापेमारी तेज कर दी गई है।



# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बिहार के 2.60 लाख शिक्षकों की बढ़ी चिंता, TRE-4 को लेकर भी आया बड़ा अपडेट

**समाज जागरण गोपालगंज।**

सुप्रीम कोर्ट के एक अहम फैसले के बाद बिहार के करीब 2 लाख 60 हजार से अधिक शिक्षकों की नौकरी को लेकर चिंता बढ़ गई है। सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण होना अनिवार्य किए जाने के बाद राज्य में शिक्षकों के भविष्य को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। वहीं, शिक्षक भर्ती परीक्षा (TRE-4) का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों के लिए भी महत्वपूर्ण अपडेट सामने आया है।

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद राज्य सरकार कानूनी पहलुओं की गंभीरता से समीक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की लीगल टीम न्यायालय के फैसले का अध्ययन कर रही है और सभी कानूनी एवं तकनीकी बिंदुओं पर विचार-विमर्श के बाद ही आगे की रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि इस मुद्दे पर सोमवार को शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और कानूनी विशेषज्ञों के साथ विस्तृत बैठक बुलाई गई है। बैठक के बाद सरकार की ओर से स्पष्ट रुख सामने आने की संभावना है। ऐसे में लाखों शिक्षकों की निगाहें अब सरकार के अगले कदम पर टिकी हुई हैं। इधर, शिक्षक भर्ती परीक्षा TRE-4 को लेकर भी शिक्षा मंत्री ने बड़ा संकेत दिया है। उन्होंने बताया कि TRE-4 बहाली की अधिसूचना जुलाई माह में जारी की जाएगी। इससे नई भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों में उम्मीद जगी है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले और TRE-4 भर्ती प्रक्रिया को लेकर बिहार के शिक्षा जगत में हलचल तेज हो गई है। एक ओर कार्यरत शिक्षकों के सामने नौकरी को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है, तो दूसरी ओर नई भर्ती का इंतजार कर रहे अभ्यर्थी सरकार की आधिकारिक घोषणा का इंतजार कर रहे हैं।

अब सभी की नजर सोमवार को होने वाली समीक्षा बैठक और उसके बाद सरकार द्वारा लिए जाने वाले निर्णय पर टिकी हुई है, जिससे इस पूरे मामले की तस्वीर और स्पष्ट हो सकेगी।

# डीजे मशीन और गाड़ी की बैटरी चोरी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**पंकज कुमार पाठक, समाज जागरण**

पदमा (हजारीबाग)। पदमा ओपी पुलिस ने डीजे मशीन एवं गाड़ी की बैटरी चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पदमा ओपी कांड संख्या 190/26, दिनांक 11 जून 2026, धारा 303(2)/351(2)/3(5) बीएनएस के तहत दर्ज मामले में अभियुक्त विनय कुमार मेहता (30 वर्ष), पिता धनेश्वर प्रसाद मेहता, निवासी दोनईकलां, थाना पदमा ओपी, जिला हजारीबाग को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी गई डीजे मशीन और गाड़ी की बैटरी भी बरामद कर जब्त कर ली है। गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं, इस मामले में संलिप्त एक अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापामारी अभियान चला रही है।




# चारा घोटाले से जुड़े 38 लाख के जेवर फिलहाल नहीं लौटेंगे, झारखंड हाईकोर्ट ने निचली अदालत के आदेश पर लगाई रोक

**समाज जागरण रांची।**

चारा घोटाले से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसमें तत्कालीन पशुपालन विभाग के अधिकारी एस.बी. सिन्हा के घर से जब्त करीब 38 लाख रुपये मूल्य के जेवरात उनके परिजनों को लौटाने का निर्देश दिया गया था। हाईकोर्ट ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका पर सुनवाई करते हुए एस.बी. सिन्हा के पुत्र रवि सिन्हा समेत अन्य पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।




यह मामला चारा घोटाले की जांच के दौरान की गई सीबीआई की छापेमारी से जुड़ा है। जांच एजेंसी ने वर्ष 1999 में एस.बी. सिन्हा के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान लाखों रुपये मूल्य के कीमती आभूषण जब्त किए थे। हाल ही में सीबीआई की विशेष अदालत ने इन जेवरात को उनके परिजनों को वापस सौंपने का आदेश दिया था।

निचली अदालत के इसी आदेश को चुनौती देते हुए सीबीआई ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सीबीआई की ओर से दलील दी गई कि जब्त किए गए आभूषण चारा घोटाले की कथित अवैध कमाई से अर्जित संपत्ति हो सकते हैं, इसलिए मामले के अंतिम निपटारे से पहले इन्हें वापस नहीं किया जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने अदालत को बताया कि 13 और 14 मई 1999 को एस.बी. सिन्हा के आवास से ये जेवरात बरामद किए गए थे। एजेंसी के अनुसार, एस.बी. सिन्हा का निधन वर्ष 1999 में हो गया था, जबकि उनकी पत्नी रमा सिन्हा का निधन वर्ष 2011 में हुआ। सीबीआई ने यह भी कहा कि रमा सिन्हा ने अपने जीवनकाल में इन जेवरात पर स्त्रीधन के रूप में कभी दावा प्रस्तुत नहीं किया था।

हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद फिलहाल जब्त किए गए करीब 38 लाख रुपये मूल्य के जेवरात पर यथास्थिति बनी रहेगी। मामले की अगली सुनवाई में संबंधित पक्षों के जवाब के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

# राज्यसभा चुनाव: एनडीए को 4 वोटों की तलाश, सरयू राय के बयान से झारखंड की सियासत गरमाई

**समाज जागरण रांची।**

झारखंड में 18 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। दो सीटों के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में होने से मुकाबला बेहद रोचक और त्रिकोणीय हो गया है। राजनीतिक दल अपने-अपने विधायकों को एकजुट रखने की कवायद में जुट गए हैं, वहीं संभावित क्रॉस वोटिंग को लेकर भी चचाओं का बाजार गर्म है।

राज्यसभा की दो सीटों के लिए इंडिया गठबंधन की ओर से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने बैद्यनाथ राम और कांग्रेस ने प्रणव झा को उम्मीदवार बनाया है। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए ने अपना प्रत्याशी नहीं उतारा है, लेकिन निर्दलीय उम्मीदवार एवं उद्योगपति परिमल नाथवानी को खुला समर्थन देने की घोषणा की है।

संख्या बल के आधार पर झामुमो की एक सीट लगभग सुरक्षित मानी जा रही है, जबकि दूसरी सीट को लेकर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार और एनडीए समर्थित परिमल नाथवानी के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। वर्तमान में एनडीए के पास 24 विधायकों का समर्थन है, जबकि जीत सुनिश्चित करने के लिए उसे चार अतिरिक्त वोटों की आवश्यकता है। इसी बीच झारखंड के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री सरयू राय के बयान ने राजनीतिक हलकों में खलबली मचा दी है। उन्होंने कहा कि एनडीए को बहुमत के लिए केवल चार वोटों की जरूरत है और विपक्षी खेमे के कुछ विधायक अपनी "अंतरात्मा की आवाज" पर मतदान कर सकते हैं। सरयू राय ने संकेत दिया कि सत्ता पक्ष के 6 से 7 विधायक अपनी शर्तों के आधार पर क्रॉस वोटिंग कर सकते हैं, जिससे चुनावी समीकरण पूरी तरह बदल सकते हैं।

# फर्जी एयरलाइन टिकट बुकिंग के नाम पर अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी का भंडाफोड़, 13 साइबर अपराधी गिरफ्तार

## विदेशी नागरिकों को बनाते थे निशाना, 10 करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन के साक्ष्य मिले

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 13 जून। थाना सेक्टर-63 पुलिस ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी गिरोह का पदार्फाश करते हुए 13 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह फर्जी एयरलाइन टिकट बुकिंग के नाम पर अमेरिका और यूरोप के नागरिकों को ठगी का शिकार बना रहा था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 13 लैपटॉप, 16 मोबाइल फोन, राउटर, हेडफोन तथा अन्य डिजिटल उपकरण बरामद किए हैं।

पुलिस द्वारा संकलित तकनीकी अभिसूचना एवं स्थानीय खुफिया सूचना के आधार पर सेक्टर-63 क्षेत्र में की गई कार्रवाई के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरोह सुनियोजित तरीके से विदेशी नागरिकों को निशाना बनाकर साइबर धोखाधड़ी को अंजाम दे रहा था।



### ऐसे देते थे ठगी को अंजाम

पुलिस के अनुसार अभियुक्त ट्रैवल एवं एयरलाइन टिकट बुकिंग सहायता सेवा के नाम पर गूगल और फेसबुक पर सशुल्क विज्ञापन चलाते थे। विज्ञापन देखकर जब अमेरिका और यूरोप के नागरिक दिए गए नंबरों पर संपर्क करते थे, तो कॉल विशेष डायलर सॉफ्टवेयर के माध्यम से आरोपियों तक पहुंचती थी।

इसके बाद आरोपी स्वयं को एयरलाइन कंपनी अथवा ट्रैवल एजेंसी का प्रतिनिधि बताकर कम कीमत में हवाई टिकट उपलब्ध कराने का झांसा देते थे। विश्वास में लेने के बाद पीड़ितों से भुगतान एवं अन्य व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त कर ली जाती थी।

कई मामलों में फर्जी टिकट भेज दिए जाते थे, जबकि अनेक मामलों में टिकट जारी ही नहीं किए जाते थे। अधिकांश टिकट कई माह बाद की यात्रा के लिए बुक किए जाते थे, जिससे पीड़ितों को धोखाधड़ी का पता देर से चलता था। इस बीच आरोपी अपने मोबाइल नंबर, डिजिटल पहचान और संचालन प्रणाली बदल लेते थे।

### 10 करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन का खुलासा

बरामद डिजिटल उपकरणों की जांच में लगभग 10.50 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 10 करोड़ रुपये) के लेनदेन से जुड़े महत्वपूर्ण साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। साथ ही बड़ी संख्या में विदेशी नागरिकों का डेटा भी बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार यह एक संगठित अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध नेटवर्क प्रतीत होता है।

### उच्च शिक्षित हैं आरोपी

जांच में यह भी सामने आया है कि गिरोह के सदस्य उच्च शिक्षित हैं और अमेरिकी तथा यूरोपीय उच्चारण (एक्सेंट) में धाराप्रवाह बातचीत कर विदेशी नागरिकों का विश्वास जीत लेते थे। इसी कारण बड़ी संख्या में लोग इनके झांसे में आ जाते थे।

### बरामदगी

13 लैपटॉप
16 मोबाइल फोन
01 राउटर
10 माइक्रोफोन-हेडफोन
कूटरचित दस्तावेज
विदेशी नागरिकों का डेटा एवं वित्तीय लेनदेन संबंधी डिजिटल साक्ष्य

पुलिस की कार्रवाई जारी

पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। बरामद डिजिटल उपकरणों की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जुड़े अन्य नेटवर्क और सहयोगियों की तलाश की जा रही है।

# खराब गुणवत्ता पर एसीईओ का सख्त एक्शन, ठेकेदार काली सूची में, पाथवे उखाड़ने के आदेश

## निरीक्षण में मिलीं गंभीर खामियां, उद्यान विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक से हटाया गया कार्यभार

समाज जागरण/संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा, 13 जून। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) श्रीलक्ष्मी वी.एस. ने सेक्टर-3 में उद्यानिकी कार्यों में लापरवाही और विकास कार्यों की खराब गुणवत्ता पर कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित ठेकेदार को काली सूची में डालने तथा उसकी ईएमडी (अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट) जब्त करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मात्र 10 दिन पूर्व निर्मित पाथवे को उखाड़कर दोबारा बनाने का आदेश दिया गया है।

शनिवार को सेक्टर-3 के निवासियों की शिकायत पर एसीईओ ने ए-ब्लॉक स्थित पार्कों एवं उद्यानिक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पार्कों में कई गंभीर खामियां सामने आईं।

निरीक्षण में पाया गया कि पार्कों में घास अत्यधिक बढ़ी हुई थी। आंधी एवं वर्षा के बाद पेड़ों की टूटी शाखाओं को हटाया नहीं गया था। बच्चों के झूले क्षतिग्रस्त अवस्था में मिले। इसके अतिरिक्त पार्क में हाल ही में निर्मित पाथवे की गुणवत्ता भी बेहद खराब पाई गई। पाथवे के किनारे (शोल्डर) की जांच करते ही वह टूट गया, जिससे निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग की आशंका स्पष्ट हुई।



एसीईओ ने यह भी पाया कि पेड़ों के आसपास गुड़ाई नहीं की गई थी, पौधों को समय पर पानी और खाद नहीं दी जा रही थी तथा लंबे समय से छंटाई न होने के कारण पेड़ों की शाखाएं स्ट्रीट लाइट एवं पार्क लाइट को ढंक रही थीं।

खामियों को गंभीरता से लेते हुए एसीईओ ने संबंधित उद्यान ठेकेदार मैसर्स अतर सिंह को काली सूची में डालने और उसकी ईएमडी जब्त करने के निर्देश दिए। वहीं पाथवे निर्माण करने वाली एजेंसी मैसर्स एस.आर. एसोसिएट्स को खराब निर्माण कार्य हटाकर पुनः गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने का आदेश दिया गया।

उन्होंने पाथवे के पुनर्निर्माण कार्य की निगरानी के लिए उप महाप्रबंधक को जिम्मेदारी सौंपी तथा उद्यानिक कार्यों को सहायक निदेशक ज्ञानेंद्र यादव की देखरेख में दो दिन के भीतर पूरा कराने के निर्देश दिए।

उद्यान कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर वरिष्ठ प्रबंधक (उद्यान) रामकुमार को तत्काल प्रभाव से विभागीय कार्यभार से मुक्त कर दिया गया है।

एसीईओ श्रीलक्ष्मी वी.एस. ने स्पष्ट चेतावनी दी कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। यदि किसी परियोजना में मानकों की अनदेखी या गुणवत्ता में कमी पाई गई तो संबंधित ठेकेदारों और अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# सलाम नमस्ते में आयोजित हुई 'करियर एक्सप्रेस' कार्यशाला

## रेडियो प्रसारण एवं मीडिया करियर की बारीकियों से विद्यार्थियों को कराया अवगत

समाज जागरण

नोएडा, 13 जून। आईएमएस नोएडा के सामुदायिक रेडियो स्टेशन 'सलाम नमस्ते' द्वारा युवाओं के कौशल विकास एवं करियर मार्गदर्शन के उद्देश्य से 'करियर एक्सप्रेस' कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष रेडियो कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को रेडियो प्रसारण की संपूर्ण प्रक्रिया, रेडियो जॉकी (आरजे) की भूमिका, वॉयस मॉड्यूलेशन, स्क्रिप्ट लेखन, कार्यक्रम निर्माण तथा ऑडियो रिकॉर्डिंग एवं संपादन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ह्यसलाम नमस्तेह्न की स्टेशन प्रमुख वर्षा छबारिया ने कहा कि रेडियो जनसंचार का एक सशक्त और प्रभावी माध्यम है, जिसमें युवाओं के लिए करियर की अनेक संभावनाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को स्टूडियो संचालन और रेडियो कार्यक्रम निर्माण की व्यावहारिक जानकारी भी दी गई, जिससे उन्हें मीडिया उद्योग की कार्यप्रणाली को निकट से समझने का अवसर मिला।



उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं में संचार कौशल विकसित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा मीडिया क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय की शिक्षिका फाल्गुनी साहू ने बताया कि विद्यार्थियों ने रेडियो प्रसारण की वास्तविक प्रक्रिया को नजदीक से देखा और समझा। कई छात्रों ने रेडियो जॉकी की भूमिका निभाते हुए लाइव एंकरिंग का अनुभव प्राप्त किया तथा स्वयं स्क्रिप्ट प्रस्तुत कर अपनी अभिव्यक्ति क्षमता का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने मीडिया एवं रेडियो क्षेत्र में करियर से संबंधित विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इसके अलावा समूह गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को रेडियो कार्यक्रम तैयार करने का अवसर मिला, जिससे उनकी रचनात्मकता, संचार क्षमता तथा टीम भावना का विकास हुआ।

कार्यशाला के समापन पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं उपयोगी बताया। प्रतिभागियों ने कहा कि इस कार्यशाला ने उन्हें मीडिया जगत को समझने और भविष्य में करियर के नए विकल्पों पर विचार करने के लिए प्रेरित किया है।

# गीता ज्ञान जीवन जीने की कला सिखाता है : मनमोहन वोहरा

## 21 जून को सोना गार्डन में मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : के.के. अरोड़ा

समाज जागरण

गाजियाबाद, 13 जून। अखिल भारतीय ध्यान योग संस्थान (पंजीकृत) के तत्वावधान में नागेश्वर मंदिर पार्क, ए-ब्लॉक, पटेल नगर-द्वितीय में आयोजित छह दिवसीय तृतीय बाल योग संस्कार शिविर का समापन समारोह शनिवार को उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। शिविर में लगभग 40 बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के पदाधिकारियों एवं संयोजकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। संस्थान के संरक्षक लक्ष्मण कुमार गुप्ता ने ओम्-ध्वनि, गायत्री मंत्र एवं सरस्वती वंदना के माध्यम से वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत किया तथा बच्चों से सरस्वती वंदना को कंठस्थ करने का आह्वान किया।

संस्थान के उपाध्यक्ष असील कुमार ने बच्चों को सूक्ष्म व्यायाम, योगासन एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया, जबकि उपाध्यक्ष हरीओम सिंह ने प्राणायाम के महत्व एवं लाभों की जानकारी दी। कोषाध्यक्ष अशोक शास्त्री ने सिंह गर्जना, ताली वादन एवं हास्यासन के माध्यम से प्रसन्नचित्त जीवन का संदेश दिया।



संस्थान के अध्यक्ष कृष्ण कुमार अरोड़ा ने बच्चों को सदैव मुस्कुराते रहने और सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने सभी साधकों एवं अभिभावकों को 21 जून को सोना गार्डन, पांडव नगर में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर योग भारतीय ट्रस्ट, ऋषिकेश के योगऋषि आचार्य नीरज योगी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

उपाध्यक्ष मनमोहन वोहरा ने श्रीमद्भगवद्गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की उत्कृष्ट कला सिखाने वाला मार्गदर्शक ग्रंथ है। उन्होंने बताया कि गीता के 18 अध्याय और 700 श्लोक मानव जीवन के प्रत्येक पक्ष को दिशा प्रदान करते हैं।

शिविर के दौरान बच्चों ने सूर्य नमस्कार एवं विभिन्न योगासनों का आकर्षक प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों की सराहना प्राप्त की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पदक, प्रमाण पत्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

12 वर्ष से कम आयु वर्ग में रुही को प्रथम, तेजस्वी को द्वितीय तथा शानवी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं 12 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में पावकी प्रथम, अंश द्वितीय एवं अनुष्का तृतीय स्थान पर रहीं। सभी विजेताओं को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्रदान किए गए।

# टीएमयू के नमन जैन मिस्टर तो सुष्मिता राणा बनीं मिस फेयरवेल

## टीएमयू के कॉलेज ऑफ कंप्यूटिंग साइंसेज एंड इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी-सीसीएसआईटी में बीटेक एआई, बीटेक आईबीएम और बीटेक डेटा साइंस की फेयरवेल पार्टी- साइन ऑफ 2026

**खास बातें**

*करियर निर्माण को नेतृत्व और मानवीय मूल्यों का होना आवश्यकः प्रो. द्विवेदी*

*बीटेक एआई की वेदिका राणा और रोहन सिंह बने मिस एवम् मिस्टर चार्म*

*सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, प्रतिभा प्रदर्शन और सम्मान समारोह ने बने यादगार*

*ऋद्धि-सिद्धि भवन में स्टुडेंट्स और शिक्षकों ने संजोए अविस्मरणीय पल*

समाज जागरण

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कंप्यूटिंग साइंसेज एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी-सीसीएसआईटी में बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बीटेक आईबीएम और बीटेक डेटा साइंस की फेयरवेल पार्टी- साइन ऑफ 2026 में नमन जैन को मिस्टर फेयरवेल और सुष्मिता राणा को मिस फेयरवेल चुना गया। दूसरी ओर वेदिका राणा को मिस चार्म और रोहन सिंह को मिस्टर चार्म के सम्मान से नवाजा गया। विजेताओं को स्मृति-चिह्न, ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान जूनियर और सीनियर स्टुडेंट्स की ओर से प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। एकल और समूह नृत्य, गायन, कविता पाठ, मनोरंजक प्रस्तुतियों ने पूरे सभागार को उत्साह और आनंद से भर दिया। मिस और मिस्टर की प्रतियोगिता में तीन चरणों- रैंप वॉक, टैलेंट हंट और प्रश्नोत्तरी के जरिए के स्टुडेंट्स के व्यक्तित्व, संप्रेषण कौशल, रचनात्मक सोच, आत्मविश्वास और मंच संचालन क्षमता का मूल्यांकन किया गया।





इससे पूर्व कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके ऋद्धि-सिद्धि भवन में कार्यक्रम का शंखनाद किया।

डीन प्रो. द्विवेदी ने स्टुडेंट्स से कहा, चुनौतियां जीवन का स्वाभाविक हिस्सा हैं। कठिन परिस्थितियां व्यक्ति की वास्तविक क्षमता को उजागर करती हैं। इसलिए असफलताओं से घबराने के बजाए उन्हें सीखने का अवसर समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और उभरती हुई तकनीकें विश्व को नई दिशा देंगी, इसलिए स्टुडेंट्स को नवाचार, अनुसंधान और सतत सीखने की प्रवृत्ति विकसित करनी चाहिए। बीटेक-एआई विभागाध्यक्ष डॉ. मोहन विशाल गुप्ता ने कहा, यूनिवर्सिटी में अर्जित ज्ञान, अनुभव, मित्रता और संस्कार स्टुडेंट्स जीवन की अमूल्य धरोहर हैं। फेयरवेल पार्टी- साइन ऑफ 2026 में बीटेक-एआई के एचओडी डॉ. मोहन विशाल गुप्ता, बीटेक-आईबीएम के एचओडी डॉ. अमित सिंह, बीटेक-डेटा साइंस के एचओडी डॉ. अजय रस्तोगी, क्लास मेंटर्स श्री उमेश चंद्र गरजोला, श्री वरुण कुटन, श्री के.वी. आनंद, डॉ. अमित कुमार, श्री मोहित मिश्रा, डॉ. नूपाराम चौहान, श्री आशीष बिश्नोई, श्री उग्रसेन आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में श्री नवनीत बिश्नोई, डॉ. शालिनी निनोरिया, श्री हरजिंद्र सिंह, डॉ. विशाल मिश्रा, श्री अजय सिंह, श्री निर्पेश चौहान आदि शामिल रहे।

# नोएडा प्राधिकरण जवाब दे : 3597 और 4936 पथ विक्रेताओं के आंकड़ों में 1339 का अंतर क्यों ?

## रेहड़ी-पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन ने उठाए पारदर्शिता और रिकॉर्ड सार्वजनिक करने के सवाल

समाज जागरण

नोएडा, 13 जून। रेहड़ी-पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन ने नोएडा प्राधिकरण द्वारा पथ विक्रेताओं को जारी किए गए वेंडिंग जोन आवंटन और बिक्री प्रमाण पत्रों को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। एसोसिएशन ने प्राधिकरण से आंकड़ों में कथित विसंगति पर स्पष्टीकरण देने की मांग की है।

एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक श्याम किशोर गुप्ता ने बताया कि सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत प्राप्त जानकारी और नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार लगभग 3597 पथ विक्रेताओं का विवरण दर्ज है। जबकि प्राधिकरण के एक आधिकारिक पत्र में 4936 पथ विक्रेताओं को वेंडिंग जोन में आवंटन दिए जाने का उल्लेख किया गया है।

उन्होंने कहा कि दोनों आंकड़ों के बीच 1339 पथ विक्रेताओं का अंतर कई सवाल खड़े करता है, जिनका जवाब सार्वजनिक रूप से दिया जाना चाहिए।

**एसोसिएशन ने उठाए ये प्रमुख प्रश्न**

यदि 4936 पथ विक्रेताओं को वेंडिंग जोन आवंटित किए गए हैं तो वेबसाइट पर केवल 3597 नाम ही क्यों उपलब्ध हैं?

शेष 1339 पथ विक्रेता कौन हैं?

क्या इन 1339 व्यक्तियों को भी बिक्री प्रमाण पत्र अथवा वेंडिंग लाइसेंस जारी किए गए हैं?

यदि प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं तो उनकी सूची सार्वजनिक क्यों नहीं की गई?

क्या सभी आवंटन पथ विक्रेता अधिनियम एवं संबंधित नियमों के अनुरूप किए गए हैं?

पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी लाभार्थियों की सूची सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही?

अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

# माफिया नहीं, अब विकास और बदलाव है आजमगढ़ की नई पहचान

## योगी सरकार ने विकास की मुख्यधारा से जोड़ा आजमगढ़, लगभग एक हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

समाज जागरण

आजमगढ़, 13 जून। कभी अपराध, माफिया और अराजकता के लिए चर्चित रहा आजमगढ़ आज विकास, शिक्षा, संस्कृति और आत्मनिर्भरता की नई पहचान बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जिले में लगभग एक हजार करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर इस परिवर्तन यात्रा को नई गति प्रदान की।

योगी सरकार ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जिले के समग्र और नियोजित विकास पर विशेष ध्यान दिया है। परिणामस्वरूप आजमगढ़ में आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और उद्योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं।

एक दशक पूर्व तक आजमगढ़ की पहचान अपराध और माफिया गतिविधियों से जुड़ी रही। कानून-व्यवस्था की चुनौतियों के कारण आमजन विशेषकर महिलाओं में असुरक्षा की भावना बनी रहती थी। योगी सरकार द्वारा अपराधियों और माफियाओं के विरुद्ध चलाए गए कठोर अभियानों ने जिले में कानून का राज स्थापित किया, जिससे विकास के नए द्वार खुले।

### ओडीओपी योजना से ब्लैक पॉटरी को मिली नई पहचान

आजमगढ़ के निजामाबाद की प्रसिद्ध ब्लैक पॉटरी (काली मिट्टी कला) को मुख्यमंत्री की एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना ने नई ऊर्जा प्रदान की। कभी अस्तित्व के संकट से जूझ रहे इस पारंपरिक उद्योग को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार मिला है। आज सिंगापुर, सऊदी अरब सहित अनेक देशों में इसकी मांग है।

ब्लैक पॉटरी से जुड़े कारीगरों का कहना है कि सरकारी योजनाओं की बदौलत उनकी आय में वृद्धि हुई है और उनके बच्चों को बेहतर शिक्षा एवं भविष्य के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत हजारों कारीगरों को आधुनिक उपकरण एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया है।

### शिक्षा, स्वास्थ्य और कनेक्टिविटी में ऐतिहासिक बदलाव




योगी सरकार के कार्यकाल में आजमगढ़ को कई महत्वपूर्ण संस्थान और परियोजनाएं प्राप्त हुई हैं। महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाएं खोली हैं। इसके अलावा सैनिक स्कूल, संगीत महाविद्यालय, मेडिकल कॉलेज और एयरपोर्ट जैसी परियोजनाओं ने जिले की पहचान को नया आयाम दिया है।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के निर्माण से आजमगढ़ की कनेक्टिविटी मजबूत हुई है, जिससे निवेश और औद्योगिक विकास को भी गति मिली है। जिले में हुए निवेश समझौतों से हजारों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होने की उम्मीद है।

### महिलाओं और युवाओं को मिला आत्मनिर्भरता का अवसर

सरकारी योजनाओं का लाभ महिलाओं और युवाओं तक भी प्रभावी रूप से पहुंचा है। लखपति दीदी योजना के माध्यम से अनेक महिलाओं ने आर्थिक आत्मनिर्भरता प्राप्त की है। वहीं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत युवाओं को ऋण एवं प्रोत्साहन उपलब्ध कराकर स्वरोजगार के नए अवसर दिए जा रहे हैं।



### समावेशी विकास का मॉडल बना आजमगढ़

योगी सरकार का दावा है कि आजमगढ़ का विकास इस बात का उदाहरण है कि यदि शासन की प्राथमिकता समावेशी विकास और सुशासन हो, तो किसी भी क्षेत्र की तस्वीर बदली जा सकती है। आज विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, एयरपोर्ट, संगीत महाविद्यालय, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और विश्वविख्यात ब्लैक पॉटरी आजमगढ़ की नई पहचान बन चुके हैं। कभी माफिया और अपराध की छवि से घिरा यह जिला अब विकास, निवेश, शिक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है।

# ऐसे 5 फर्मेंटेड फूड जिनसे मजबूत होती है गट हेल्थ, डाइट में करें शामिल

**हमारी सेहत का सीधा रिश्ता पेट से जुड़ा होता है. अगर पेट सही न हो तो शरीर में समस्याएं आने लगती हैं. लेकिन वहीं, अगर पाचन तंत्र सही तरीके से काम कर रहा हो तो जरूरी पोषक तत्व भी मिल जाते हैं और इम्यूनिटी सिस्टम भी मजबूत रहता है. इसके अलावा एनर्जी और मूड भी बेहतर रहता है. लेकिन आज कल लोगों की डाइट काफी अनहेल्दी हो गई है. बाहर का जंक फूड खा-खाकर लोगों ने अपनी गट हेल्थ बिगाड़ ली है, जिससे गैस, कब्ज और ब्लोटिंग की समस्या होना आम हो गया है.**

गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए कई ऐसी चीजें हैं जिन्हें आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं, जिनमें सबसे असरदार हैं फर्मेंटेड फूड्स. ये ऐसे फूड्स है जिनमें नेचुरली बैक्टीरिया ( प्रोबायोटिक्स) की संख्या बढ़ती है. जो पाचन को सुधारने में मदद करते हैं. चलिए जानते हैं किन फर्मेंटेड फूड को आप अपनी डाइट में शामिल करके गट हेल्थ को बेहतर बना सकते हैं.




### चेडर चीज़ का करें सेवन

चेडर चीज़ स्वाद में तो लाजवाब होती ही है, साथ ही पोषक तत्वों से भरपूर भी होती है. इसमें प्रोटीन, फैट, कैल्शियम, फास्फोरस और विटामिन के2 भी पाया जाता है. इसमें कैल्शियम होने की वजह से हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाता है. वहीं, विटामिन के5 हार्ट हेल्थ को हेल्दी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. इतना ही नहीं, ये आंतो के कामकाज को भी बेहतर बनाने में हेल्प करता है, जिससे पाचन बेहतर रहता है.

### प्रोबायोटिक अचार भी है लिस्ट में

गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए प्रोबायोटिक अचार भी काफी फायदेमंद होता है. इसमें बैक्टीरिया ( प्रोबायोटिक) होता है जो अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाने का काम करता है. हालांकि, ध्यान रखें कि सिर्फ फर्मेंटेड और नमक के पानी में बने अचार ही प्रोबायोटिक्स प्रदान करते हैं और गट हेल्थ को बेहतर बनाने में हेल्पफुल हैं.



### किमची भी है अच्छा ऑप्शन

किमची पत्ता गोभी के पत्ते से बनी कोरिया की एक बेहद पॉपुलर डिश है. इसे भी फर्मेंट करके बनाया जाता है, जिसकी वजह से इसमें प्रोबायोटिक्स होते हैं जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को बेहतर करते हैं. इसका सेवन करने से कब्ज , गैस और पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है.



### दही भी है फायदेमंद

NCBI की रिसर्च के मुताबिक, दही भी गट हेल्थ को बेहतर बनाने में मददगार है. इसमें मौजूद प्रोबायोटिक अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं. इससे पाचन दुरुस्त होता है और गट माइक्रोबायोम को बैलेंस करता है. दही में मौजूद Lactobacillus और Bifidobacterium इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में हेल्प करते हैं.

### गट हेल्थ के लिए कांजी

कांजी भी गट हेल्थ के लिए एक बेनिफिशियल ड्रिंक है. इसमें नेचुरली प्रोबायोटिक पाए जाते हैं, जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को दुरुस्त करने में मदद करते हैं. इससे पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है. ये ड्रिंक एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर से भरपूर होती है, जो आंत को हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं.

# फेस्टिव सीजन में मिठाई बनाते समय अपनाएं ये टिप्स

**फेस्टिवल सीजन यानी घर में खुशियां, रौनक और सबसे जरूरी मिठाइयों की मिठास. दिवाली से लेकर भाई दूज सभी त्यौहार या किसी खास अवसर पर कुछ लोग घर पर मिठाई बनाते हैं. हालांकि कई बार मिठाइयों का स्वाद या टेक्सचर सही नहीं आता, जिससे पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है. ऐसे में मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.**

धनतेरस से फेस्टिव सीजन की शुरुआत हो जाएगी और भाई दूज तर देशभर में इसकी धूम देखने को मिलेगी. इस दौरान सभी अपनों घरों को डेकोरेट करते हैं. हर खुशी, सौभाग्य और फेस्टिवल के मौके पर लोग एक दूसरे का मुंह मीठा करवाते हैं. सभी तरह के त्यौहार और पूजा में भी मिठाइयां को भाग भगवान को लगाया जाता है और प्रसाद के रूप में यह बहुत महत्वपूर्ण होती है. इसी तरह दिवाली पर भी लोग एक दूसरे से घर मिठाइयां और गिफ्ट्स देने जाते हैं. मिठाइयों की दुकानों में इस दौरान बहुत भीड़ देखने को मिलती है, उसी तरह कई जगहों से मिलावट की खबरें में सामने आती हैं.

मिठाई बनाते समय कुछ मिलावटखोर अपने फायदे के लिए इसमें मिलावट करते हैं. जिसे खाने के बाद व्यक्ति की सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है. ऐसे में कई लोग घर पर मिठाई बनाने के बारे में सोचते हैं. लेकिन मिठाई का टेस्ट सही नहीं आ पाता है. दरअसल कई बार छोटी-छोटी गलतियों की वजह से स्वाद या बनावट खराब हो जाती है. इसलिए मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.




### सही क्वालिटी के इंग्रीडिएंट्स

सबसे जरूरी बात कि मिठाई बनाने में उपयोग किए जाने वाले इंग्रीडिएंट्स जैसे कि दूध, खोया, मावा, घी, बेसन, चीनी और ड्राई फ्रूट्स यह सभी अच्छी क्वालिटी के हों. बासी या फिर खराब इंग्रीडिएंट्स मिठाई का स्वाद बिगड़ सकते हैं. ताजा दूध और मावा, ताजा देसी घी और साफ चीनी का उपयोग करें. आप बिना मसाले वाले गुड़ का भी उपयोग कर सकते हैं.

### सही क्वांटिटी

मिठाई या फिर कोई भी खाने की चीज बनाते समय इंग्रीडिएंट्स को नाप तौल कर डालना बहुत मायने रखता है. सभी को देखकर रेसिपी के अनुसार माप कर ही डालें. कोई चीज ज्यादा या कम होने से स्वाद खराब हो सकता है. जैसे कि लड्डू बनाते समय घी कम डाला को वह सख्त बनेंगे और ज्यादा डालने से वह बहुत ज्यादा सॉफ्ट बन सकते हैं.

### चीनी की चाशनी का सही टेक्सचर

रसगुल्ला, बर्फी, गुलाब जामुन और जलेबी जैसी मिठाइयों के लिए चाशनी जरूर बनाई जाती है. ऐसे में पहले इसे बनाने की विधि को सही से समझें. 1 तार वाली चाशनी का उपयोग गुलाब जामुन, जलेबी और इमरती और मीठी बूंदी के लिए किया जाता है, तो मिठाई चाशनी को एब्जॉर्ब कर लेती हैं. वहीं 2 तार चाशनी यूज , गुझिया, मठरी और शकर पारे में डाला जाते हीं, जो परोसते समय ऊपर चढ़ाई जाती है. 3 तार चाशनी का उपयोग बूरा, बर्फी या बताशे बनाने के लिए किया जाता है.

### खोया या मावा घर पर बनाएं

अगर संभल हो तो खोया या मावा बाजार से लाने की बजाय घर पर बनाएं. यह ज्यादा ताजा और शुद्ध होता है और इससे मिठाई का स्वाद भी बेहतर होगा. दूध को धीमी आंच पर लगातार चलाते हुए गाढ़ा करें. जब तक वह मावे जैसा गाढ़ा न हो जाए, पकाते रहें. ध्यान रखें दूध कढ़ाई पर न चिपके.

### ज्यादा मात्रा में न बनाएं

अगर आप पहली बार कोई मिठाई बना रहे हैं, तो कम मात्रा में बनाएं. इसका स्वाद और टेस्चर चेक करें. इससे इंग्रीडिएंट्स खराब नहीं होंगे और आप उसमें सुधार भी कर सकेंगे. मिठाई को एयरटाइट कंटेनर में रखें. मिठाई बनाते समय बर्तन और किचन की सफाई का विशेष ध्यान रखें.

### अपनाएं ये टिप्स

ज्यादातर मिठाइयों धीमी आंच पर पकाई जाती हैं. जिससे कि उनका स्वाद खराब न हो. खोया या बेसन को भूनते समय आंच कम रखें, वरना यह जल सकता है. घी में तले वाली मिठाइयां जैसे कि गुलाब जामुन को धीमी आंच पर ही तलें, ताकि वो अंदर तक ठीक से पक जाए. इसके साथ ही सही बर्तन का उपयोग करें.